सूर्योदय 7:11 सूर्यास्त 5:30

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 3.4 न्यू | 6.1 अधि |
| धर्मशाला | 4.5 न्यू | 11.3 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 78540.17 |
| निफ्टी | 23753.45 |
| सोना 77,450 | चांदी 91,678 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



पैसे वालों ने राजनीति का ढांचा बिगाड़ा: सतपाल सत्ती

पृष्ठ 3 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | मंगलवार, 24 दिसंबर 2024 | 10 पौष, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 6, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### पूजा खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को पूर्व आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर को सिविल सेवा परीक्षा में कथित धोखाधड़ी और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और दिव्यांग कोटे का गलत लाभ उठाने के लिए उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले में अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति चंद्र धारी सिंह ने याचिका पर फैसला सुनाते हुए कहा कि प्रथम दृष्टया खेडकर के खिलाफ मजबूत मामला बनता है और साजिश का पता लगाने के लिए जांच की जरूरत है। यह संवैधानिक संस्था के साथ-साथ समाज के साथ धोखाधड़ी का एक मामला है।

### भ्रष्टाचार : इमरान-बुशरा के खिलाफ फैसला टला



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की अदालत ने सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी के खिलाफ 19 करोड़ पाउंड के अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले में अपना फैसला छह जनवरी तक के लिए टाल दिया है। भ्रष्टाचार निरोधक अदालत के न्यायाधीश नासिर जावेद राणा ने बुधवार को सुनवाई पूरी कर ली थी, लेकिन उन्होंने फैसला सोमवार के लिए सुरक्षित रख लिया था। न्यायाधीश ने कहा कि आज फैसला नहीं सुनाया जाएगा।

### संभल के क्षेम नाथ तीर्थ में एक और कुआं मिला

**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में शहजादी सराय स्थित क्षेम नाथ तीर्थ में बंद पड़ा एक कुआं मिला है, जिसमें स्वच्छ जल भी मौजूद है। अधिकारी के मुताबिक, तीर्थ स्थल के प्रबंधन से जुड़े लोग इस कुएं को पुनर्जीवित करने के प्रयास में जुट गए हैं। एसडीएम वंदना मिश्रा ने कहा क्षेम नाथ तीर्थ के लोग इस कुएं को पुनर्जीवित करने की कोशिश रहे हैं।

### गुजरात में भूकंप से कांपी धरती, 3.7 रही तीव्रता



**अहमदाबाद।** गुजरात के कच्छ में सोमवार की सुबह 3.7 की तीव्रता से भूकंप के झटके महसूस किए गए। फिलहाल, किसी के हताहत होने की कोई जानकारी नहीं है। यह झटका सुबह के 10.44 बजे महसूस किया गया था। जिले में इस महीने तीन की अधिक तीव्रता से यह दूसरी भूकंपीय झटका है। इससे पहले सात दिसंबर को जिले में 3.2 की तीव्रता से भूकंप के झटके महसूस किए गए थे।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- अंबेडकर अपमान के लिए माफी मांगें अमित शाह : प्रतिभा -पेज 3
- बारूद फैक्टरी के विरोध में उठने लगे स्वर, लोगों की चेतावनी -पेज 6
- हिंसक प्रवृत्ति से उखड़ रही सामाजिक रिश्तों की बुनियाद -पेज 10
- अनुराग ने केजरीवाल के खिलाफ जारी किया 'आरोप पत्र -पेज 13
- वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज जीतने उतरेगी बेटियां -पेज 14


# बर्फ से पहाड़ों का श्रृंगार, मौसम गुलजार

## हिमाचल में तीन माह बाद टूटा ड्राई स्पेल, दो दिन पहले व्हाइट क्रिसमस, बर्फबारी में झूमे पर्यटक

रविंद्र जस्टा, शिमला

**हिमाचल** प्रदेश की ऊंची पहाड़ियों पर बर्फबारी तथा कई मैदानी इलाकों में बारिश होने से तीन माह बाद ड्राई स्पेल टूट गया है। शिमला में सीजन की दूसरी बर्फबारी हुई है। रोहतांग दर्रा, चंबा और लाहौल-स्पीति की ऊंचाई वाली चोटियों में भी बर्फबारी हुई है। कई जगह पर वाहन स्किड हुए हैं। बर्फबारी होने से 2 एनएच, 30 सड़कें और 6 ट्रांसफार्मर ठप हो गए हैं। बर्फबारी होने से अपर शिमला और किन्नौर जिला पूरी तरह राजधानी से कट गए हैं।

शिमला में बर्फबारी होते देख पर्यटकों के चेहरे खिल उठे। पर्यटक दो दिन पहले ही व्हाइट क्रिसमस देखकर खुशी से झूम उठे। अब उन्हें क्रिसमस वाले दिन भी बर्फबारी का इंतजार है। वहीं, पुलिस विभाग ने सैलानियों को बर्फ वाले इलाकों में न जाने की हिदायत दी है। कई जगह बर्फ के बीच पर्यटकों के फंसने की खबर भी है। (अनंत ज्ञान)

**सीजन की दूसरी बर्फबारी कई जगह पर्यटक फंसे**



शिमला में बर्फ के बीच घूमने का आनंद लेते पर्यटक।

**2** एनएच | **30** सड़कें | **6** ट्रांसफार्मर ठप

- अपर शिमला और किन्नौर जिला राजधानी से कटा
- 27 और 28 दिसंबर को बारिश और बर्फबारी की फिर संभावना



### कहां, कितना तापमान

**शिमला** में न्यूनतम तापमान 3.4 डिग्री सेल्सियस, सुंदरनगर में 1.7, भुंतर में 1.0, धर्मशाला में 4.5, ऊना में 2.4, नाहन में 6.5, पालमपुर में 1.5, सोलन में 1.3, मनाली में 1.8, कांगड़ा में 5.0, मंडी में 3.9, बिलासपुर में 4.3, हमीरपुर में 3.3, चंबा में 3.3, जुब्बरहट्टी में 5.4, कुफरी में 0.7, नारकंडा में माइनस 0.4, भरमौर में 2.9, रिकांगपिओ में माइनस 0.4, सेओबाग में 2.5, धौलाकुआं में 4.7, बरठीं में 2.4, पांवटा साहिब में 8.0, सराहन में 3.3, देहरा गोपीपुर में 7.0 और बजौरा में 0.9 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया है।



लाहौल-स्पीति के रालिंग में बर्फबारी के बीच खड़ी गाड़ियां।

### मैदानों में 24 और 25 को कोहरे का अलर्ट

**प्रदेश** में अगले छह दिनों तक शीतलहर जारी रहेगी। मैदानी इलाकों में 24 और 25 को घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है। मंडी, किन्नौर, लाहौल-स्पीति और चंबा के कई इलाकों में पारा शून्य से नीचे पहुंच गया है। सोमवार को ताबो में माइनस 10.2 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया। ऊना, हमीरपुर और बिलासपुर में भी कोहरे के चलते जनजीवन प्रभावित हो रहा है। कड़ाके की ठंड पड़ रही है।

### किसानों और बागवानों के खिले चेहरे, प्रदेश में बढ़ी ठंड

**किसानों** और बागवानों के चेहरे खिल गए हैं। मौसम विभाग के अनुसार, 27 दिसंबर और 28 दिसंबर को बारिश और बर्फबारी की संभावना है। बर्फबारी होने से प्रदेश में ठंड बढ़ गई है। कई जगहों पर 2 से 3 डिग्री तक तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी।

## पंचकूला : बर्थडे पार्टी में फायरिंग, तीन मरे

**पंचकूला।** पंचकूला के होटल सल्तनत में रविवार देर रात को बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग कर तीन लोगों को मौत के घाट उतार दिया। मृतकों में दो युवक और एक युवती शामिल है। ये तीनों होटल में बर्थ-डे पार्टी मना रहे थे। इसी दौरान बदमाशों ने उन पर फायरिंग कर दी, जिसमें तीनों की मौत हो गई।

मृतकों की पहचान विक्की निवासी फरीदाबाद, बिनीत निवासी दिल्ली और निया निवासी हिसार के तौर पर हुई है। तीनों की उम्र 20 से 25 साल के बीच बताई जा रही है। वहीं, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू की।

## पीलीभीत में 3 खालिस्तानी आतंकियों का एनकाउंटर

### गुरदासपुर में पुलिस चौकी पर फेंके थे ग्रेनेड

एजेंसी, पीलीभीत

**पंजाब** के गुरदासपुर में पुलिस चौकी पर ग्रेनेड से हमला करने के मामले में कथित रूप से संलिप्त तीन संदिग्ध आतंकवादी सोमवार को पीलीभीत में उत्तर प्रदेश और पंजाब पुलिस की संयुक्त टीम के साथ हुई मुठभेड़ में मारे गए।

पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने इसे पाकिस्तान प्रायोजित 'खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स' मॉड्यूल के खिलाफ एक बड़ी कामयाबी करार दिया। अपराधियों की पहचान गुरदासपुर के निवासी गुरविंदर सिंह (25),



वीरेंदर सिंह उर्फ रवि (23) और जसनप्रीत सिंह उर्फ प्रताप सिंह (18) रूप में हुई है। मुठभेड़ उत्तर प्रदेश के पीलीभीत के पूरनपुर पुलिस थाना क्षेत्र में हुई। उत्तर प्रदेश पुलिस के अतिरिक्त महानिदेशक (कानून व्यवस्था) अमिताभ यश ने बताया कि तीनों गुरदासपुर में एक पुलिस चौकी पर ग्रेनेड हमले में संलिप्त थे।

## परियोजनाओं में तेजी लाएं अधिकारी: सुक्खू

### मुख्यमंत्री ने की केंद्र प्रायोजित योजनाओं की प्रगति समीक्षा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने समाज कल्याण, अन्य पिछड़ा वर्ग व जनजातीय एवं महिला कल्याण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और कृषि संबंधी केंद्र की ओर से प्रायोजित योजनाओं के क्रियान्वयन और उनकी प्रगति की समीक्षा की।

सीएम ने अधिकारियों को परियोजनाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए। वहीं, नई परियोजनाएं बनाने और इन्हें प्राथमिकता प्रदान करने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने लोगों को इन योजनाओं का अधिकतम लाभ सुनिश्चित करने के लिए इन्हें समयबद्ध पूर्ण करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इससे इन परियोजनाओं की लागत वृद्धि से बचा जा सकता है और इससे प्रदेश के विकास को भी गति मिलेगी। सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रदेशवासियों को घर-द्वार के निकट सर्वोत्तम सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्राथमिकता से कार्य कर रही है और अधिकारियों को लक्षित समुदायों के कल्याण के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ कार्य करना चाहिए।



योजनाओं की प्रगति को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते सीएम सुक्खू।

### वन क्षेत्रों में 60 फीसदी फलदार और औषधीय पौधे लगाएं

**शिमला।** सुक्खू ने कहा कि 2061 वन मित्रों की भर्ती प्रक्रिया मेरिट के आधार पर पूर्ण कर ली है। इन वन मित्रों की नियुक्ति से अवैध कटान पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। वन विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार वन विभाग को सुदृढ़ बना रही है, ताकि बेहतर कार्यप्रणाली सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि 2021 की तुलना में 2023 तक राज्य का वन क्षेत्र लगभग 55 वर्ग किलोमीटर बढ़ा है। उन्होंने वन क्षेत्रों में 60 प्रतिशत फलदार और औषधीय पौधे लगाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## मटौर कॉलेज के पास नाले में मिला मोर्टार शैल



पुनीत शर्मा, धर्मशाला

**कांगड़ा** जिले के मटौर कॉलेज के पास नाले में मोर्टार शैल मिला है, जिससे पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। सोमवार सुबह खेत के मालिक विनोद कुमार ने डम्मी शैल को देखा और प्रधान कैप्टन निर्मल सिंह को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर इसकी सूचना सेना को दी। जांच में यह डम्मी प्रैक्टिस शैल पाया गया। सेना प्रैक्टिस के दौरान इसका प्रयोग करती है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वीर बहादुर ने बताया कि पुलिस को मोर्टार शैल मिलने के बारे में सूचना मिली थी। जांच में यह डम्मी प्रैक्टिस शैल पाया गया। उन्होंने कहा कि लोगों को डरने की कोई जरूरत नहीं है। (अनंत ज्ञान)

## ऊना में जेई रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**ऊना।** जिले में विजिलेंस ने नगर परिषद के कनिष्ठ अभियंता (जेई) को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। विजिलेंस टीम ने शिकायत के आधार पर नगर पंचायत बसदेहड़ा (मैहतपुर) के जूनियर इंजीनियर की गिरफ्तारी को जाल बिछाया। आरोपी ने शिकायतकर्ता से 50 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की थी। कि शिकायतकर्ता ने 20 हजार की रकम सोमवार ही उसको दी। इससे पहले यह जानकारी विजिलेंस को दी। ठेकेदार ने 20 हजार जेई को दिए, उसी समय विजिलेंस ने उसे रिश्वत की राशि के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार जेई शरीफ मोहम्मद पांच साल से नगर पंचायत बसदेहड़ा में तैनात था। वह सोलन जिले के नालागढ़ का रहने वाला है।

## ऊना में बाप-बेटे की गोली मारकर हत्या

### जमीनी विवाद से जुड़ा मामला, सुबह दोनों पक्षों में हुआ था लड़ाई-झगड़ा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

**ऊना** जिले के हरोली उपमंडल के तहत भदसाली पंचायत में बाप-बेटे की बीच सड़क में गोलियां मारकर हत्या कर दी। मृतक पंचायत की प्रधान के पति और पुत्र हैं।



मृतकों की पहचान संजीव कुमार (51) पुत्र जागीर सिंह और रविंद्र कुमार (26) के रूप में हुई है। यह मामला आपसी रंजिश और जमीनी विवाद से जुड़ा है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया है। धर्मशाला से पहुंची सीएफएसएल की टीम ने भी साक्ष्य जुटाए हैं। जानकारी के अनुसार, पिता और पुत्र पर बीच सड़क गोलियां चलाई गईं, जिसके चलते वे गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से क्षेत्रीय अस्पताल ऊना पहुंचाया गया, जहां दोनों की मौत हो गई। दोनों पक्षों में सोमवार को झगड़ा हुआ था, जिसमें सेवानिवृत्त नायब तहसीलदार रमेश कुमार के परिजनों ने संजीव कुमार की पत्नी सरोज से लड़ाई-झगड़ा किया और पिटाई कर दी। कुछ देर बाद संजीव कुमार के परिजनों ने रिटायर्ड नायब तहसीलदार की पिटाई कर दी। विवाद इतना बढ़ा कि गुस्साए रमेश कुमार के पुत्र देशदीप ने भदसाली बाजार में गाड़ी रोककर प्रधान के पति संजीव कुमार व पुत्र रविंद्र कुमार पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी, जिससे दोनों घायल हो गए थे।

अस्पताल में पहुंची सरोज ने बताया कि जमीनी विवाद के चलते उनके गांव के एक व्यक्ति ने कुछ अन्य लोगों के साथ मिलकर उनके बेटे और पति पर बीच सड़क गोलियां चला दीं।

> **पुलिस** ने गोलीकांड के आरोपियों की शिनाख्त कर ली है और उन्हें जल्द सलाखों के पीछे धकेल दिया जाएगा। मामले को लेकर मृतकों के परिजनों सहित अन्य ग्रामीणों के बयान दर्ज किए जाएंगे।
>
> -राकेश सिंह, एसपी, ऊना

## बांग्लादेश ने हसीना के प्रत्यर्पण की उठाई मांग

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने सोमवार को कहा कि उसने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को ढाका वापस भेजने के लिए भारत को एक राजनयिक संदेश भेजा है। हसीना पांच अगस्त से भारत में निर्वासन में रह रही हैं। वह छात्रों के नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शनों के बीच प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देकर देश छोड़कर भारत आ गई थीं। इसके साथ ही लगातार 16 साल से जारी उनके शासन का अंत हो गया था।

ढाका स्थित अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने 'मानवता के खिलाफ अपराध और नरसंहार' के लिए हसीना और उनकी कैबिनेट में शामिल मंत्रियों, सलाहकारों और प्रशासनिक अधिकारियों के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं।

**रोजगार मेला** पिछले डेढ़ साल में युवाओं को 10 लाख सरकारी नौकरियां दीं, यह बहुत बड़ा रिकॉर्ड: मोदी

## पीएम ने 71,000 युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र

एजेंसी, नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से 'रोजगार मेला' के तहत सरकारी विभागों और संगठनों में चयनित 71,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

पीएम ने कहा कि आज आपके जीवन की नई शुरुआत हो रही है। आपकी वर्षों की मेहनत सफल हुई है। 2024 का यह साल आपको और आपके परिजनों को नई खुशियां देकर जा रहा है। मैं आप सभी को बधाई देता हूं। पिछले दस सालों से सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और संस्थाओं में सरकारी नौकरी देने का अभियान चल रहा है। आज भी 71,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि बीते डेढ़ साल में करीब दस लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है। यह बहुत बड़ा रिकॉर्ड है। आज भारत का युवा, नए आत्मविश्वास से भरा हुआ है और हर सेक्टर में अपना परचम लहरा रहा है। भारत के युवाओं की क्षमता और प्रतिभा का पूरा उपयोग हमारी सरकार की प्राथमिकता है।




### भारत हर क्षेत्र में छू रहा प्रगति की नई ऊंचाइयां

**पीएम** ने कहा कि अंतरिक्ष से लेकर रक्षा तक, पर्यटन से लेकर वेलनेस तक, आज भारत हर क्षेत्र में प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। राष्ट्र में सच्चा विकास सुनिश्चित करने के लिए हमें 'युवा प्रतिभा' को निखारने की जरूरत है और यह जिम्मेदारी वास्तव में शिक्षा प्रणाली पर है। पहले पाबंदियों के कारण जो शिक्षा व्यवस्था छात्रों पर बोझ बन जाती थी, वो अब उन्हें नए विकल्प दे रही है। अटल टिंकरिंग लैब्स और आधुनिक पीएम श्री स्कूलों के जरिए बचपन से ही इनोवेटिव माइंडसेट को गढ़ा जा रहा है। आज यहां हजारों बेटियों को भी नियुक्ति पत्र दिए गए हैं।

### 2047 तक पूरा करेंगे विकसित भारत का संकल्प

मोदी ने आगे कहा कि भाषा एक समय हाशिए पर रहने वाले समुदायों के लिए शिक्षा में एक महत्वपूर्ण बाधा थी। हालांकि, हमने इस अंतर को पाटने के लिए अपनी नीतियों में क्रांति ला दी है। आज छात्र 13 भाषाओं में से किसी एक में परीक्षा देना चुन सकते हैं। भारत ने 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लिया है। हमें इस संकल्प पर भरोसा है इस लक्ष्य की प्राप्ति का विश्वास है। आज भारत का युवा नए आत्मविश्वास से भरा हुआ है और वह हर सेक्टर में अपना परचम लहरा रहा है।

## केंद्र ने की 'नो डिटेंशन पॉलिसी' खत्म

### 5वीं-8वीं के बच्चे नहीं होंगे प्रमोट, 2 माह में दोबारा देना होगा एग्जाम

एजेंसी, नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने सोमवार को 'नो डिटेंशन पॉलिसी' खत्म कर दी है। अब 5वीं और 8वीं क्लास के एग्जाम में फेल होने वाले स्टूडेंट्स को अब पास नहीं किया जाएगा। पहले इस नियम के तहत फेल होने वाले स्टूडेंट्स को दूसरे क्लास में प्रमोट कर दिया जाता था।

केंद्र सरकार की नोटिफिकेशन के मुताबिक, फेल होने वाले स्टूडेंट्स को 2 महीने के अंदर दोबारा परीक्षा देने का मौका दिया जाएगा। अगर दोबारा फेल होते हैं, तो उन्हें प्रमोट नहीं किया जाएगा, बल्कि जिस क्लास में पढ़ रहे थे उसी में दोबारा पढ़ाई करनी होगी। सरकार ने इसमें एक प्रावधान भी जोड़ा है कि 8वीं तक के ऐसे बच्चे को स्कूल से निकाला नहीं जाएगा।



### 16 राज्यों में पहले से लागू है पॉलिसी

**केंद्र** सरकार की नई पॉलिसी का असर केंद्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों और सैनिक स्कूलों सहित करीब 3 हजार से ज्यादा स्कूलों पर होगा। 16 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों (दिल्ली और पुडुचेरी) ने पहले ही नो-डिटेंशन पॉलिसी को खत्म कर दिया है। शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक, स्कूली शिक्षा राज्य का विषय है, इसलिए राज्य इस संबंध में अपना निर्णय ले सकते हैं।

### क्या है नो डिटेंशन पॉलिसी

**शिक्षा** के अधिकार अधिनियम की नो-डिटेंशन पॉलिसी के मुताबिक किसी भी छात्र को तब तक फेल या स्कूल से निकाला नहीं जा सकता, जब तक वह क्लास 1 से 8 तक की प्राथमिक शिक्षा पूरी नहीं कर लेता। क्लास 8 तक के सभी स्टूडेंट्स को परीक्षा मे फेल होने के बाद भी अगले क्लास में प्रमोट करने का प्रावधान है।

## न्यूज ब्रीफ

### कोट में वित्तीय साक्षरता जागरूकता शिविर आयोजित



अनंत ज्ञान , भोरंज। उपमंडल भोरंज के तहत कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा भोरंज स्थित तरक्वाड़ी की ओर से कोट गांव में वित्तीय साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता बैंक प्रबंधक जितेंद्र कुमार ने की। इस दौरान उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जाने वाली विभिन्न योजनाओं जिसमें प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, इंटरनेट बैंकिंग, डिजिटल बैंकिंग के विवेकपूर्ण उपयोग के साथ-साथ साइबर फ्रॉड तथा इससे कैसे सतर्क रहना चाहिए, के बारे में विस्तार से बताया, साथ ही साथ बैंक द्वारा जारी सभी ऋणों के बारे में लोगों को अवगत करवाया। प्रमुखतः कृषि ऋण के प्रयोग और लाभों को शिविर में अभी से साझा किया। इस अवसर पर बैंक अधिकारी रोहित कुमार, रंजू बाला, अनिल कुमार, तथा साई स्वयं सहायता समूह, ओम स्वयं सहायता समूह, संतोषी स्वयं सहायता समूह के सदस्य उपस्थित थे।

### स्वामी श्रद्धानंद के बलिदान दिवस पर किया हवन



नादौन। डीएवी भड़ोली में अमर शहीद स्वामी श्रद्धानंद का बलिदान दिवस श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। विद्यालय में वैदिक रीति से हवन हुआ हवन में सभी अध्यापक और अध्यापिकाओं ने आहुति डालकर श्रद्धांजलि दी। स्कूल के प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने बताया कि स्वामी जी महान समाज सुधारक, स्त्री शिक्षा के प्रबल पक्षधर थे। महर्षि दयानंद के सत्संग से उनके जीवन की दिशा बदल गई थी। वह महान देशभक्त और आर्य समाज के प्रति पूरी तरह समर्पित थे। कन्याओं की शिक्षा के लिए पाठशालाएं खोलीं, गुरुकुल कांगड़ी की स्थापना की। शुद्धि आंदोलन चलाया। उन्होंने पूरा जीवन धर्म, राष्ट्र, राष्ट्रभाषा और जनता की सेवा में अर्पित कर दिया। हमें उनके आदर्श जीवन से प्रेरणा लेकर समाज व राष्ट्र की सेवा में अपना बहुमूल्य योगदान देना चाहिए। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

### नई पंचायत में न मिलाने को लेकर सौंपा ज्ञापन



अनंत ज्ञान, हमीरपुर। गलोड़ तहसील के तहत बाहल, जंदरोह, कुठेड़ा के ग्रामीणों ने उपायुक्त हमीरपुर अमरजीत से मिलकर नई पंचायत में मिलाने का विरोध किया। ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान में वे सरेड़ी पंचायत में आते हैं व नई पंचायत में न मिलाया जाए। ग्रामीणों ने बताया कि नई पंचायत में शामिल न होने बारे पंचायत प्रधान को भी पत्र लिखा गया है। ग्रामीणों ने बताया कि 29 नवंबर को भी उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपा था जिसपर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था। उन्होंने बताया कि सभी ग्रामीण अनुरोध करते हैं कि हमारी परेशानियों को दखते हुए नई पंचायत में न मिलाया जाए और पुरानी पंचायत में ही रहने दिया जाए। उन्होंने बताया कि नई पंचायत इतनी दूर है कि ग्राम वासी को कम से कम 500 रुपए गाड़ी का दूसरी जगह पहुंचने के लिए देना पड़ेगा और हमें पंचायत घर भी दूर पड़ता है। उन्होंने उपायुक्त से विनम्र अनुरोध किया कि हमें न्यायालय का सहारा लेने के लिए मजबूर न किया जाए।

### शिक्षा ज्योति स्कूल के मेधावियों का सम्मान



अनंत ज्ञान, भोरंज। नगर एवं ग्राम नियोजन (टीसीपी), आवास, तकनीकी शिक्षा, वोकेशनल एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने शिक्षा ज्योति पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल रूहान कैहरवीं चैक के वार्षिक उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन, विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए राजेश धर्माणी ने कहा कि बच्चों को क्वालिटी एजुकेशन प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार बड़े कदम उठा रही है और शैक्षणिक ढांचे में व्यापक बदलाव ला रही है।

## जाहू में पैराग्लाइडिंग के लिए पांच जगहों में तलाशी संभावनाएं

एसके शर्मा, जाहू

भोरंज विधानसभा क्षेत्र के तीन जिलों हमीरपुर, बिलासपुर और मंडी के संगम स्थल जाहू में भोरंज के विधायक सुरेश कुमार के प्रयास से पैराग्लाइडिंग की संभावनाओं के तलाशने के लिए पहली बार ट्रायल सफलतापूर्वक किया गया है। अटल बिहारी पर्वतारोहण संस्थान मनाली (कुल्लू) की तकनीकी टीम ने पायलट के साथ जाहू में खेल मैदान में उड़ान भर कर सफल लैंडिंग की। इस एतिहासिक ट्रॉयल के बाद अटल बिहारी पर्वतारोहण संस्थान की टीम ने पैराग्लाइडिंग के लिए संभावना तलाशने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

संस्थान के निदेशक कम चेयरमैन अविनाश नेगी की अगुवाई में पायलट एवं अनुदेशक गिमनर सिंह व टीम ने जाहू खेल मैदान, कांगु घट्टी व आसपास की करीब 5 जगहों में पैराग्लाइडिंग के लिए तलाश की गई। अविनाश नेगी ने बताया कि जाहू तीन जिलों का संगम स्थल होने के कारण पर्यटन के लिए अपार संभावनाएं हैं। पैराग्लाइडिंग के लिए तलाशी गई जगहों की विस्तृत रिपोर्ट तैयार करके पर्यटन विभाग को भेजी जाएगी। उन्होंने बताया कि पैराग्लाइडिंग पहाड़ी व मैदानी क्षेत्र में की जा सकती है। समतल व मैदानी क्षेत्र में पैराग्लाइडिंग मशीन के दौरा उड़ाया जा सकता है। इसी तरह पहाड़ी क्षेत्र से मैदानी क्षेत्र की ओर उड़ान भरी जा सकता है। हिमाचल प्रदेश में कुल्लू, मनाली, कांगड़ा, चंबा और लाहौल-स्पीति में पैराग्लाइडिंग बेरोजगारों युवाओं के लिए रोजगार प्रदान कर रहा है तथा इससे पर्यटकों को भी साहसिक खेलों में भाग लेने का मौका मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भोरंज विधायक सुरेश कुमार ने निर्देश पर जाहू में 5 जगहों की तलाश की गई है।

भोरंज विधायक सुरेश कुमार का कहना है कि भोरंज विधानससभा क्षेत्र में पर्यटन की संभावनाओं को तलाशने का कार्य किया जा रहा है। इसी उद्देश्य को लेकर जाहू में टीम ने पैराग्लाइडिंग की संभावनाएं तलाशी हैं। पैराग्लाइडिंग निरीक्षण टीम के साथ जाहू पंचायत के पूर्व प्रधान चमन लाल भी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

**अटल बिहारी पर्वतारोहण संस्थान की टीम के देखे अलग-अलग स्थान**

# मेडिकल कॉलेज में अव्यवस्थाओं का आलम

## कुर्सियां टूटीं; कहां बैठें बुजुर्ग मरीज, एक महीने से नहीं हो रहे गर्भवती महिलाओं के अल्ट्रासाउंड

रवि ठाकुर, हमीरपुर







राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में मेडिसिन और ऑर्थोपेडिक (ऑर्थो) ओपीडी में अव्यवस्थाओं के कारण मरीजों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन ओपीडी के बाहर लगी अधिकांश कुर्सियां टूटी हुई हैं, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को घंटों खड़े रहकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है।

मेडिकल कॉलेज में आने वाले ज्यादातर मरीज वृद्ध और गंभीर रूप से बीमार होते हैं, जिन्हें खड़े रहना मुश्किल होता है। खासतौर पर बुजुर्ग महिलाएं और हड्डी रोग के मरीज असहाय नजर आते हैं। इन मरीजों को न केवल अपनी बीमारी से जूझना पड़ता है, बल्कि लंबे समय तक खड़े रहना भी उनकी परेशानी को दोगुना कर देता है। स्थानीय निवासी और मरीजों ने बताया कि अस्पताल प्रशासन की इस लापरवाही से उन्हें हर दिन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। यहां बैठने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है, जो कुर्सियां लगी हैं, वे भी टूटी हुई हैं।

प्रशासन को इस पर ध्यान देना चाहिए, एक मरीज ने अपनी यह पीड़ा व्यक्त की। अस्पताल आने वाले मरीजों की संख्या भी दिन प्रतिदिन बढ़ रही है, ऐसे में सुविधाओं की कमी और व्यवस्था की अनदेखी प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े करती है। कई बार मरीज और उनके परिजन अस्पताल प्रबंधन से इस समस्या की शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

मरीजों ने मांग की है कि अस्पताल प्रशासन जल्द से जल्द कुर्सियां और बैठने की अन्य सुविधाओं को ठीक करे, ताकि उन्हें अपनी बारी का इंतजार आराम से करने का अवसर मिले, साथ ही, भीड़ को नियंत्रित करने और व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए अतिरिक्त स्टाफ की तैनाती की जाए। मेडिकल कॉलेज जैसे बड़े संस्थान में इस तरह की अनदेखी न केवल मरीजों की परेशानी को बढ़ा रही है, बल्कि प्रशासन की उदासीनता को भी उजागर कर रही है। उम्मीद है कि संबंधित अधिकारी जल्द ही इस समस्या का समाधान करेंगे। (अनंत ज्ञान)

### जल्द समस्याओं का समाधान करने की मांग

मेडिकल कॉलेज में पिछले एक महीने से गर्भवती महिलाओं के लिए अल्ट्रासाउंड भी नहीं हो रहे है जिसके कारण दूर-दराज से आने वाली महिलाओं को निजी क्लीनिक का सहारा लेना पड़ रहा है। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि तकनीकी कारणों से यह सुविधा बाधित है और जल्द ही इसे बहाल करने के प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं, मरीजों और उनके परिजनों का कहना है कि इतनी महत्वपूर्ण सेवा के बंद होने से गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच बाधित हो रही है, स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों ने प्रशासन से मांग की है कि इस समस्या का जल्द समाधान किया जाए ताकि मरीजों को राहत मिल सके।

> अस्पताल की ओपीडी के बाहर मरीजों को बैठने के लिए स्थापित कुछ बैंच व कुर्सियां खराब हो गई हैं, जिन्हें हटाकर बैठने के लिए नई व्यवस्था की जाएगी। जो रिपेयर करने के लायक हैं, उनकी रिपेयर की जाएगी। पुलिस पोस्ट के लिए कमरे की व्यवस्था कर दी गई है। शीघ्र ही पुलिस पोस्ट खुल जाएगी।
>
> **डॉ. रमेश भारती, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज हमीरपुर।**

## अनुसंधान नवाचार के लिए छात्रों को किया प्रेरित

अनंत ज्ञान, नादौन। राजकीय महाविद्यालय धनेटा में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में डॉ. जीसी राणा, प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय धनेटा ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई।

डॉ. राणा ने गणित के महत्व और इसके विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को गणित के क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों ने गणित के महत्व और इसके अनुप्रयोगों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि गणित हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसके अनुप्रयोग विभिन्न क्षेत्रों में होते हैं। राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन गणित के महत्व को बढ़ावा देने और छात्रों को गणित के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए किया गया है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य, प्रोफेसर और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## करियर प्वाइंट विवि व शिक्षुता प्रशिक्षण बोर्ड के बीच हुआ करार



अनंत ज्ञान, हमीरपुर। करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश ने शिक्षुता प्रशिक्षण बोर्ड उत्तर क्षेत्र कानपुर के साथ एमओयू साइन किया है। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार गुलशन संधू ने बताया कि जो एमओयू साइन किया, इससे रिसर्च के क्षेत्र में परस्पर सहयोग को बढ़ावा देना और मजबूत अकादमिक आधार तैयार करना है।

इस एमओयू के तहत विश्वविद्यालय में पढ़ाई कर रहे छात्र शिक्षुता प्रशिक्षण बोर्ड के साथ अनुबंधित कंपनियों के साथ अपनी ट्रेनिंग कर सकते हैं। शिक्षुता एम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम का उद्देश्य स्नातक छात्रों की रोजगार क्षमता को बढ़ावा देना, उद्योगों और उच्च शिक्षा संस्थानों के बीच सक्रिय संबंध स्थापित करना, और छात्रों में कौशल अंतर को दूर करना है।

## पैरवीं गांव के दंपती ने लिया देहदान का संकल्प, प्रिंसिपल पद से सेवानिवृत्त हुए थे करतार

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर

हमीरपुर जिले के पैरवीं गांव से ताल्लुक रखने वाले दंपती ने देहदान का संकल्प लिया है। करीब 5 साल पहले सीनियर सेकेंडरी स्कूल महारल से प्रिंसिपल के पद से सेवानिवृत्त हुए करतार सिंह ढिल्लों और उनकी पत्नी निर्मला ढिल्लों ने दो दिन पहले इस सिलसिले में सारी औपचारिकताएं पूरी करके स्वास्थ्य विभाग को दे दी हैं।

बिझड़ी के पैरवीं गांव के रहने वाले करतार सिंह का कहना है कि देहदान की यह इच्छा अचानक ही नहीं, बल्कि उन लोगों की प्रेरणा का स्रोत है, जो पहले ही देहदान करने का संकल्प कर चुके हैं। तीन बेटियों और एक बेटे के पिता करतार सिंह का कहना है कि उनके मंडी जिला के गोहर से



ताल्लुक रखने वाले उनके कुड़म दंपती ने भी कुछ समय पहले देहदान की घोषणा की थी। इसके अलावा बल्ह बिहाल से ताल्लुक रखने वाले नारायण सेवा समिति के पांच साल तक अध्यक्ष रहे दीनानाथ वर्मा से भी प्रेरणा मिली।

उन्होंने कुछ समय पहले देहदान कि जब इच्छा जताई और यह पूछा कि यह प्रक्रिया कहां से मकम्मल होगी, तो उन्होंने ही दीनानाथ वर्मा का संबंधित फार्म भरा। इन्हीं दो प्रेरणादायक घटनाओं ने मुझे भी मोटिवेट करने का काम किया। वे कहते हैं कि मानव जीवन अपने लिए नहीं, बल्कि अपने जीवन के साथ-साथ अन्य जीवों के लिए भी बनाया गया है। जिस व्यक्ति ने जरूरतमंदों की जरूरत को पूरा नहीं किया, प्राणियों को अन्न नहीं खिलाया और बीमार व्यक्ति की सेवा नहीं की, उसका जीवन सार्थक नहीं है। देहदान का मुख्य उद्देश्य तो इस शरीर को प्रशिक्षु चिकित्सकों को अध्ययन करने के लिए व जो अंग शरीर के किसी और इंसान के काम आ जाएं तो इस से बड़ा और क्या दान हो सकता है।

इस शरीर को जलाना, दफनाना, राख करना है, जो किसी काम नहीं आता। हमारे जाने के बाद भी हमारी आंखों से कोई देख सके, गुर्दा, लीवर, हड्डियां या और कोई अच्छी हालत का अंग किसी को जीवन में काम आ जाए, तो बेहतर होगा। (अनंत ज्ञान)

### बेटे-बहू की सहमति से उन्हें मिला आत्म बल

ढिल्लों का बेटा विशाल ढिल्लों बैंक में मैनेजर है। उनकी बहू जागृति गुप्ता नेरी में साइंटिस्ट हैं, जबकि तीनों बेटियों में एक किरण शिमला में लेक्चरर, अनुपमा डीएवी धर्मशाला में लेक्चरर और सीमा ऊना जिले के अंब में टीचर के पद पर कार्यरत हैं। वे बताते हैं कि बेटा विशाल ढिल्लों और बहू जागृति गुप्ता की इसमें सहमति ली गई, वहीं से उन्हें और आत्म बल मिला।

## नपं अध्यक्ष ने शहर के विकास कार्यों की प्रगति बारे मुख्यमंत्री से की मुलाकात



नादौन। नादौन शहर में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति बारे नगर पंचायत अध्यक्ष शम्मी सोनी ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मुलाकात की तथा उन्हें शहर को 24 घंटे पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए चल रहे कार्य सहित बस स्टैंड के पास बन रहे खेल परिसर के कार्य बारे फीडबैक दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अन्य कार्यों बारे भी जानकारी ली। शम्मी सोनी ने बताया कि शहर में चल रहे विकास कार्यों तथा आगामी निकासात्मक गतिविधियों तथा योजनाओं बारे मुख्यमंत्री ने जरूरी दिशा-निर्देश दिए। सोनी ने बताया कि मुख्यमंत्री पूरी तरह प्रयासरत हैं ताकि नादौन शहर का चरणबद्ध तरीके से विकास करवाया जा सके। सोनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नादौन शहर को एक भव्य स्वरूप देना चाहते हैं और उन्होंने आश्वस्त किया है कि शहर के विकास तथा सौंदर्यीकरण के लिए हरसंभव सहायता की जाएगी और इस कार्य में किसी भी तरह की कोई भी कमी नहीं आने दी गएगी।

## वाजपेयी की जयंती को देश और प्रदेश में सुशासन दिवस के रूप में मनाएगी भाजपा

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। प्रदेश मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र संयोजक सुमित शर्मा ने बताया कि भाजपा 25 दिसंबर को सुशासन दिवस व 26 दिसंबर को वीर-बाल दिवस को प्रदेश के हरेक मंडल में मनाने की रूपरेखा को तैयार कर लिया है। 25 दिसंबर को अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देशों के तहत एवं राज्य अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल की अगुवाई में इस कार्यक्रम को आयोजित किया जाएगा। हर बूथ में पूर्व पीएम अटल की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। सुमित ने बताया कि 26 दिसंबर को देशभर में वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाएगा। सुमित ने बताया कि राज्य के 171 मंडलों में दोनों कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें उनके चित्रों पर माल्यापर्ण करके उनके साहसिक व निर्भीक जीवनी का कथन, मार्ग व दिशा पर चलने के लिए समाज को प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सफल आयोजन के लिए संसदीय स्तर के प्रत्येक जिले में उपरोक्त दोनों कार्यक्रमों के लिए संयोजक व सह संयोजक की नियुक्त कर दी गई है। संसदीय क्षेत्र के कुल 34 मंडल व 1789 बूथ स्तर तक अन्य पदाधिकारियों को जोड़कर सफल आयोजन के लिए निर्देशित किया गया है। इस मौके पर प्रदेश सचिव राजेश ठाकुर, जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा, जिला महामंत्री शाम मन्हास, जिलाध्यक्ष संजीव कुमार व नीरज इत्यादि मौजूद रहे।




## 12.63 लाख रुपए चुराने पर आरोपी महिला को 5 दिन का पुलिस रिमांड

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

जिला हमीरपुर नगर परिषद के वार्ड नंबर 4 शिवनगर में पिछले बुधवार को दिन में हुई लाखों की चोरी मामले में सदर पुलिस को अहम कामयाबी हासिल हुई है। एसएचओ सदर बाबू राम शर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने इस मामले को 5 दिन में सुलझाकर आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी महिला को आज हमीरपुर न्यायालय में पेश किया गया, जहां उसे 5 दिन का पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। एसपी हमीरपुर भगत सिंह ठाकुर ने कहा कि सदर बाबू राम शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम सीसीटीवी फुटेज और कुछ अन्य साक्ष्य के आधार पर आरोपी महिला तक पहुंची और उसे गिरफ्तार किया। उन्होंने कहा कि आज महिला आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। इस दौरान उसे महिला को 5 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। उन्होंने कहा कि फिलहाल महिला के पास से 53,200 नकद मिले हैं, जबकि महिला के मुताबिक साढ़े चार लाख रुपए उसने ज्वैलरी खरीद पर खर्च किए हैं। चोरी करने वाली आरोपी महिला की पहचान पूजा कुमारी पत्नी सब्बू राम निवासी अणु जिला हमीरपुर के रूप में हुई है। आरोपी महिला को पुलिस ने रविवार देर शाम उसको घर से गिरफ्तार किया है।



## हनोह, सराहकड़ और घंगोट कलां में किया जनसमस्याओं का निवारण



अनंत ज्ञान, भोरंज। सुशासन सप्ताह के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे 'प्रशासन गांव की ओर' कार्यक्रमों की कड़ी में सोमवार को भोरंज उपमंडल की ग्राम पंचायत हनोह में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। एसडीएम शशि पाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों की कई समस्याओं की सुनवाई की गई। इस अवसर पर प्राप्त 15 जन शिकायत को संबंधित विभागों को फॉरवर्ड करके इनके अति शीघ्र निपटारे के आदेश दिए गए। एसडीएम ने बताया कि इस दौरान जमीन के 8 मामलों के इंतकाल की प्रक्रिया मौके पर ही पूरी कर ली गई। उधर, हमीरपुर की निकटवर्ती ग्राम पंचायत सराहकड़ में भी एसडीएम संजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इसी तरह के कार्यक्रम में जनसमस्याओं की सुनवाई की गई। इनमें से अधिकांश जनसमस्याओं का मौके पर ही निवारण कर दिया गया। उधर, बड़सर उपमंडल की ग्राम पंचायत घंगोट कलां में तहसीलदार धर्मपाल नेगी की अध्यक्षता में आयोजित 'प्रशासन गांव की ओर' कार्यक्रम के दौरान 11 जनसमस्याओं का निवारण किया गया और जमीन के 14 इंतकाल किए गए।

## व्यापार मंडल हमीरपुर की कार्यकारिणी का टाउन हॉल में आज होगा गठन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर। व्यापार मंडल हमीरपुर की कार्यकारिणी गठन की बैठक मंगलवार शाम 6 बजे टाउन हॉल में व्यापार मंडल चेयरमैन विपिन शर्मा द्वारा रखी गई है। इसमें कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। व्यापार मंडल की कार्यकारिणी पर विस्तृत चर्चा होगी, आम सहमति से कार्यकारिणी गठन की कोशिश की जाएगी।

कार्यकारिणी को और पारदर्शी तरीके से गठन के लिए चुनाव कमेटी का गठन चेयरमैन विपिन शर्मा द्वारा किया गया। इसमें संदीप भारद्वाज, नरोत्तम आर्य, विनय कुमार, अश्विनी शर्मा, राज सोनी, सुरेश बजाज, विधि चंद ठाकुर, सुशील सोनी, विधि चंद शर्मा, रवि शर्मा, राज भारद्वाज, विनोद गुप्ता, वेद प्रकाश भारद्वाज, सुरेश डोगरा व सुरेश कुमार को चुनाव कमेटी का सदस्य बनाया गया है। चुनाव कमेटी चेयरमैन विपिन शर्मा की अध्यक्षता में कार्य करेगी और कार्यकारिणी बनाने की प्रक्रिया को पूर्ण करेगी।

## सीनियर सिटीजन काउंसिल संस्था ने मंदिर के कीर्तन भवन के लिए 6 .60 लाख दिए

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

सीनियर सिटीजन काउंसिल संस्था ने शिव मंदिर में बनाए जा रहे कीर्तन भवन के निर्माण के लिए 6 लाख 60 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी है। सीनियर सिटीजन काउंसिल धर्मार्थ रोगी सेवा संस्थान मेडिकल कॉलेज में मरीजों की सेवा कर अभूतपूर्व सहयोग कर रहा है।

वहीं, अन्य धार्मिक संस्थाओं को भी समय-समय पर उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों में आर्थिक सहायता प्रदान कर रहा है। सीनियर सिटीजन काउंसिल के प्रधान विजय कुमार पुरी ने बताया कि इस बार संस्था ने हमीरपुर के शिव मंदिर में निर्माणाधीन कीर्तन भवन के लिए काउंसिल ने 6 लाख 60 हजार रुपए की राशि सहयोग के रूप में प्रदान की है। संस्था ने दानी सज्जनों से अपील की है कि वे अपनी नेक कमाई से शिव मंदिर में बन रहे कीर्तन भवन निर्माण में दिन खोलकर दान दें। शिव मंदिर कमेटी के प्रधान विजय हांडा और महासचिव मुनीष पुरी ने बताया कि सीनियर सिटीजन काउंसिल ने मंदिर भवन बनाने के लिए तथा मार्बल आदि लगाने के लिए पहले भी आर्थिक सहायता प्रदान की है। उन्होंने बताया कि शिव मंदिर में नया कीर्तन भवन का निर्माण किया जा रहा है जिस पर लगभग 15 लाख रुपए खर्च आएगा। अभी तक 12 लाख रुपए खर्च किए जा चुके हैं।



शिव मंदिर में बनाए जा रहे कीर्तन भवन के लिए सहायता देते संस्था के सदस्य।

## हड़ेटा में निपटाईं जनसमस्याएं



अनंत ज्ञान, नादौन। गुड गवर्नेंस वीक के तहत सोमवार को ग्राम पंचायत हड़ेटा में 'प्रशासन गांव की ओर' कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसडीएम राकेश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, पंचायत प्रधान के साथ अन्य पंचायत प्रतिनिधि भी मौजूद थे। इस दौरान ग्रामवासियों की ओर से 22 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 15 का मौके पर ही समाधान कर दिया गया और 7 शिकायतों को संबंधित विभागों को तुरंत कार्रवाई हेतु निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त उपमंडल आयुर्वेद विभाग नादौन द्वारा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने अपना चेकअप करवाया।

**आयोजन** बाल स्कूल के वार्षिक पारितोषिक समारोह में बोले मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार बिट्टू

## मुख्यमंत्री पूरे प्रदेश में लिख रहे विकास की एक नई कहानी

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा मेमोरियल बाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल हमीरपुर के वार्षिक उत्सव में मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया और शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में सराहनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू जिला हमीरपुर सहित पूरे प्रदेश में विकास की एक नई कहानी लिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में अब समय बदल चुका है। मुख्यमंत्री सुक्खू शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार, पर्यटन, कृषि-बागवानी और सौर ऊर्जा सहित सभी क्षेत्रों के लिए कई बड़ी योजनाओं पर सराहनीय कार्य कर रहे हैं।

हमीरपुर में जारी बड़ी विकासात्मक परियोजनाओं की चर्चा करते हुए सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि कई वर्षों से अटके अंतरराज्यीय बस स्टैंड लिए मुख्यमंत्री ने करोड़ों रुपए का प्रावधान करके इसका कार्य युद्धस्तर पर शुरू करवाया है। उनके निर्देशानुसार हमीरपुर शहर को एक सुंदर शहर के रूप में विकसित किया जा रहा है तथा इसे नगर निगम का दर्जा देने का निर्णय लिया गया है।

बिट्टू ने बताया कि मुख्यमंत्री हमीरपुर के मेडिकल कॉलेज को एक उत्कृष्ट चिकित्सा संस्थान के रूप में विकसित करने जा रहे हैं। इसके लिए जोल सप्पड़ के नए कैंपस में मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के साथ-साथ कैंसर संस्थान और नर्सिंग कॉलेज भी स्थापित किया जाएगा।

इस अवसर पर उच्चतर शिक्षा उपनिदेशक अनिल कौशल ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। प्रधानाचार्य मुश्ताक मोहम्मद ने मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों का स्वागत किया तथा स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समारोह में एपीएमसी के अध्यक्ष अजय शर्मा, स्थानीय नगर परिषद के पदाधिकारी, कांग्रेस के पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।



बाल स्कूल के वार्षिक उत्सव में मेधावी छात्रों को बिट्टू ने वितरित किए पुरस्कार।

## नाबालिगा के गायब होने का मामला करवाया दर्ज

अनंत ज्ञान, भोरंज। थाना भोंरज अंतर्गत एक महिला निवासी जिला हमीरपुर की शिकायत पर नाबालिग बेटी के घर से गायब होने का मामला दर्ज किया गया है। महिला ने शिकायत दर्ज करवाई है कि उसकी बेटी जो कि नाबालिग है 22 दिसंबर को घर से गायब है तथा जिसकी इसने हरसंभव जगह पर तलाश की, पर उसका कहीं पता न चला है। थाना प्रभारी प्रशांत ने बताया कि महिला की शिकायत मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

# पैसे वालों ने राजनीति का ढांचा बिगाड़ा : सतपाल सत्ती

## कहा- हम 12 महीने, सातों दिन और 24 घंटे समाज हित में करते हैं लाइव काम

हिमाचल भाजपा के वरिष्ठ नेता, दो बार पार्टी के अध्यक्ष रहे और पूर्व सीपीएस **सतपाल सिंह सत्ती** को पार्टी के अंदर और बाहर बेबाकी से बात रखने के लिए जाना जाता है। वरिष्ठ पत्रकार **विक्रम ढटवालिया** ने नगरोटा बगवां स्थित 'अनंत ज्ञान' के न्यूज रूम में उनका साक्षात्कार किया तो उन्होंने राजनीति और समाज हित से जुड़े कई मुद्दों पर बेबाकी से अपनी बात रखी। पेश हैं उनके साथ हुई एक्सक्लूसिव बातचीत के मुख्यांश-

**सवाल : क्या अब राजनीति में पैसे का बोलबाला ज्यादा हो गया है?**

**जवाब :** जी, सही कहा आपने। आजकल पैसे के बूते लोग राजनीति के अंदर आ रहे हैं। इन पैसे वालों ने राजनीति का ढांचा बिगाड़ दिया है। ऐसे लोगों ने काफी नुकसान किया है। यदि हम पैसे के पीछे भागे तो राजनीति के स्वरूप को बिगड़ने से कोई नहीं बचा सकता। लोकतंत्र में यदि हम सच नहीं बोलेंगे तो लोकतंत्र से लोगों का विश्वास उठ जाएगा तथा तानाशाही आ जाएगी। लिहाजा हम सभी को राजनीतिक नुकसान सहते हुए भी सच्चाई पर चलते रहना चाहिए। राजनीतिक नुकसान बेशक हो जाए, मगर समाज के अंदर प्यार का नुकसान नहीं होना चाहिए। हिमाचल की राजनीति में नई जनरेशन के जरिए जो बदलाव आया है, उस पर सुक्खू सरकार को भी बार-बार सोचना चाहिए और शिमला स्थित सचिवालय को मित्रों के क्लब और भ्रष्टाचार से बाहर निकालकर आमजन की उम्मीद पर खरा उतरना चाहिए।



**सवाल : भ्रष्टाचार ने राजनीतिक स्वरूप कितना बिगाड़ा है?**

**जवाब :** देखिए, पैसा कमाना बुरी बात नहीं है, मगर राजनीति में विकृति नहीं आनी चाहिए। अब चुनाव लड़ने के लिए इतना पैसा लग रहा है, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। 25 साल पहले जब मैंने पहला चुनाव लड़ा था तब पैसे की जरूरत ही नहीं थी, क्योंकि उस वक्त कार्यकर्ता ही चुनाव लड़ते थे। टैंट और माइक के बिना बैठकें होती थीं। जनसेवा के नाम पर पैसे वालों ने लोगों की आदत बिगाड़ी है। चुनाव में पार्टियां अब पीछे हो गई हैं और पैसे वाले पहले नंबर पर। वह चाहे निर्दलीय हो या फिर पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ रहा व्यक्ति।

**सवाल : राजनीतिक मूल्यों में भाजपा के भीतर भी गिरावट आई है। 'ज्ञान शील एकता परिषद की विशेषता' स्लोगन कहीं बेमानी तो नहीं हो गया?**

**जवाब :** देखिए, भाजपा इसकी 'सूचिता' को फिर भी आगे रखती है। शांता, धूमल, नड्डा और जयराम जैसे वरिष्ठ नेताओं ने दिन-रात काम कर पार्टी को खड़ा किया है और आगे बढ़ाया है। ऐसे में विरोधियों के हथियार से निपटने के लिए अपने हथियार को भी 'धार' तो देनी ही पड़ेगी। पार्टी अभी भी वर्कर्स के बूते चुनाव लड़ती है। समाज और ईमानदारी के बल पर चुनाव लड़ने के लिए आगे रहती है। फिर भी मैं मानकर चलता हूं कि कुछ कमियां धीरे-धीरे आती हैं। समाज का प्रभाव हर व्यक्ति पर पड़ता है, मगर बाकी पार्टियों के मुकाबले भाजपा अभी भी 'विचार' को आगे बढ़ा रही है।

**सवाल : राजनीति में पैसे से खुद को बड़ा दिखाने का अभियान भी तो समाज हित में नहीं?**

**जवाब :** हां, बहुत बड़ा दिखाने के लिए गलत काम हो रहे हैं? पैसा कमाना, आगे बढ़ना, बिजनेस करना तो ठीक है लेकिन अनैतिक काम करके दूसरे को दबाना न केवल समाज के लिए, बल्कि राजनीतिक दलों के लिए भी दुर्भाग्य की बात है। समाज के अंदर ईमानदारी रहनी चाहिए। राजनीति के दरमियान अनिश्चितता आ चुकी है। किसी को पता नहीं कल क्या होने वाला है।

**सवाल : भाजपा की राजनीति में भी काफी बदलाव आ चुका है, पार्टी का स्वरूप बदल चुका है?**

**जवाब :** भाजपा बाकी राजनीतिक दलों से काफी अच्छी है। बीजेपी विचारों से निकली हुई पार्टी है। ज्यादातर लोग 'विचारों' के लिए लड़ते हैं। वह विचारों से निकले हुए हैं। विचार भी जिंदा रहे और सभी का व्यवहार भी। इसी नीति पर बड़े नेता पार्टी को आगे बढ़ा रहे हैं, लेकिन हर चीज का व्यापारीकरण ठीक नहीं है। राजनीति भी इससे 'अछूती' नहीं है। फिर भी हम 12 महीने, सातों दिन, 24 घंटे समाज हित में लाइव काम करते हैं।

### ऑपरेशन लोटस पर क्या कहना चाहेंगे पार्टी को क्या इससे नुकसान हुआ?

**जवाब :** देखिए, जो लोग भाजपा में आए वे कांग्रेस की पद्धति से दुखी होकर आए हैं। कांग्रेस की मौजूदा सरकार इतनी भ्रष्ट और तानाशाही है, जिस कारण वे अपना घर छोड़कर पार्टी के अंदर आए हैं। हमारी पार्टी के लोगों ने उन्हें प्यार दिया है। कुछ लोग तो विचार से भी पहले से ही जुड़े हुए हैं। कांग्रेस पार्टी के अंदर अभी भी कई नाराज हैं। राष्ट्रहित के मुद्दों पर वे भाजपा का समर्थन करते हैं। विक्रमादित्य सिंह ने भी राष्ट्रहित के मुद्दों पर जब राम मंदिर पर बोला, तो उनकी पार्टी में ही समस्या खड़ी हो गई लेकिन वे जहां हैं वहीं रहें, इसी में उनकी भलाई है।

**सवाल : भाजपा सुक्खू सरकार पर भ्रष्टाचार के मामले को लेकर 'पैनी' हुई है, कोई असर पड़ रहा क्या?**

**जवाब :** सीमित संसाधनों में भी यदि भ्रष्टाचार हो रहा है। काम रुक पड़े हैं, माइनिंग और बदलियों का धंधा चल रहा है, तो यह चिंता का विषय है। यह प्रदेश न बीजेपी का है और न ही कांग्रेस का। 75 लाख लोगों का है। ईमानदारी से चलना पड़ेगा, इससे बड़ी विपत्ति तो कोरोना काल में आई थी, लेकिन तब एक दिन के लिए भी सरकार ने सैलरी नहीं रोकी। इस सरकार में लेनदेन का धंधा बड़े स्तर पर हो रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### रोहड़ू में चरस के साथ पुलिस ने दो युवकों को किया गिरफ्तार

**दशमी रावत, रोहड़ू।** पुलिस थाना रोहड़ू के अंतर्गत नए बस स्टैंड रोहड़ू में पुलिस टीम ने गश्त के दौरान चिडगांव के राऊसी निवासी वंश से 89 ग्राम चरस बरामद की है। वहीं, चिडगांव पुलिस ने स्पेशल सेल शिमला की टीम के साथ मिलकर गश्त के दौरान पावर हाऊस आंध्रा चिडगांव में गुप्त सुचना के आधार पर हिंगोरी निवासी नवल (21) से 1.084 किलो चरस बरामद की। एसडीपीओ रोहडू रविंद्र नेगी ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया है कि मादक पदार्थ निषेध अधिनियम के तहत दोनों युवकों को गिरफ्तार किया गया है।



### सोलन में घास काटने गई महिला की मौत, पुलिस जांच में जुटी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** गांव धायला निवासी सुशीला पत्नी मान सिंह गत दिवस घर से घास काटने के लिए घासनी घाड़ नजद गांव धायला में गई थी, परंतु देर रात घर वापस नहीं आई। छानबीन करने पर परिवार के सदस्यों को सुशीला घासनी में मृत अवस्था में मिली। इस संबंधी उन्होंने इसकी सूचना पुलिस चौकी कुठाड़ में दी। पुलिस ने मृतका के बेटे कमलजीत सिंह व भाई विजेन्द्र सिंह तथा अन्य व्यक्तियों के बयान कलमबद्ध कर लिए है। एसडीपीओ परवाणू द्वारा मौका का निरीक्षण किया गया। पुलिस मौत के कारणों का पता लगा रही है।

### जंगल में लकड़ी लेने गए व्यक्ति की खाई में गिरने से मौत

**अनंत ज्ञान-चौपाल/नेरवा।** चौपाल उपमंडल की सरांह पंचायत के कांडा निवासी एक व्यक्ति की पांव फिसलने से खाई में गिरकर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार देवी सिंह पुत्र कली राम गांव कांडा, ग्राम पंचायत सरांह, तहसील चौपाल, जिला शिमला लकड़ी लेने समीप के जंगल में गया था। वह जब लकड़ी लेकर अपने घर की तरफ आ रहा था, इस दौरान उसका पांव फिसलने से संतुलन बिगड़ गया एवं वह खाई में जा गिरा। गिरने की वजह से देवी सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया एवं परिजन उसे सिविल अस्पताल चौपाल लेकर गए, जहां पर चिकित्स्कों ने उसे मृत करार दे दिया। चौपाल अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया गया है। उपमंडलाधिकारी चौपाल हेम चंद वर्मा के निर्देश पर राजस्व विभाग द्वारा मृतक के परिजनों को 25 हजार रुपए बतौर फौरी राहत प्रदान किए है।

### चंबा में 1.16 किलो चरस के साथ युवक गिरफ्तार, मामला दर्ज

**चंबा।** नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के अंतर्गत चंबा पुलिस को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब चंबा-पठानकोट मुख्य मार्ग एनएच 154 ए पर स्थित परेल नजदीक शिव मंदिर के पास नाकाबंदी के दौरान सुबह 6 बजे एक मोटरसाइकिल पीबी 06 बीएच 9146 सवार को तलाशी के लिए रोका गया। तलाशी दौरान युवक से 1 किलो 16 ग्राम चरस बरामद की गई। पुलिस ने युवक के खिलाफ मामला दर्ज करके कार्यवाही शुरू कर दी है। आरोपी की पहचान 31 वर्षीय आलमगीर पुत्र शैमोन निवासी गांव जूरी डाकघर चरड़ा तहसील तीसा (चुराह) जिला चंबा के रूप में हुई है। मामले की पुष्टि पुलिस अधीक्षक चंबा अभिषेक यादव ने की।

### ब्राह्मण कल्याण सभा रोहड़ू, जुब्बल और चिड़गांव की बैठक आयोजित



**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** ब्राह्मण कल्याण सभा रोहड़ू, जुब्बल व चिड़गांव की बैठक सोमवार को रोहड़ू में अध्यक्ष डीडी शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक से पूर्व पूजा अर्चना के साथ सनातन संस्कृति संस्कार शैक्षणिक सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लेंटर का शुभारंभ डीडी शर्मा ने किया। उन्होंने बताया कि इस भवन में बड़े- बड़े 3 हॉल व 6 विश्राम कक्ष बनना प्रस्तावित है, जहां पर आने वाले समय में बच्चों व युवाओं को संस्कार की शिक्षा दी जाएगी। निकट भविष्य में समय-समय पर यहां पर सम्मेलन, हिंदू रीति-रिवाजों के साथ धार्मिक अनुष्ठान व विवाह इत्यादि करवाना प्रस्तावित है।

### आग लगने से सेब-नाशपाती पौधे जले

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** उपमंडल चौपाल में बर्फवारी से कुछ घंटे पहले गांव लजोंठ में आगजनी की घटना से फलदार बगीचे और 4 घास की टोलियां जलकर नष्ट हो गई है। आग इतनी भयानक थी कि कई लोगों ने भाग कर जान बचाई। हालांकि यह आग किसने लगाई, इसकी अभी तक जानकारी नहीं मिल पा रही है, लेकिन बताया जा रहा है लजोंठ के निचले क्षेत्र से यह आग मुख्यालय की तरफ बढ़ी। इस घटना में मोहर सिंह ठाकुर, प्रदीप ठाकुर, बलबीर, रामलाल ठाकुर के नाशपाती और सेब के पौधे बुरी तरह से जल गए। एसडीएम चौपाल हेम चंद वर्मा ने कहा कि प्रशासन ने संबंधित पटवारी को नुकसान का आंकलन करने के निर्देश जारी किए गए है।

# उद्योगपतियों का उत्पीड़न या धमकी देना नहीं होगा बर्दाश्त : मुख्यमंत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राज्य के इंडस्ट्रीलिस्ट एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट कर उन्हें विभिन्न मांगों से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने उनकी मांगों को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में उद्योगों को सुविधाएं प्रदान कर रही है और उद्योग हितैषी वातावरण स्थापित किया जा रहा है।

उद्योगपतियों को दी जाने वाली किसी प्रकार की धमकी या उत्पीड़न से सख्ती से निपटा जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश को 31 मार्च, 2026 तक हरित ऊर्जा राज्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में प्रदेश में हरित उद्योगों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

उन्होंने उद्यमियों से प्रदेश में सूचना प्रोद्यौगिकी क्षेत्र, खाद्य प्रसंस्करण, पर्यटन और जल विद्युत ऊर्जा जैसे हरित ऊर्जा क्षेत्रों में निवेश करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन सबसे बड़ी चुनौती है और हरित पहल ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों को कम करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

राज्य सरकार ने इस संबंध में अनेक पहल की हैं और राज्य में ई-वाहनों के संचालन को बढ़ावा दिया जा रहा है।

### सीएम को महाकुंभ प्रयागराज-2025 में पधारने का निमंत्रण

**उत्तर** प्रदेश सरकार के पशुपालन एवं डेयरी विकास मंत्री धर्मपाल सिंह तथा खेल एवं युवा मामले राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव ने मुख्यमंत्री को उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से महाकुभ प्रयागराज-2025 में पधारने का निमंत्रण दिया। वहीं सीएम सुक्खू ने 24 दिसंबर 2 जनवरी तक आयोजित होने वाले विंटर कार्निवाल शिमला-2025 का थीम सांग लॉंच किया।

### जाइका वानिकी परियोजना का कैलेंडर जारी



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जाइका वानिकी परियोजना का 2025 का वार्षिक कैलेंडर जारी किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव वन कमलेश कुमार पंत, वानिकी परियोजना के मुख्य परियोजना निदेशक समीर रस्तोगी, परियोजना निदेशक श्रेष्ठा नन्द शर्मा समेत वन विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### अध्ययन अवकाश पर होम्योपैथी चिकित्सकों को मिलेगा पूरा वेतन

मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार ने स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के लिए अध्ययन अवकाश अवधि के दौरान होम्योपैथी चिकित्सकों को शत-प्रतिशत वेतन देने का निर्णय लिया है। उन्हें अध्ययन अवकाश के दौरान ऑन ड्यूटी माना जाएगा। इससे पूर्व अध्ययन अवकाश अवधि के दौरान उन्हें वेतन का 40 प्रतिशत वेतन दिया जाता था।

### धूमल से मिलने समीरपुर पहुंचे मंत्री धर्माणी



**हमीरपुर।** हिमाचल सरकार में काबीना मंत्री राजेश धर्माणी सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के घर समीरपुर पहुंचे। उनकी यह मुलाकात शिष्टाचार थी। क्योंकि राजेश धर्माणी जिला के कैहरवीं में निजी स्कूल में आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे हुए थे। काबीना मंत्री के साथ एसबीआई के मैनेजर और समताना से ताल्लुक रखने वाले उत्तम चंद भी इस मौके पर मौजूद थे।

### मैं 110 वर्ष तक रह सकता जीवित : दलाई लामा

**अनंत ज्ञान, मैक्लोडगंज**

तिब्बतियों के धर्मगुरु दलाई लामा ने सोमवार को दिए अपने संदेश में देश-विदेश में रहे रहे अपने अनुयायियों से कहा है कि वे पुरी तरह से स्वस्थ है तथा चिंता की कोई बात नही है।



बता दें कि जब दलाई लामा जून में घुटने की सर्जरी के लिए न्यूयॉर्क गए थे, तो उनके अनुयायी उनके समग्र स्वास्थ्य और उनके बिना तिब्बती बौद्धों के भविष्य को लेकर चिंतित थे। तिब्बती बौद्धों के 89 वर्षीय आध्यात्मिक प्रमुख दलाई लामा से जब उनके स्वास्थ्य और उनकी भावनाओं के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, मेरे सपने के अनुसार, मैं 110 वर्ष तक जीवित रह सकता हूं। धर्मशाला की प्र्यटन नगरी मैक्लोडगंज में अपने हिमालयी निवास पर भारत और विदेशों से आए 300 से अधिक आगंतुकों को नियमित रूप से आशीर्वाद देने के बाद उन्होंने कहा कि घुटने में भी सुधार हो रहा है।

### एचपीजी एजुकेशनल ट्रस्ट के सदस्यों ने राज्यपाल से की भेंट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से राजभवन में एचपीजी एजुकेशनल ट्रस्ट के सदस्य डॉ. राजेंद्र अत्री और अंशुक अत्री ने शिष्टाचार भेंट की।

उन्होंने राज्यपाल को डॉ. यशवंत सिंह परमार, स्वतंत्रता संग्राम और हिमाचल प्रदेश के इतिहास को प्रदर्शित करती अपनी शैक्षणिक प्रदर्शनी के बारे में जानकारी दी।



राज्यपाल ने हिमाचल प्रदेश के स्वतंत्रता संग्राम पर केंद्रित ट्रस्ट की शैक्षणिक प्रदर्शनी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य राज्य के गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति सम्मान को प्रदर्शित करना है। उन्होंने डॉ. परमार को समर्पित एक फोटो गैलरी के लिए ट्रस्ट के प्रयासों की सराहना की।

### शैक्षणिक भ्रमण पर जाएंगे बाल देखभाल संस्थान के बच्चे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने योजना के अंतर्गत विभिन्न मदों के तहत अलग-अलग प्रावधानों एवं प्रगति की विस्तृत जानकारी हासिल की।



उपायुक्त ने कहा कि जिला शिमला में मौजूद बाल देखभाल संसथान के बच्चे शैक्षणिक भ्रमण एवं एक्सपोजर विजिट पर जाएंगे। योजना के तहत बच्चों को प्रदेश सरकार ने चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट का दर्जा दिया है। इसी योजना के तहत छात्रों को 15 दिनों का एक्सपोजर विजिट एवं शैक्षणिक भ्रमण का प्रावधान भी है। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में जिला शिमला के बाल देखभाल संसथान में रह रहे 12वीं कक्षा के छात्रों को जनवरी माह में एक्सपोजर विजिट करवाया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि योजना के अंतर्गत एकल नारी को भी शामिल किया गया है।

### बर्फबारी के बीच हिमाचल किसान सभा ने उपायुक्त कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय आह्वान पर शिमला में बर्फबारी के बीच हिमाचल किसान सभा ने जिला उपायुक्त कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया और नई राष्ट्रीय कृषि बाजार नीति की प्रतियां जलाई। किसान सभा के राज्य अध्यक्ष डॉ कुलदीप सिंह तंवर ने कहा कि जब से केंद्र में मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार आई है तब से किसानों की खेती खत्म करने के लिए तरह तरह की किसान विरोधी नीतियों लाई जा रही है।

500 से ज्यादा किसान संगठनों के लंबे संघर्ष के परिणामस्वरूप 3 काले कृषि कानूनों को वापिस लेना पड़ा। अब नई राष्ट्रीय कृषि बाजार नीति का मसौदा तैयार किया गया है। यह मसौदा किसान हित में नहीं है। इसलिए संयुक्त किसान मोर्चा आज इसका पूरे भारत में विरोध कर नई राष्ट्रींय कृषि बाजार नीति की प्रतियों जलाया जा रहा है।




इसके बाद उपायुक्त अनुपम कश्यप के माध्यम से भारत की राष्ट्रपति द्रौपती मुर्मू के लिए ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में मांग की गई कि हम भारत के किसान 23 दिसंबर 2024 को देश भर के जिलों में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। हम एनडीए 3 के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के लोकतांत्रिक सिद्धांतों का पालन न करने का कड़ा विरोध करते हैं और उन सभी किसान संगठनों और मंचों से, जो वास्तविक मांगों के लिए संघर्ष कर रहे हैं के साथ वार्ता करने की मांग करते हैं। यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट ने भी सरकार से किसानों के साथ विचार-विमर्श करने के लिए कहा है।

### अंबेडकर अपमान के लिए माफी मांगें अमित शाह : प्रतिभा सिंह

**शिमला।** डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के संसद में किए गए अपमान के लिए अमित शाह देश से माफी मांगे। शिमला आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान यह बात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने कही।



उन्होंने कहा कि कांग्रेस अमित शाह का विरोध तब तक जारी रखेगी जब तक वह डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के संसद में किए गए अपमान के लिए देश से माफी नहीं मांगते। उन्होंने अंबेडकर का ही नहीं इस देश के संविधान का भी घोर अपमान किया है। इसके लिए उन्हें देश से तुरंत माफी मांगनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने पूर्व सुनियोजित ढंग से संसद में अंबेडकर व अडानी जैसे मुद्दों पर किसी भी चर्चा से बचने के लिए व लोगों का ध्यान भटकाने के लिए संसद के मुख्य द्वार पर पूर्व सुनियोजित ढंग से हाथापाई की।

कांग्रेस 24 दिसंबर को पूरे प्रदेश में सभी जिलों में भाजपा के खिलाफ मार्च प्रदर्शन करते हुए देश के राष्ट्रपति को जिला उपायुक्तों के माध्यम से एक ज्ञापन देगी। ज्ञापन में भाजपा के संबिधान विरोधी चहरे को उजागर करते हुए गृह मंत्री अमित शाह को पद से हटाने की मांग की जाएगी।

**लुत्फ**

### सीजन की दूसरी बर्फबारी के कारण एचआरटीसी ने बंद की ऊपरी शिमला के लिए बस सेवा

## दो दिन पहले व्हाइट क्रिसमस, रिज पर पर्यटकों की मस्ती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला में इस बार क्रिसमस से पहले बर्फबारी हुई। इस दौरान रिज मैदान पर पर्यटकों ने जमकर मस्ती की। पर्यटकों ने नाच-गाकर बर्फबारी का लुत्फ उठाया। वहीं, बर्फबारी ने लोगों की परेशानियां भी बढ़ा दी है। अप्पर शिमला के रूट प्रभावित हुए है। बर्फबारी ने शिमला जिले के कई ऊपरी इलाकों में जनजीवन को प्रभावित कर दिया है।

बर्फबारी के कारण कई ऊपरी इलाकों में सड़कों पर बर्फ की मोटी परत जम गई है, जिससे सड़क यातायात प्रभावित हुआ है। शिमला के कुफरी, फागू, नारकंडा, चौपाल और खड़ापत्थर जैसे ऊपरी इलाकों में बर्फबारी के कारण सड़कें बंद हो गई हैं। इन इलाकों में सड़कों पर गिरी बर्फ में गाड़ियां फंसी हुई हैं और गाड़ियों को निकालने के लिए



स्थानीय प्रशासन को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। बर्फबारी के कारण हिमाचल राज्य पथ परिवहन निगम ने ऊपरी शिमला के लिए बस सेवा फिलहाल बंद कर दी है। सड़कें खुलने पर ही अप्पर शिमला के लिए बस सेवा बहाल की जाएगी। शिमला पुलिस के मुताबिक अप्पर शिमला में जगह-जगह फंसे वाहनों को निकालने की कोशिश की जा रही है। भारी बर्फ गिरने से ढली के आगे अप्पर शिमला के लिए वाहनों की आवाजाही बंद है। वहीं शिमला में बर्फबारी के चलते पर्यटकों की संख्या में भी भारी बढ़ौतरी हुई है, लेकिन इस बर्फबारी ने उनके लिए भी समस्याएं खड़ी कर दी हैं।



कई पर्यटक बर्फबारी का आनंद लेने के लिए शिमला से सटे कुफरी और नारकंडा पहुंचे थे, लेकिन अब उन्हें सड़क पर फंसी गाड़ियों और जाम की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।

प्रशासन ने बर्फ हटाने के लिए कई मशीनें तैनात की हैं और बर्फ हटाने का काम जारी है। हालांकि लगातार हो रही बर्फबारी के कारण बर्फ हटाने का कार्य प्रभावित हो रहा है। राहत की बात यह है कि शिमला शहर के मुख्य मार्गों पर यातायात सुचारू रूप से चला। मौसम विभाग ने शिमला और आसपास के क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना को देखते हुए प्रशासन को पहले ही अलर्ट कर दिया था।


अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
कांगड़ा | मंगलवार, 24 दिसंबर 2024

# ऐतिहासिकता के लिए जाना जाता है

# नरसिंह देव मंदिर

**राजस्थान** के आमेर में हर स्मारक अपनी वास्तुकला के लिए जाना जाता है, लेकिन नरसिंह मंदिर के मामले में ऐसा नहीं है। यह अपनी वास्तुकला के बजाय अपनी ऐतिहासिक कहानी के लिए जाना जाता है। यह आमेर किले के नीचे की ओर स्थित है। नरसिंह मंदिर आमेर का पुराना महल था जिसका इस्तेमाल आमेर के राजाओं द्वारा किया जाता था। मूल रूप से इसका इस्तेमाल सुसावत वंश के मीना राजाओं द्वारा किया जाता था। नरसिंह मंदिर, मीना राजा शूर सिंह और रानी बालाबाई जी का महल था। शूर सिंह दयालु राजा और धार्मिक व्यक्ति थे। भारत में गुरु-शिष्य की परंपरा है। यह गुरु-शिष्य के बीच आध्यात्मिक संबंध है जहां गुरु अपने शिष्य को सही रास्ता दिखाता है। और बालाबाई जी गुरु परिहारी जी की शिष्या थीं और परिहारी जी ने रानी को नरसिंह देव की मूर्ति दी और कहा कि अगर नरसिंह देव की मूर्ति मंदिर से बाहर चली गई तो कछवाहा अपना राज्य खो देंगे। तो सवाल उठता है कि शूर सिंह मीना राजा थे। तो कछवाहा और मीना के बीच क्या संबंध है? शूर सिंह ने कछवाहा राजा मैदल राय को अपना बेटा बनाया था। कहानी के बारे में जानने से पहले हम बात करते हैं कि नरसिंह मंदिर में और क्या-क्या देखने को मिलता है। कई कमरों या प्रांगणों के अलावा आपको राज तिलक छतरी, बालाबाई जी साल (कमरा) और तोरण द्वार भी देखने को मिलेंगे।





## राज तिलक छतरी

राज तिलक छतरी में राजा का राज्याभिषेक समारोह किया जाता है। राज्याभिषेक समारोह में राजा की आंखों पर पट्टी बांध दी जाती थी और उसे उन तलवारों में से एक चुनना होता था जो उसे दी जाती थी और जो तलवार वह चुनता था, उसका नाम नए राजा को दे दिया जाता था और उस दिन उसका नाम बदल दिया जाता था।

## बालाबाई जी की साल (कमरा)

*बालाबाई जी साल महल में नरसिंह मंदिर के पास स्थित है यह मंदिर की पिछली दीवार में है। राजाओं के विवाह की सभी रस्में बालाबाई जी साल में ही संपन्न होती थीं।*





## तोरण द्वार

**तोरण** द्वार पुराने महल में नरसिंह मंदिर के साथ ही एक प्रांगण में मौजूद है। तोरण द्वार में आपको भगवान विष्णु के अवतार की सभी मूर्तियां मिलेंगी जो संगमरमर में उकेरी गई हैं और आपको भारत की प्राचीन भाषा संस्कृत में एक श्लोक (वाक्य) मिलेगा जो तोरण द्वार में लिखा गया है।



## नरसिंह मंदिर का इतिहास

विश्वकोष में वर्णन है कि एक दिन रानी जगदीश जी मंदिर से आ रही थी, रास्ते में उसकी मुलाकात राजा से हुई और उसने खुद को राजा से छिपाने की कोशिश की और राजा उसे पहचान नहीं पाया और कहा 'बाई डरो मत निकल जाओ' यानी बेटी तुम डरो मत तुम जा सकती हो। उस दिन रानी महल में आई लेकिन वह इस घटना के बारे में सोच रही थी और आगे क्या करना है। जब राजा महल में आया और बिस्तर पर रानी के पास लेट गया। और रानी ने राजा को मंदिर में हुई कहानी सुनाई।

राजा धार्मिक व्यक्ति था इसलिए उसने रानी के साथ पिता-पुत्री के रिश्ते की तरह जीवन जीने का फैसला किया। और गंगा घाट पर जाकर अपना राज्य छोड़ दिया और उसके बाद उसके बेटे भानो राव ने राज्य पर शासन किया। उसके बाद कछवाहा राजपूत मैदल राव ने आमेर पर हमला किया और भानो राव को मार डाला। अपने बेटे की मौत की खबर सुनकर शूर सिंह हरिद्वार से वापस आ गया। और मीना जनजाति शूर सिंह के पीछे कछवाहा के सामने एकत्र हुई। जब मैदल राव को पता चला कि शूर सिंह वापस आ गया है तो वह उनके पास गया और अपने बेटे के साथ किए गए अपने किए की माफी मांगी। शूर सिंह को उस पर दया आ गई और उसने उसे अपना बेटा बना लिया और उसे अपना राज्य दे दिया। शूर सिंह की मृत्यु के बाद बाला बाई जी ने गंगा स्नान की अपनी दिनचर्या बंद कर दी थी। और इस वजह से वह बहुत दुखी हो रही थी। तब उनके गुरु ने दुखी होकर बाला बाई जी से पूछा कि आप परेशान क्यों दिख रही हैं? और उन्होंने अपने गुरु परिहारी जी को सारी बात बताई। तब परिहारी जी ने अपनी शक्ति यों से नर सिंह मंदिर में गंगा का अवतरण किया।

*और एक दिलचस्प कहानी, लोगों द्वारा कही गई कहावत है 'जब तक नरसिंह देवली माई राज्य हथली माई' जब पयहारी जी ने बालाबाई जी को नरसिंह देव की मूर्ति दी तो उन्होंने कहा कि अगर मूर्ति मंदिर की सीमा से बाहर चली गई तो वे अपना राज्य खो देंगे। और यह कहावत राजा सवाई मान सिंह के समय में सत्य हो गई। जनवरी 1947 में पुराने महल के मंदिर से नरसिंह देव की मूर्ति यह सोचकर चुरा ली गई कि यह सोने से बनी है। और चोर ने यह मूर्ति अपने परिचित सुनार को दिखाई। सुनार ने मूर्ति की जांच की और उसे बताया कि यह सोने से नहीं बल्कि पीतल से बनी है। और राज्य में कोहराम मच गया। राजा मान सिंह चिंतित हो गए। यदि मूर्ति बरामद नहीं हुई तो वे अपना राज्य खो देंगे। राजा ने अपने रक्षकों को दो दिन में किसी भी हालत में मूर्ति को खोजने के लिए कहा। रक्षकों ने चोर को पकड़ लिया और मूर्ति को पानी के कुएं से बरामद कर लिया। और राजा ने विद्वान पंडितों से मिलकर पंडितों द्वारा मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा करवाई। और फिर देश को ब्रिटिश राज से आजादी मिल गई। और सभी रियासतें भारत में विलय होने जा रही।*





## ऐसा होगा भरणी नक्षत्र में जन्मा जातक

# जातक पर जीवन भर पड़ेगा मंगल-शुक्र का प्रभाव

### बाल्यकाल सुखमय

**भरणी** में जन्म होने से जन्म के समय शुक्र की महादशा ही चलेगी। अतः ऐसे जातकों को बाल्यकाल सुखमय व्यतीत होता है। वहीं सूर्य पंचमेश विद्या भाव की दशा 6 वर्ष इसके बाद सुखेश की महादशा 10 वर्ष फिर लग्नेश मंगल की महादशा 7 वर्ष चलेगा। इस प्रकार 23 वर्ष व शुक्र की शेष दशा जो भी हो उत्तम जाएगी बशर्ते कि मंगल, चंद्र, सूर्य की स्थिति भी अनुकूल होना चाहिए। मंगल लग्नेश व अष्टमेश होगा। अतः इसका शुभ होना स्वयं को स्वस्थ, बलवान, साहसी बनाएगा।

### कुटुंब, धन की बचत का भाव

**शुक्र** धनेश द्वितीय वाणी, कुटुंब, धन की बचत का भाव है। अगर इसकी स्थिति ठीक रही तो पत्नी या पति सुंदर होकर लाभ मिलता है। लग्नेश मंगल लग्न में हो व शुक्र सप्तम भाव में स्वराशि का हो तो ऐसे जातक एक-दूसरे को चाहने वाले होंगे। यदि उनका जीवन साथी तुला राशि या मेष राशि का मिल जाए तो एक-दूसरे प्रति चाहत बनी रहेगी। शुक्र उच्च का हो व मंगल भी उच्च का हो तो ऐसे जातक व्यापार, व्यवसाय में उन्नति करने वाले होते हैं। धन की कमी नहीं रहती।

### पत्नी से लाभ

**मेष** राशि के भरणी नक्षत्र में शुक्र सप्तम भाव में अकेला हो व मंगल की शुभ स्थिति हो तो पत्नी सुंदर मिलती है। यदि इस स्थिति के साथ मंगल दशम भाव में हो तो ऐसा जातक पुलिस प्रशासन में उत्तम सफलता पाता है। स्वयं प्रभावशाली तेजस्वी स्वभाव का होता है। ऐसे जातक को पत्नी से लाभ रहता है। इसी नक्षत्र में जन्में जातकों का सूर्य बलवान हो तो मित्र राशि में होकर पंचमेश को देखता हो तो विद्या, संतान का लाभ उत्तम मिलता है।

**जिस जातक का जन्म भरणी नक्षत्र में हो, उसकी राशि मेष होगी, वहीं नक्षत्र का स्वामी शुक्र होगा। इस नक्षत्र में जन्में जातक पर मंगल, शुक्र का प्रभाव जीवन भर पड़ेगा। जहां मंगल ऊर्जा, साहस व महत्वाकांक्षा देगा, वहीं शुक्र कला, सौंदर्य, धन व सेक्स का कारण बनता है।**



### चंद्रमा की स्थिति

चंद्रमा की स्थिति यदि सुख भाव में स्वराशि का ही हो, तो उसकी दशा उत्तम फलदाई होगी। ऐसे जातक को माता, भूमि, भवन, वाहनादि सुख मिलता है। इस नक्षत्र में जन्में जातकों का मंगल तृतीय, पंचम, नवम या द्वादश भाव में हो तो उत्तम लाभदायक रहता है। नक्षत्र स्वामी शुक्र द्वितीय, चतुर्थ, षष्ट, सप्तम, दशम या द्वादश भाव में हो तो उत्तम लाभदायक रहता है।

**सफला एकादशी व्रत पौष मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी के दिन किया जाता है। इस व्रत को करने वाले व्यक्ति को व्रत के दिन प्रातः स्नान करके, भगवान कि आरती करनी चाहिए और भगवान को भोग लगाना चाहिए। इस दिन भगवान नारायण की पूजा का विशेष महत्व होता है। ब्राह्मणों तथा गरीबों को भोजन अथवा दान देना चाहिए। जागरण करते हुए कीर्तन पाठ आदि करना अत्यंत फलदायी रहता है। इस व्रत को करने से समस्त कार्यों में सफलता मिलती है। यह एकादशी व्यक्ति को सभी कार्यों में सफलता प्रदान कराती है।**



# सब मनोरथ पूर्ण करे सफला एकादशी

### सफला एकादशी का महत्व

**सफला** एकादशी के विषय में कहा गया है कि यह एकादशी व्यक्ति को सहस्त्र वर्ष तपस्या करने से जिस पुण्य की प्रप्ति होती है, वह पुण्य भक्ति पूर्वक रात्रि जागरण सहित सफला एकादशी का व्रत करने से मिलता है। एकादशी का व्रत करने से कई पीढ़ियों के पाप दूर होते हैं। एकादशी व्रत व्यक्ति के हृदय को शुद्ध करता है और जब यह व्रत श्रद्धा और भक्ति के साथ किया जाता है तो मोक्ष देता है।

### सफला एकादशी व्रत पूजन

**सफला** एकादशी के व्रत में देव श्री विष्णु का पूजन किया जाता है। जिस व्यक्ति को सफला एकादशी का व्रत करना हो वह इस व्रत का संकल्प करके इस व्रत का आरंभ नियम दशमी तिथि से ही प्रारंभ करें। व्रत के दिन व्रत के सामान्य नियमों का पालन करना चाहिए। जहां तक हो सके व्रत के दिन सात्विक भोजन करना चाहिए। भोजन में उसे नमक का प्रयोग बिलकुल नहीं करना चाहिए। दशमी तिथि कि रात्रि में एक बार ही भोजन करना चाहिए। वहीं, एकादशी के दिन उपवासक को शीघ्र उठकर स्नान आदि कार्यों से निवृत होने के बाद व्रत का संकल्प भगवान श्री विष्णु के सामने लेना चाहिए। संकल्प लेने के बाद धूप, दीप, फल आदि से भगवान श्री विष्णु और नारायण देव का पंचामृत से पूजन करना चाहिए। रात्रि में भी विष्णु नाम का पाठ करते हुए जागरण करना चाहिए। द्वादशी तिथि के दिन स्नान करने के बाद ब्राह्माणों को अन्न और धन की दक्षिणा देकर इस व्रत का समापन किया जाता है।

# पंचम भाव और संतान योग



**ज्योतिष शास्त्र में पंचम भाव का संबंध संतान, रचनात्मकता और पूर्व जन्म के कर्मों से है। खासकर संतान सुख का आकलन पंचम भाव, पंचमेश (पंचम भाव का स्वामी), गुरु ग्रह, और कुंडली के अन्य ग्रहों की स्थिति से किया जाता है। संतान प्राप्ति के लिए पंचम भाव का मजबूत होना अनिवार्य है। आइए, ज्योतिष के अनुसार संतान योग और विलंब के संभावित कारणों को समझें।**




## संतान योग के प्रमुख ज्योतिषीय संकेत

### लग्नेश का पंचम भाव में होना

**यदि** लग्नेश पंचम भाव में स्थित हो और गुरु बलवान हो, तो निश्चित रूप से संतान सुख प्राप्त होता है।

### पंचमेश और गुरु की शुभ स्थिति

**पंचमेश** (पंचम भाव का स्वामी) अथवा गुरु की स्थिति शुभ हो तो पुत्र रत्न की प्राप्ति होती है।

### शुभ ग्रहों का पंचम भाव में होना

**यदि** पंचम भाव में 2, 4, या 7 राशि हो अथवा शुक्र या चंद्रमा इन स्थानों पर स्थित हों, तो संतान योग बनता है।

### पंचम और नवम भाव के स्वामी

यदि प्रथम, पंचम और नवम भाव के स्वामी शुभ ग्रहों से युक्त हों, तो भी पुत्र प्राप्ति होती है, हालांकि इसमें विलंब संभव है।

### शनि की स्थिति

**पंचम** भाव में शनि हो तो एक पुत्र होता है।

**शनि** यदि कुंभ राशि में हो, तो पांच पुत्र होते हैं।

**शनि** मकर राशि में हो, तो तीन कन्याएं होती हैं।

### गुरु का प्रभाव

पंचम भाव में अकेला गुरु पंच पुत्र प्रदान करता है, लेकिन गुरु नीच का न हो।

### राहु व केतु का प्रभाव

पंचम भाव में मेष, वृष या कर्क राशि में राहु या केतु हो तो संतान प्राप्ति में विलंब नहीं होता।



*ज्योतिषाचार्य विभा शर्मा*
*शारदा ज्योतिष निकेतन*



## पाप ग्रहों का प्रभाव

यदि पाप ग्रह (जैसे शनि, राहु, केतु) पंचम भाव में हों और उन पर शुभ ग्रहों की दृष्टि न हो, तो संतान सुख में बाधा होती है। यदि चतुर्थ भाव में गुरु और पंचम या अष्टम भाव में चंद्रमा हो, तो संतान में 30 वर्ष तक विलंब होता है।



## संतान सुख के लिए करें ये उपाय

**शिव आराधनाः** शुक्र या बुध विलंब कारक हों तो शिवजी की आराधना से लाभ मिलता है।

**संतान गोपाल मंत्रः** गुरु यदि संतान में बाधा डालता हो तो संतान गोपाल मंत्र का नियमित जाप करें।

### ग्रह अनुष्ठान

**सूर्य,** मंगल, या शनि विलंबकारक हों, तो संबंधित ग्रहों के अनुष्ठान करें। नवमेश (नवम भाव का स्वामी) के कारण संतान बाधा हो तो कुल देवता की पूजा करें।पंचम भाव और उससे जुड़े ग्रहों की स्थिति संतान योग में प्रमुख भूमिका निभाते हैं। शुभ ग्रहों की उपस्थिति, गुरु का बलवान होना, और उचित उपाय संतान सुख सुनिश्चित कर सकते हैं। ज्योतिषीय परामर्श के साथ उपासना और अनुशासन से जीवन में संतान सुख प्राप्त किया जा सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### धमेटा स्कूल के मेधावी बच्चे किए सम्मानित



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धमेटा में सोमवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन प्रिंसिपल सुनील कुमार वशिष्ठ की अध्यक्षता में किया गय। समारोह में जलशक्ति विभाग के रिटायर्ड सचिव आईएएस विकास लाबरु ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की। इस दौरान स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर खूब वाहवाही लूटी। वहीं, मुख्यतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि अच्छी शिक्षा वह होती जो बच्चों में सपना देखने की क्षमता रखती हो, ताकि बच्चे उस सपने को पूरा करने के लिए जी तोड़ मेहनत कर पाएं। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि वह पाठशाला की फीस व बच्चे की अन्य जरूरतें पूरी करते हुए यह न समझ लें कि उनका कर्तव्य पूरा हो गया है, बल्कि बच्चे के अंदर पैदा किए गए सपने को पूरा करने में बच्चे का मार्गदर्शन करें। अंत में मुख्यतिथि द्वारा साल भर की गतिविधियों में अव्वल रहे बच्चों के साथ समारोह में हिस्सा लेने बाले बच्चों को सम्मानित किया गया।

### ज्योतिषी बिपिन शर्मा सूर्य पुत्र अवॉर्ड से सम्मानित

**अनंत ज्ञान, जवाली।** होटल रिजेंट पार्क जालंधर में अखिल भारतीय सरस्वती ज्योतिष मंच (रजी.) द्वारा रविवार को 73वां राष्ट्रीय ज्योतिष सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें 200 के लगभग ज्योतिषियों ने भाग लिया। इस अवसर पर अखिल भारतीय सरस्वती ज्योतिष मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित राजीव शर्मा, अक्षय शर्मा राकेश डागर अजय बांबी द्वारा जवाली के ज्योतिषी पंडित बिपिन शर्मा को ज्योतिष के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने हेतु सूर्य पुत्र अवॉर्ड के दो स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र और दोशाला देकर सम्मानित किया गया।



### सोनाली बनीं मिस यूनिवर्स इंडिया इंटरनेशनल

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** बैजनाथ के नागटा गांव की सोनाली शर्मा ने 'मिस यूनिवर्स इंडिया इंटरनेशनल-2024 का खिताब' जीतकर इलाके का नाम रोशन किया है। 22 दिसंबर की रात को मॉडलिंग का बहुत बड़ा शो एसके मिस यूनिवर्स इंटरनेशनल-2024 का आयोजन प्रिया प्रजापति, सोनिया और संदीप जी के द्वारा उत्तर प्रदेश के मुकुट होटल गाजियावाद में करवाया गया। इसमे बैजनाथ में छोटे से गांव नागटा की सोनाली शर्मा ने सबको पीछे छोड़ एसके मिस यूनिवर्स इंटरनेशनल का खिताब अपने नाम करके हिमाचल का नाम रोशन किया। (अनंत ज्ञान)



### थुरल कॉलेज में सात दिवसीय शिविर शुरू

**अनंत ज्ञान, डरोह।** महाराजा संसार चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय थुरल में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर में 35 छात्र छात्राएं भाग ले रहे हैं। शिविर का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. राका शर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए राष्ट्र सेवा योजना के महत्व को समझाते हुए उनके कर्तव्य से अवगत करवाया।

### एनएसएस का सात दिवसीय शिविर संपन्न

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में सोमवार को एनएसएस के सात-दिवसीय कैंप का समापन समारोह हुआ। इसमें बतौर मुख्यातिथि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. उपेंद्र शर्मा रहे। स्वयंसेवियों ने मुख्यातिथि को रोजेट पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया और राष्ट्रीय सेवा योजना इकई के स्वयंसेवियों द्वारा राष्ट्रीय गान के साथ इस कार्यक्रम का समापन किया गया।

### राख में विधवा महिला के मकान की छत गिरी

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** जिला की पालमपुर तहसील के अंतर्गत पड़ती राख पंचायत में विधवा महिला मंगला देवी के मकान की छत गत रविवार को देर रात अचानक गिर पड़ी। गनीमत रही कि इस दौरान जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ है, जिस वक्त ये छत गिरी उस समय पीड़िता मंगला देवी अपने बेटे के साथ नीचे वाले कमरे में सोई हुई थी। जैसे ही उनको छत के गिरने की आवाज सुनाई दी तो वे दौड़ कर बाहर आ गए और आसपास के लोगों को सूचित किया। इसके बाद उन्होंने वार्ड पंच और पंचायत प्रधान को इस बारे जानकारी दी। मंगला देवी ने बताया कि उनका कच्चा मकान है और कई साल पुराना है, जिसकी छत कंडम होने के कारण गत रात गिर गई है। मंगला देवी ने पंचायत प्रधान, स्थानीय प्रशासन और हिमाचल से से अपील की है कि उसके हुए नुकसान का आकलन कर उचित मुआवजा दिया जाए और उन्हें नया पक्का घर बनाने के लिए भी आर्थिक मदद प्रदान की जाए।

### भारतीय मजदूर संघ ने हाड़ा में की बैठक

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** भारतीय मजदूर संघ की जिला स्तरीय बैठक हाड़ा स्थित अंबेडकर भवन में जिला अध्यक्ष पुरषोत्तम शर्मा की अध्यक्षता में हुई। इसमें भारतीय मजदूर संघ प्रदेशाध्यक्ष मदन राणा ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। प्रदेशाध्यक्ष मदन राणा ने कहा आज की बैठक में भारतीय मजदूर संघ द्वारा शुरू किए गए जन जागरण अभियान पर चर्चा की। उक्त अभियान दौरान भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को भारतीय मजदूर संघ की 70 साल की उपलब्धियों पर जानकारी दे रहे हैं।

### हल्दरा बेहड़ा में मनाया गया अन्नकूट पर्व

**अनंत ज्ञान, डरोह।** हल्दरा बेहड़ा गांव में हर साल की तरह इस वर्ष भी ठाकुर मुरली मनोहर का सालाना पर्व अन्नकूट बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह त्योहार हर वर्ष दिसंबर महीने के अंतिम रविवार को मनाया जाता है। इस कार्यक्रम का प्रबंध गांव हल्दरा बेहड़ा के गुलेरिया खानदान के लोगों द्वारा किया जाता है।इसमें आसपास के गांव के लोग भी भाग लेते हैं। पुजारी संजू जम्वाल इस मंदिर में प्रतिदिन पूजा पाठ करते हैं।इस कार्यक्रम में गांव के सरवण गुलेरिया द्वारा भरपूर सहयोग दिया जाता है। इस कार्यक्रम में लंगर (जग) अटूट चलता है। बहुत दूर दूर से यहां श्रद्धालु मुरली मनोहर जी के दर्शन करने व प्रसाद ग्रहण करने आते हैं। यहां पर दिल्ली, चंडीगढ़, हरियाणा जालंधर आदि स्थानों से भी लोग ठाकुर के दर्शन करने आते हैं।

### भवारना में पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता संपन्न

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राज्य स्तरीय एक दिवसीय पावरलिफ्टिंग क्लासिक स्टेट बेंच प्रेस एवं डेडलिफ्ट चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को महर्षि दयानंद सामुदायिक भवन भवारना में किया गया। प्रतियोगिता के समापन पर इंटक के प्रदेश महासचिव व कांगड़ा इंटक अध्यक्ष सजंय सैनी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने युवाओं को हमेशा नशे से दूर रहने की शिक्षा दी, वहीं प्रदेश स्ट्रेंथ लिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष व इस प्रतियोगिता के आयोजक ध्रुव सिंह की ऐसी गतिविधियों के आयोजन के लिए सराहना की। प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्यतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता के आयोजक ध्रुव सिंह ने कहा कि इस प्रतियोगिता में लगभग पूरे प्रदेश से 150 के करीब प्रतिभागियों ने अपने शारीरिक और मानसिक कौशल का प्रदर्शन किया।

### शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष बल दे रही सरकार

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** विधायक बैजनाथ किशोरी लाल ने सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला उत्तराला के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार की ओर से बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए स्कूल स्तर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार शिक्षा की गुणवत्ता पर भी विशेष बल दे रही है तथा विद्यालयों में आधारभूत संरचना को सुदृढ़ किया जा रहा है। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा डे-बोर्डिंग स्कूल खोलने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं।

### सुलह कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव पर मंथन

**अनंत ज्ञान, डरोह।** सोमवार को सुलह विधानसभा क्षेत्र के अक्षेणा में पूर्व विधायक सुलह जगजीवन पाल की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सुलह कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष के चुनाव बारे में विचार-विमर्श किया गया। कांग्रेस के कांगड़ा चंबा प्रभारी पर्यवेक्षक शांतनु चौहान भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। जगजीवन पाल ने बताया कि जनसंघ से सुलह विधानसभा क्षेत्र से पहले विधायक शांता कुमार बने थे। यह चुनाव जीतना बहुत ही गम्भीर होता है। उन्होंने कहा कि पिछले दो सालों में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ जो व्यवहार किया बहुत ही गलत किया गया। जैसे की ज्ञात ही है कि सुलह विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के दो गुट हैं। सुलह विधानसभा क्षेत्र में जगजीवन पाल गुट दूसरे गुट पर हावी है। इस बीच रिटायर कर्मचारियों ने कांग्रेस के इस सम्मेलन में कांग्रेस का हाथ थामा।

# सरकार का क्वालिटी एजुकेशन पर फोकस

## उपमुख्य सचेतक केवल पठानिया बोले, विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए आरंभ की डॉ. परमार ऋण योजना

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण और समावेशी शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए 850 संस्थानों को उत्कृष्टता केंद्र के रूप में विकसित किया है। सोमवार को प्रेई स्कूल के वार्षिक उत्सव में बतौर मुख्यातिथि उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों के 15 हजार पदों को भरने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। शिक्षकों के 3,200 पद बैचवाइज भरे गए हैं, जबकि 2,800 से अधिक पद राज्य चयन आयोग के माध्यम से भरे जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल की बैठक में पीजीटी शिक्षकों के 700 पद और एनटीटी के 6200 पद भरने की मंजूरी दी है जिसकी भर्ती प्रक्रिया जल्द शुरू होगी।



**प्रेई पाठशाला के वार्षिक उत्सव में नवाजे मेधावी**

विद्यार्थियों को समावेशी शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए शैक्षणिक सत्र के बीच शिक्षकों के तबादलों पर प्रतिबंध लगाया गया है। सीधी भर्ती के अलावा पदोन्नति के माध्यम से भी हजारों पद भरे गए हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से ही अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई का अपना चुनावी वायदा भी पूरा किया है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में अत्याधुनिक तकनीक से लैस राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने डॉ. वाई.एस. परमार विद्यार्थी ऋण योजना शुरू की है। इस योजना के तहत छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए महज एक प्रतिशत की मामूली ब्याज दर पर 20 लाख रुपये तक का ऋण प्रदान किया जा रहा है। विदेश में शिक्षा प्राप्त करने वाले आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के छात्रों को भी इस योजना में कवर किया गया है। उन्होंने कहा कि अनियमितताओं को दूर करने के लिए स्मार्ट ड्रेस के लिए डीबीटी योजना शुरू की गई है। शिक्षकों और छात्रों के लिए देश और विदेश में एक्सपोजर विजिट के अलावा प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए हैं। स्कूलों में कृषि और बागवानी को एक अतिरिक्त विषय के रूप में जोड़ा गया है साथ ही स्कूलों में क्लस्टर सिस्टम शुरू किया गया है। शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए शिक्षकों को पुरस्कृत किया जा रहा है। स्कूल की प्रिंसिपल रचना मनचंदा ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए स्कूल की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

### कुठार में महिला मंडल भवन का किया लोकार्पण

**शाहपुर।** उपमुख्य सचेतक केवल पठानिया ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए राज्य सरकार कारगर कदम उठा रही है। सोमवार को कुठार में महिला मंडल भवन का लोकार्पण करने के उपरांत उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि मुख्यमंत्री विधवा एवं एकल नारी आवास योजना के तहत मकान निर्मित करने के लिए सरकार द्वारा अनुदान दिया जाता है इसी तरह से लैंड सीलिंग एक्ट में संशोधन कर बेटियों को पैतृक संपत्ति में बेटों के समान अधिकार दिलाया गया है। उन्होंने कहा कि गांवों के विकास को लेकर वे बहुत गंभीर हैं तथा इसके लिए वे सिलसिलेवार तरीके से ग्रामीण विकास से जुड़े कर्मचारियों के साथ बैठक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शाहपुर में ग्रामीण विकास के तहत सरकार द्वारा अभी तक 6 करोड़ व्यय किए गए हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी विकास कार्यों के लिए धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का जन कल्याण और विकास की विभिन्न योजनाओं के प्रभावी और समयबद्ध तरीके से लागू करने पर विशेष जोर है।



### धर्मशाला अस्पताल में बिना चीरे के आंखों के सफल ऑपरेशन

**धर्मशाला।** जोनल अस्पताल धर्मशाला में अत्याधुनिक लेजर मशीन (फेको) के माध्यम से आंखों के रोगों से पीड़ित 200 के करीब मरीजों के सफल ऑपरेशन हुए हैं। धर्मशाला अस्पताल में फेको मशीन से ऑपरेशन की सुविधा अगस्त माह से शुरू कर दी गई थी, जबकि अब पिछले दो माह से बिना इंजेक्शन के ऑपरेशन किए जा रहे हैं। इससे सफेद मोतियां के ईलाज सरकारी अस्पताल में बेहतरीन तरीके से करवाने की सुविधा मिल रही है। इससे पहले टांडा अस्पताल और कांगड़ा के चुनिंदा निजी अस्पतालों में ही फेको मशीन से मोतियाबिंद के ऑपरेशन की सुविधा मिलती थी, लेकिन अब धर्मशाला अस्पताल में भी यह सुविधा मिल रही है। फेको मशीन आंखों के मोतियाबिंद उपचार के लिए एक अत्याधुनिक तकनीक है। इस विधि के दौरान आंख में महज 2.8 एमएम का एक बारीक छेद किया जाता है। इसके माध्यम से आंखों के सफेद मोतिया को आंखों के अंदर ही घोल दिया जाता है और फोल्डेबल लैंस को आंख के अंदर प्रत्यारोपित कर दिया जाता है।

## श्री साई कॉलेज ने राष्ट्रीय हैकाथॉन में हासिल किया तीसरा स्थान



**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

आईबीएम द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर के हैकाथॉन प्रतियोगिता में श्री साई कॉलेज इंजीनियरिंग एंड तकनीक की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में देश से विभिन्न कॉलेजों और विश्वविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आजोयन किया जिस में कुल 24 टीमों ने भाग लिया। इसमें श्री साई कॉलेज इंजीनियरिंग एंड तकनीक बधानी पठानकोट के सीएसई विभाग के तीसरे सेमेस्टर के विद्यार्थी ने तीसरी पोजीशन ली और अपने तकनीकी कौशल का परिचय दिया। हैकाथन का उद्देश्य युवा प्रतिभाओं को नए समाधान विकसित करने और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने का था। टीम के सदस्य ऋतिक शर्मा, अखिल, महताब सिंह ने इस सफलता का श्रेय अपनी मेहनत, सामूहिक प्रयास और मार्गदर्शक प्रोफेसर को दिया। कॉलेज प्रमुख डॉ. विपिन गुप्ता ने भी इस सफलता पर टीम को बधाई दी और कहा कि यह उपलब्धि न केवल टीम के सदस्यों की मेहनत का फल है, बल्कि पूरे कॉलेज के लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर श्री साई ग्रुप के सीएमडी कंवर तुषार पुंज ने ऋतिक शर्मा, अखिल, महताब सिंह को बधाई दी। (अनंत ज्ञान)

### दो मामलों में भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** जिला पुलिस प्रशासन ने दो अलग-अगल मामलों में अवैध रूप से बेची जा रही शराब को बरामद कर दोषियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एसपी जिला कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस थाना पंचरुखी के तहत लदोह में जशपाल निवासी लदोह डॉ. पंचरुखी तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा की दुकान से 18,000 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की है। इस संदर्भ में अभियोग जेर धारा 39-1(ए) के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं, दूसरे मामले में पुलिस थाना भवारना के तहत लसयाड़ी में गगन सिंह निवासी उतरेड़ डाकघर भवारना तहसील पालमपुर की दुकान से 9,000 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की गई है। इस संदर्भ में पुलिस द्वारा अभियोग जेर धारा 39-1(ए) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## जीजीडीएसडी में नई शिक्षा नीति पर डाला प्रकाश

### कॉलेज के इनोवेशन सैल के तत्वावधान में एक अतिथि व्याख्यान आयोजित

**अनंत ज्ञान, पालमुपर**

जीजीडीएसडी कॉलेज राजपुर में 'नई शिक्षा नीति पर संस्थान के इनोवेशन सैल के तत्वावधान में एक अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश, धर्मशाला के पूर्व प्रो वाइस चांसलर और वर्तमान में करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी, हमीरपुर के प्रोफेसर और डीन अकादमिक अफेयर्स तथा भारतीय कृषि अर्थशास्त्र सोसायटी, मुंबई के फेलो डॉ. एचआर शर्मा ने 'नई शिक्षा नीति 2020 के तहत उच्च शिक्षा का बदलता परिदृश्य और छात्रों के लिए अवसर विषय पर व्याख्यान दिया। कॉलेज के निदेशक एवं प्राचार्य डॉ. विवेक शर्मा ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि यह व्याख्यान छात्रों और शिक्षकों के लिए नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों को समझने और उससे लाभ उठाने का एक बेहतरीन मंच है।



शिक्षा के पारंपरिक दायरों से बाहर निकल कर किताबों और कक्षाओं तक सीमित न रखते हुए व्यावसायिक और प्रैक्टिकल शिक्षा प्रदान करने में नई शिक्षा नीति आत्मनिर्भरता और नवाचार को बढ़ावा दे रही है।

गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म शिक्षा समिति बैजनाथ के महासचिव डॉ. सतीश शर्मा भी इस व्याख्यान में विशेष रूप से सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का मंच संचालन सहायक प्राध्यापक अनुराग शर्मा ने किया। सहायक प्राध्यापक मोनिका चौधरी ने मुख्य वक्ता का परिचय प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के समापन पर संस्थान के इनोवेशन सेल की प्रेसिडेंट डॉ. गीता रानी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक सुमन कुमार, डॉ. ध्रुव देव शर्मा, अरविंद कुमार, डॉ. ज्योति, विनीत राणा और विद्यार्थी उपस्थित रहे। व्याख्यान छात्रों और शिक्षकों के लिए एक ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक अनुभव रहा।

## सद्दूं पंचायत में बधाई के नाम पर 21 हजार रुपए लेने से लोगों में गुस्सा

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

शादी या अन्य शुभ कार्यों पर थर्ड जेंडर समुदाय के लोगों को बधाई राशि देने की परंपरा है। लोग अपनी आर्थिक हालत के मद्देनजर यह राशि इन्हें प्रदान करते हैं, लेकिन अब कई इलाकों से ज्यादा राशि वसूलने की शिकायतें आने लगी हैं। नगरोटा बगवां की सद्दूं पंचायत से भी ग्रामीणों ने इस तरह की शिकायतें की हैं। कई ग्रामीणों ने बताया कि उनसे मनमाने पैसे लिए गए हैं। सद्दूं पंचायत के रहने वाले अंकू ने बताया कि उनसे बच्चा होने की बधाई 11 हजार रुपए ली गई। एक अन्य ग्रामीण प्रिंस ने बताया कि उनसे भी 11 हजार रुपए बधाई ली गई। अन्य ग्रामीण कर्मचंद ने बताया कि उनके घर में शुभ होने पर उनसे 21 हजार रुपए बधाई के तौर पर लिए गए। वहीं, सद्दूं पंचायत प्रधान अर्चना कुमारी ने बताया कि उन्होंने बधाई की राशि 11 सौ रुपए तय की है। इसके बावजूद ज्यादा पैसे लिए जा रहे हैं। वहीं, डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने कहा कि ज्यादा पैसे वसूलना गलत है। अगर किसी से ज्यादा पैसे लिए जा रहे हैं, तो वह पुलिस को शिकायत दे सकता है।

### जयसिंहपुर में शुरू हुई क्रिकेट प्रतियोगिता

**जयसिंहपुर।** सुनील कम्युनिकेशन द्वारा जयसिंहपुर के ऐतिहासिक मैदान में चैलेंजर कप-2024 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ समाजसेवी रमित शर्मा द्वारा किया गया। चैलेंजर कप में 16 टीम में भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता में पहला इनाम 15000 रुपए ट्रॉफी मोमेंटो तथा दूसरा इनाम 7000 रुपए तथा ट्रॉफी मोमेंटो रखा गया है। आयोजक सुनील कुमार ने बताया कि युवाओं को नशे जैसी आदतों से बचाने के लिए इस तरह की प्रतियोगिताएं करवाते रहते हैं।

## सीटीडी की टीम ने हेल्थ वेलनेस सेंटर बलधर में निक्षय कैंप का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

वर्ष 2025 तक भारत को टीबी मुक्त करने के उद्देश्य से चल रहे सौ दिन के अभियान में सोमवार को स्वास्थ्य खंड नगरोटा बगवां के हेल्थ वेलनेस सेंटर बलधर में आयोजित निक्षय शिविर का तीन सदस्यीय सीटीडी की टीम ने निरीक्षण किया और कैंप में इस बीमारी के संबंध में किए जा रहे स्वास्थ्य परीक्षणों की विस्तृत जानकारी जुटाई। डॉक्टर सूर्यवंशी, डॉक्टर आशीष और डॉक्टर आत्मिका नायर की टीम ने शिविर में टीबी की जांच को लेकर किए जा रहे ट्रू नाट, एआई सहित एक्सरे, साई टीबी सहित अन्य परीक्षणों का बारीकी से निरीक्षण किया



और विभाग की तैयारियों का मूल्यांकन किया। टीम ने विभाग द्वारा इस अभियान के अंतर्गत दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं पर संतुष्टि जाहिर करते हुए इसे और गति देने पर बल दिया, ताकि भारत सरकार द्वारा इस बीमारी के खात्मे को लेकर तय किए लक्ष्य को समय रहते पूरा किया जा सके। टीम ने बलधर गांव के कुछ घरों का निरीक्षण भी किया और वहां मौजूद लोगों से स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए गए इस आयोजन की जानकारी उन तक पहुंचाए जाने के संबंध में भी जानकारी जुटाई। टीम का हेल्थ वेलनेस सेंटर बलधर पहुंचने पर डॉक्टर रूबी भारद्वाज खंड चिकित्सा अधिकारी नगरोटा बगवां ने स्वागत किया और उन्हें हिमाचल के गौरव का प्रतीक शाल टोपी देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान टीम ने नागरिक अस्पताल नगरोटा बगवां का भी निरीक्षण किया।

### वर्षा के लिए इंद्रुनाग मंदिर में करवाया हवन

**धर्मशाला।** लगभग दो महीने से वर्षा न होने के कारण किसान से लेकर व्यवसायी वर्ग कई समस्याओं से जूझ रहा था। सोमवार को वर्षा के लिए होटल एवं रेस्तरां एसोसिएशन धर्मशाला के खनियारा स्थित भगवान इंद्रुनाग की शरण में पहुंचे। एसोसिएशन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने मंदिर में पहुंच कर पूजा एवं हवन किया। भगवान शिव को प्रसन्न करने और भरपूर बारिश के लिए उनका आशीर्वाद लेने के लिए उन्होंने मंदिर में पूजा एवं हवन किया। अध्यक्ष अश्नी बाबा ने कहा कि वर्षा न होने के कारण पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज में पर्यटकों की संख्या न के बराबर है, जिसके कारण होटल व्यवसायियों को घाटे का सामना करना पड़ गया है। वहीं, सोमवार दोपहर के बाद मौसम ने करवट बदली तथा धर्मशाला सहित मैक्लोडगंज, भागसुनाग, सतोवरी, नड्डी आदि क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी हुई।

## अरनी यूनिवर्सिटी और फ्यूचर विज एवं ट्रूचिप के बीच एमओयू साइन

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि अरनी विश्वविद्यालय के ताज में एक और पंख जुड़ गया है। विश्वविद्यालय और फ्यूचर विज व ट्रूचिप ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, जिसका उद्देश्य शिक्षा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाना है। अरनी विश्वविद्यालय, फ्यूचर विज एवं ट्रूचिप के बीच छात्रों को बीटेक इलैक्टानिक्स, तकनीकी शिक्षा, अनुसंधान परियोजना, संकाय प्रशिक्षण के क्षेत्र में नई दिशा देने के लिए स्थापित किया गया है। विश्वविद्यालय नियमित रूप से उद्योग विशेषज्ञों से



फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम भी आयोजित कराते हैं। छात्रों को उद्योग की आवश्यकताओं से संबंधित शिक्षा प्रदान करने में मदद करता है। अरनी विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. विवेक सिंह और और फ्यूचर विज के प्रमुख अधिकारियों ने इस साझेदारी की सराहना की और कहा कि यह कदम छात्रों को बेहतर शैक्षिक और व्यावसायिक अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

जय गुरुदेव – जय गुरु रविदास जी
स्वामी जगत गिरि चैरीटेबल ट्रस्ट, भदरोआ
की ओर से परमपूज्य
श्री श्री 108 स्वामी गुरदीप गिरि महाराज जी
की रहनुमाई में
ब्रह्मलीन स्वामी जगत गिरि जी के निर्वाण दिवस पर
बुधवार, 25 दिसम्बर 2024 को
हरि मानव एकता संत सम्मेलन
का आयोजन स्वामी जगत गिरि आश्रम, श्री गुरु रविदास चौक, नया चक्की पुल, भदरोआ (हि.प्र.) में किया जा रहा है जिसमें अनेक संत–महात्मा एवं बुद्धिजीवि पधार रहे हैं।
आप भी इस संत–सम्मेलन में सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।
कार्यक्रम
मंगलवार, 24 दिसम्बर 2024 संत प्रवचन शाम 07 बजे (हिंदी में)
बुधवार, 25 दिसम्बर 2024
योग साधना ........................ प्रात: 06 बजे
अमृतवाणी का पाठ ........................ प्रात: 08 बजे
सबद–कीर्तन ........................ सुबह 10 बजे से11-00 बजे तक
संत–प्रवचन ........................ सुबह 11-00 बजे से बाद दोपहर 1-00 बजे तक
हजूर महाराज श्री श्री 108 स्वामी गुरदीप गिरि जी द्वारा अमृत–वर्षा
बाद दोपहर 1-00 बजे
गुरु जी का अटूट लंगर भी बरताया जाएगा।
इस दिन फ्री मैडीकल कैंप भी लगाया जाएगा।
दर्शनाभिलाषी
स्वामी जगत गिरि चैरीटेबल ट्रस्ट, भदरोआ
M. 7508324700,9417295805,9915079730

**संबोधन** देहरा की विधायक ने नवाजे इंदिरा कॉलोनी स्कूल के होनहार

## निराश्रित बच्चों की देखभाल एवं शिक्षा सरकार की प्राथमिकता: कमलेश ठाकुर

**अनंत ज्ञान, देहरा**

प्रदेश के निराश्रित बच्चे अब 'चिल्ड्रेन ऑफ स्टेट' हैं और उनकी शिक्षा व देखभाल प्रदेश सरकार की जिम्मेदारी होने के नाते सरकार की प्राथमिकता है। देश में अनाथ बच्चों की देखभाल और सहायता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कानून बनाने वाला हिमाचल प्रदेश पहला राज्य है। प्रदेश सरकार की यह ऐतिहासिक पहल समाज के संवेदनशील वर्गों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस योजना के अन्तर्गत प्रदेश सरकार ने अनाथ बच्चों के कल्याण, पालन-पोषण और शिक्षा का उत्तरदायित्व



संभाला है। इन बच्चों को सम्मानजनक जीवन जीने के लिए आवश्यक संसाधन और बेहतरीन अवसर उपलब्ध करवाने के लिए सरकार कार्य कर रही है। देहरा विधानसभा क्षेत्र के हरिपुर में बीबीएम पब्लिक स्कूल इंदिरा कॉलोनी के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए विधायक कमलेश ठाकुर ने यह उद्गार प्रकट किए। विधायक ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए स्कूल को 11 हजार रुपए देने की घोषणा की।

### विधायक ने झकलेड़ में सुनीं जनसमस्याएं

**इससे** पूर्व कमलेश ने ग्राम पंचायत झकलेड़ में जनसमस्याओं को सुना। विधायक ने लोगों की समस्याओं को सुनते हुए अधिकारियों से शीघ्र अति शीघ्र इनका निपटारा करने के निर्देश दिए।

## न्यूज ब्रीफ

### बारिश से किसानों ने ली राहत की सांस



**गोपाल कपिल, झंडूता।** सोमवार से शुरू हुई बारिश से किसानों ने राहत की सांस ली है। सुबह से रुक रुक कर बारिश हुई । बारिश से खेतों में नमी आ गई है। इससे किसानों के चेहरे खिल उठे। वहीं सूखी सर्दी से होने वाली बीमारियों से लोगों को राहत मिलेगी। किसान बारिश ना होने से परेशान थे। वह गेहूं सहित अन्य रवि सीजन की फसलें नहीं बीज पाये थे। लेकिन अब बारिश होने से किसान गेहूं, सरसों सहित अन्य सब्जियों की बिजाई कर सकेंगे। बारिश से झंडूता भर में तापमान में गिरावट आई है। बारिश होने से किसान खुश हैं। जिन किसानों ने गेहूं बीज दी है उन किसानों का कहना है कि गेहूं की बुवाई के बाद लंबे समय तक बारिश न होने से उन्हें काफी नुकसान हुआ है। इस बारिश से कुछ हद तक उस नुकसान की भरपाई हो सकती है। झण्डूता में बड़े स्तर पर किसान गेहूं की पैदावार करते हैं। इसके अलावा अन्य सब्जियों के लिए भी बारिश लाभदायक है।

### भराड़ी में बीवोक. कार्यक्रम के लिए प्रेरक सत्र आयोजित

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** पीएम श्री मुख्यमंत्री आदर्श राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाल भराड़ी में बीवोक. कार्यक्रम के लिए प्रेरक (मॉबिलाइजेशन) सत्र आयोजित हुआ। राजकीय महाविद्यालय कलरी से राजीव चौहान व गौरव संख्यान द्वारा यह सत्र आयोजित किया गया। राजीव हॉस्पिटैलिटी और टूरिज्म में विशेषज्ञता रखते हैं, जबकि गौरव खुदरा प्रबंधन (रिटेल मैनेजमेंट) पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। रिटेल मैनेजमेंट में बी.वोक. कार्यक्रम 3-4 वर्षीय स्नातक व्यावसायिक डिग्री है, जो छात्रों को खुदरा और हॉस्पिटैलिटी टूरिज्म के क्षेत्र में ज्ञान प्रदान करती है। यह कार्यक्रम इंटर्नशिप, फील्ड स्टडीज और उद्योग विशेषज्ञों के साथ संवाद के माध्यम से व्यावहारिक अनुभव भी प्रदान करता है।

### सुशासन दिवस और वीर बाल दिवस को लेकर तैयारियां जोरों पर

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** जिला भाजपा ने 25 दिसंबर को सुशासन दिवस और 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में प्रस्तावित कार्यक्रमों के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस पर सुशासन दिवस के तहत जिला के सभी बूथों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं, वीर बाल दिवस पर मंडल स्तर पर कार्यक्रम होंगे। जिला भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र सांख्यान ने कहा कि 25 दिसंबर को स्व. वाजपेयी का जन्म दिवस सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इसके तहत जिला के चारों विधानसभा क्षेत्रों के 427 बूथों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं, 26 दिसंबर को गुरु गोबिंद सिंह के पुत्रों बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह के बलिदान दिवस को जिला में भाजपा के सभी आठ मंडलों में वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

### विद्यार्थियों ने किया एनआईटी हमीरपुर का भ्रमण



**अनंत ज्ञान, डंगार चौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डंगार के साठ छात्र एवं छात्राएं एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए राष्ट्रीय आविष्कार अभियान (आरएए)के अंतर्गत राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर में भ्रमण के लिए गए। पाठशाला प्रधानाचार्या रेखा शर्मा ने प्रातः 8:15 पर हरी झंडी दिखाकर बच्चों को दो बसों में रवाना किया। इस अवसर पर रेखा शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीण पाठशालाओं में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों को जीवन में कुछ नया करने का अवसर प्राप्त होता है। इस दौरान पाठशाला आरएए प्रभारी अनुराधा शर्मा, बीना, सरला और कुलभूषण बच्चों के साथ शैक्षिक भ्रमण दल के साथ रहे।

### समीक्षा समिति एवं जिला समन्वय समिति की बैठक संपन्न

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** यूको बैंक द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 की वार्षिक ऋण योजना के तहत सितंबर 2024 तक की प्रगति की समीक्षा हेतु जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला समन्वय समिति की बैठक का आयोजन बचत भवन, जिला उपायुक्त कार्यालय, बिलासपुर में किया गया। बैठक की अध्यक्षता एडीसी डॉ. निधि पटेल ने की। बैठक में जिले में कार्यरत सभी बैंकों द्वारा सरकार की गरीबी उन्मूलन योजनाओं के अंतर्गत की गई प्रगति, वार्षिक ऋण योजना के तहत लक्ष्यों की प्राप्ति, तथा ऋण वितरण में हुए सुधारों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैंकों द्वारा अब तक की गई प्रगति की सराहना की गई और उन्हें भविष्य में जिले के आर्थिक और सामाजिक विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

### झंडूता कॉलेज में सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू



**अनंत ज्ञान, झंडूता।** राजकीय महाविद्यालय झंडूता में एनएसएस इकाई द्वारा सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ किया गया। जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. संजय कुमार ने की। इस शिविर के दौरान 7 दिनों तक चलने वाली गतिविधियों की जानकारी दी गई में जिनमें स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण रैली, नशा निवारण जागरूकता रैली जैसे कार्यक्रम शिविर के दौरान करवाए जाएंगे। शिविर के प्रथम दिवस के शुभारंभ में बायो एंजाइम विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्या प्रो. अंजू बाला उपस्थित रहीं।

### प्रो. बिहारी लाल शर्मा 'ज्योतिष मार्तण्ड' से सम्मानित



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश के जिला बिलासपुर के झण्डूता तहसील के रोहल (गांव- भद्रोल) के निवासी और प्रदेश के गौरव प्रो. बिहारी लाल शर्मा ने एक बार फिर अपने प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है। 22 दिसंबर 2024 को भारत की सांस्कृतिक राजधानी काशी में आयोजित विद्वद् अलंकरण समारोह में 'अखिल भारतीय विद्वत परिषद् उन्हें संस्कृत और ज्योतिष के क्षेत्र में उनकी अतुलनीय सेवाओं और योगदान के लिए ज्योतिष मार्तण्ड जैसे प्रतिष्ठित अलंकरण से सम्मानित किया गया। इससे पहले भी, प्रो. बिहारी लाल शर्मा को काशी की पवित्र भूमि पर काशी रत्न अलंकरण से सम्मानित किया जा चुका है। प्रो. शर्मा की अद्वितीय प्रतिभा और विद्वत्ता को देखते हुए उन्हें श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में सहायक आचार्य के रूप में नियुक्त किया गया। शिक्षा, शोध और संस्कृत के प्रति उनके समर्पण ने उन्हें उच्च शैक्षणिक पदों पर पहुंचने का मार्ग प्रशस्त किया। वर्तमान में, प्रो. बिहारी लाल शर्मा देश के सबसे प्राचीन संस्कृत विश्वविद्यालयों में से एक, सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी के कुलपति के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। यह पहली बार नहीं है जब प्रो. शर्मा को काशी की पवित्र धरती पर सम्मानित किया गया है। इससे पूर्व उन्हें उनकी विद्वत्ता और समाज के प्रति योगदान को देखते हुए काशी रत्न जैसे प्रतिष्ठित अलंकरण से नवाजा गया था।

### बिनौला में युवक के साथ मारपीट, केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** थाना सदर के तहत आने वाले बिनौला में एक युवक के साथ मारपीट की गई। पुलिस ने हंसराज निवासी त्यून खास डाकघर कोठी तहसील घुमारवीं जिला बिलासपुर की शिकायत के आधार पर थाना सदर में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी गई शिकायत में कहा गया है कि वह गत 6 दिसम्बर को अपने मामा के साथ उनके ट्रक में बालन लेकर यमुनानगर गया था। यमुनानगर में वह अपने मामा से अलग हो गया था । शिकायत में कहा गया है कि यमुनानगर में उसे उसके दो जानने वाले युवक मिल गए और 8 दिसंबर को वह उनके ट्रक में बैठकर आ गया था तथा उसी दिन शाम को वह लोग बिनौला में पहुंच गए थे। बिनौला में उन्हें एक और युवक मिला। आरोप लगाया कि बिनौला में उसकी एक युवक से बहस हो गई तथा आरोपी ने उसके साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान हुई धक्का-मुक्की से वह सड़क पर गिर गया था। अपने बचाव के लिए वह वहां से भागा तथा कुछ दूरी पर जाने के बाद वह बेहोश हो गया था। पुलिस प्रवक्ता डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत आपराधिक मामला दर्ज कर लिया है तथा मामले की आगामी कार्रवाई की जा रही है।

# नौणी में बिलासपुर पुलिस बना रही जिले का सबसे बड़ा जंकयार्ड

**शुभम राही, बिलासपुर**

किरतपुर नेरचौक फोरलेन के साथ लगते नौणी क्षेत्र में बिलासपुर पुलिस जिला का सबसे बड़ा जंकयार्ड बनाने जा रही हैं। इसके लिए पुलिस प्रशासन द्वारा 5.16 बिस्वा जमीन भी चिन्हित कर ली है। सारी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद इस जमीन की फाइनल रिपोर्ट तैयार करके एफसीए क्लीयरेंस को फाइल भेज दी गई है। एफसीए क्लीयरेंस होने के तुरंत बाद बिलासपुर पुलिस यहां पर जंकयार्ड का कार्य शुरू करेगी।

पुलिस प्रशासन द्वारा गठित कमेटी द्वारा इसका संयुक्त रूप से विजिट भी किया गया है और यहां पर स्थान व पेड़ों की भी गणना इत्यादि हो चुकी है। विभाग को अब इंतजार एफसीए क्लीयरेंस का हैं। खबर की पुष्टि बिलासपुर एएसपी शिव कुमार चौधरी ने की।

गौरतलब है कि बिलासपुर जिला के सभी थानों में विभिन्न मामलों में औसतन साल में दर्जनों




**सभी थानों में मौजूद जब्त वाहनों को एक ही स्थान पर रखेगी पुलिस**

गाड़ियां जब्त होती हैं। बड़ी घटनाओं में प्रयुक्त वाहनों के अलावा न्यायालय में लंबित गाड़ियां थाना परिसरों में ही पड़ी रह जाती है। बाद में इसके दावेदार भी नहीं आते है। जिसके चलते जब्त वाहन थाने में ही सड़कर बर्बाद हो जाते हैं। फिलहाल, बिलासपुर जिला में ऐसा कोई भी थाना नहीं है जहां दर्जनों की संख्या में जब्त वाहन जंग नहीं खा रहे हो।

ऐसे में थानों में अधिकतर जब्त वाहनों की वजह से काफी स्थान घिरा रहता है, जिससे कई बार पुलिस कर्मचारियों को अधिक परेशानी होती है। वहीं, इस सभी परेशानियों को देखते हुए बिलासपुर पुलिस द्वारा जिले में एक पहला और बड़ा जंकयार्ड बनाने की योजना तैयार की गई है।

वहीं, पुलिस मुख्यालय से इस जंकयार्ड बनाने के लिए हरी झंडी दी गई है। ऐसे में बिलासपुर पुलिस द्वारा पहली बार जब्त वाहनों को एक ही स्थान पर रखने की तैयारी है। वहीं, घुमारवीं, झंडूता, श्री नयना देवी जी व सदर सभी क्षेत्रों में जब्त पड़े वाहनों की इस यार्ड में ही रखा जाएगा। वहीं, इस यार्ड में बतौर पुलिस अपने कर्मचारियों की ड्यूटी लगाएगी जो यहां पर 24 घंटे तैनात रहेंगे। (अनंत ज्ञान)

### पुलिस को अब एफसीए की क्लीयरेंस का इंतजार

बिलासपुर पुलिस को अब इंतजार एफसीए की क्लीयरेंस का है। अधिकारियों का कहना है कि जैसे ही क्लीयरेंस आती है तो यह कार्य तेजी से शुरू कर दिया जाएगा। थानों में जब्त वाहनों की संख्या बढ़ती जा रही है। दुर्घटना और नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई कर उनके वाहन जब्त किए जा रहे हैं।



"बिलासपुर जिला के नौणी क्षेत्र में 5.16 बिस्वा जमीन पर जंकयार्ड बनाया जाएगा। इसके लिए सभी औपचारिताएं पूरी करके एफसीए क्लीयरेंस को लेकर फाइल भेज दी गई है। एप्रूवल आते ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा। यह जंकयार्ड जिला का पहला और सबसे बड़ा जंकयार्ड होगा।
-शिव कुमार चौधरी, एएसपी बिलासपुर।

## श्री नयना देवी में नववर्ष के मेले के दौरान पूरा क्षेत्र 9 सेक्टरों में होगा विभाजित



बैठक में संबंधित विभागों के समस्त विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

श्री नयना देवी जी नववर्ष मेला-2024 के आयोजन को सुचारू एवं सुरक्षित बनाने के लिए एडीसी डॉक्टर निधि पटेल की अध्यक्षता में अधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक आयोजित की गई।

उन्होंने बताया कि नववर्ष मेला 30 दिसंबर से 1 जनवरी 2025 तक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उपमंडलाधिकारी (ना0) श्री नयना देवी जी, स्वारघाट को मेला अधिकारी और उपपुलिस अधीक्षक, श्री नयना देवी जी को पुलिस मेला अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस संबंध में संबंधित आदेश पुलिस अधीक्षक, बिलासपुर द्वारा जारी किए जाएंगे।

मेले के दौरान पूरे क्षेत्र को 9 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक सेक्टर में कानून व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक सेक्टर मैजिस्ट्रेट नियुक्त होगा। इनमें सेक्टर नं. 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, और 9 शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक सेक्टर में पुलिस और होमगार्ड कर्मियों को तैनात किया जाएगा। यात्रियों की सुविधा और यातायात नियंत्रण के लिए भी विशेष प्रबंध किए गए हैं।

पंजाब से बिना परमिट वाली गाड़ियों का हिमाचल प्रदेश में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। ट्रक, ट्रैक्टर और टेम्पो जैसे वाहनों को कैंची मोड़, टोबा और भाखड़ा में ही रोकने के निर्देश दिए गए हैं। मेले के दौरान हर वाहन की कड़ी चेकिंग की जाएगी ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को टाला जा सके।

उन्होंने बताया कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से टोबा सीमा, घवांडल सीमा और रोपवे क्षेत्र में पुलिस कर्मियों की विशेष तैनाती की जाएगी। मंदिर परिसर, बस स्टैंड और सीढ़ियों के पास वॉकी-टॉकी से लैस पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे।

## डॉ. भीमराव पर गृह मंत्री का बयान दुर्भाग्यपूर्ण : संदीप सांख्यान

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**



प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मीडिया कोऑर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने देश के गृहमंत्री अमि शाह द्वारा संसद में भारत देश के संविधान निर्माता एवं भारत रतन डा. भीम राव अंबेडकर को लेकर प्रयोग किए गए अमर्यादित शब्दों पर कड़ी आपत्ति दर्ज करते हुए इसकी कड़े शब्दों में निंदा एवं भर्त्सना की है।

संदीप सांख्यान ने कहा कि यह देश की जनता का अपमान है। देश जहां अमृतकाल का महोत्सव मना रहा है वहीं देश की गृहमंत्री द्वारा दिया गया यह बयान किसी भी तरीके से जायज नहीं ठहराया जा सकता है। संसद से लेकर सड़क तक घमासान मचा देने वाले इस बयान को लेकर भाजपा में ही विरोधाभाष उत्पन्न हो गया है, बावजूद इसके गृहमंत्री ने अपने बयान पर माफी नहीं मांगी है। संदीप सांख्यान ने कहा है कि असल में यह लड़ाई मनुस्मृति लागू करने वाली सोच और सभी को एक समाज हक देने वाली संविधानिक सोच के मध्य है।

डा. अंबेडकर कोई नेता न होकर एक क्रांतिकारी विचारधारा है, जिसने देश की अस्सी प्रतिशत जनता को सिर उठाकर जीवन जीने का अधिकार दिया है। गृहमंत्री की मानसिकता संसद में आखिर निकल ही गई। एनडीए के सता में आने से लेकर अब तक भाजपाई मोदी-मोदी करते नहीं थकते।

### महाविद्यालय श्री नयना देवी जी में एनएसएस शिविर शुरू

**श्री नयना देवी जी।** राजकीय महाविद्यालय श्री नयना देवी जी में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा सप्त दिवसीय शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्यातिथि के रूप में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. राजेंद्र कुमार द्वारा किया गया। शिविर का आरंभ मुख्यातिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. राजेंद्र कुमार ने राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई नयना देवी जी के स्वयंसेवियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के इतिहास से लेकर इसकी प्रासंगिकता के बारे में अवगत कराया। एनएसएस का मुख्य उद्देश्य युवाओं को सामाजिक, सांस्कृतिक, पर्यावरणीय समस्याओं से जोड़ना तथा जागरूक नागरिक बनाकर राष्ट्रीय निर्माण की गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल करना है।

## व्यापार मंडल भराड़ी हमेशा व्यापारियों के साथ : गौरव

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



उपमंडलाधिकारी कार्यालय घुमारवीं से पंजीकरण की सभी औपचारिकता पूरी होने के बाद पूरी तरह से व्यापार मंडल का गठन हो चुका है।

इसी कड़ी में व्यापार मंडल प्रधान पृथी सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में भराड़ी व बाडा दा घाट के व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल उपमंडलाधिकारी घुमारवीं गौरव चौधरी से मिला व उनका धन्यवाद किया, उपमंडलाधिकारी गौरव चौधरी ने कहा कि सभी व्यापारियों को एकजुटता के साथ भराड़ी क्षेत्र के विकास में सहयोग व विकासात्मक कार्यों में योगदान व व्यापारियों की समस्याओं को हल करना व्यापार मंडल के प्रमुख कार्य होने चाहिए व उन्होंने शिव शक्ति

**शिव शक्ति भराड़ी बाडा दा घाट व्यापार मंडल हुआ पंजीकृत**

भराड़ी बाडा दा घाट व्यापार मंडल को भविष्य की शुभकामनाएं भी दी। उन्होंने कहा कि व्यापार मंडल व्यापारियों के सहयोग से चलता है अत: हर छोटा व्यापारी व बड़ा व्यापारी इसका सदस्य है बिना किसी राजनीति से यह व्यापार मंडल चलेगा व भराड़ी बाडा दा घाट के बाज़ार की कायाकल्प में सरकार व प्रशासन के साथ मिलकर सहयोग करेगा। महोने कहा कि भराड़ी ,बाडा दा घाट में शौचालय निर्माण लोगो की सहमति से, सौर लाइटों व बैठने के लिए बैंचों का निर्माण, पानी निकासी की लाइनों को सही तरीके से व्यवस्थित करवाना भी प्रमुखता से करवाएंगे।

उन्होंने कहा व्यापारियों के सुख दुख में व्यापार मंडल भराड़ी हमेशा साथ होगा। उन्होंने कहा कि सभी व्यापारियों का शिव शक्ति व्यापार मंडल भराड़ी बाडा दा घाट में स्वागत है ताकि विकास को नए आयाम मिल सके।बिना किसी राजनैतिक भावना के साथ मिलकर कार्य करना व्यापार मंडल का प्रमुख उद्देश्य रहेगा। इस दौरान व्यापार मंडल महासचिव अजय शर्मा, उप प्रधान अनिल, कोषाध्यक्ष अनूप, सहित अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।

### बारिश के बीच भी नहीं रुके श्रद्धालुओं के कदम



**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी।** सोमवार से हिमाचल प्रदेश में मौसम ने पूरी तरह से करवट ली है। एक तरफ जहां पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी हुई तो वहीं निचले इलाकों में बारिश का क्रम लगातार जारी रहा। इसी कड़ी में विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी जी में झमाझम बारिश का दौर रहा। बारिश के दौरान यहां पर श्रद्धालुओं की संख्या में कोई भी कमी नहीं देखी गई। बारिश और ठंड के बीच में भी श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए लाइन में लगे रहे। पंजाब, हिमाचल, हरियाणा, दिल्ली, यूपी, बिहार और अन्य राज्यों से श्रद्धालु दर्शनों के लिए माता जी के द्वार पहुंच रहे हैं। बारिश के दौरान श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत न हो, इसके लिए भी मंदिर प्रशासन की ओर से पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। वहीं, काफी ठंड के चलते भी श्रद्धालु माता के दर्शन करने के लिए नयना देवी जी में पहुंचे।

## बारूद फैक्टरी के विरोध में उठने लगे स्वर, लोगों की चेतावनी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

नगर परिषद घुमारवीं के तहत शहर के एक रिहायशी इलाके में बारूद की फैक्ट्ररी लगाई जाने की योजना पर अब स्थानीय लोगों के साथ-साथ नजदीकी गांव के लोग भी इस फैक्ट्ररी के विरोध में उतर आए हैं।

सोमवार को इस बारूद फैक्ट्ररी के विरोध में पट्टा, रटेहल, सासन, बलोह, चौहड़ी, जाड़ी, देलग तथा कलरी गांवों के लोगों ने उप मंडलीय अधिकारी घुमारवीं गौरव चौधरी, नगर परिषद अध्यक्ष रीता सहगल तथा नगर परिषद कार्यकारी अधिकारी खेमचंद वर्मा को एक ज्ञापन सोंपा जिसमें उन्होंने इस फैक्ट्ररी का कड़ा विरोध जताया है।

इन लोगों ने कहा कि अगर घुमारवीं में बारूद की कोई फैक्ट्ररी लगाने के लिए एनओसी दी गई तो इन सभी गांव के लोग मिलकर सड़क पर उतरकर इसका विरोध करेंगे। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि उक्त फैक्ट्ररी को यहां स्थापित करने की अनुमति नहीं दी जाए। ज्ञापन में बताया कि सूत्रों से पता चला है कि कुछ लोग घुमारवीं के वार्ड नंबर एक में कोई बारूद फैक्ट्ररी लगाने की योजना बनाकर उसकी स्थानीय प्रशासन व नगर परिषद से एनओसी लेने के प्रयास चल रहे हैं। इन लोगों का कहना है कि यह इलाका एक रिहायशी इलाका है जिसमें बारूद तो क्या कोई भी फैक्ट्ररी नहीं लग सकती है। क्योंकि इसका बुरा असर स्थानीय लोगों की सुरक्षा व सेहत पर पड़ेगा।

आग्रह किया गया कि इस प्रकार की किसी भी फैक्ट्री को यहां स्थापित करने की अनुमति किसी भी सूरत में ना दी जाए। इन लोगों का कहना था कि अगर प्रशासन ने विरोध के बावजूद भी इस फैक्ट्ररी को लगाने के लिए एनओसी जारी की और यहां किसी भी तरह की कोई फैक्टरी स्थापित करने की कोशिश की गई तो स्थानीय लोग मिलकर सड़क पर उतरकर इसका कड़ा विरोध जताएंगे।

### खनन करने वालों को संरक्षण दे रही सरकार : महेंद्र धर्माणी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ने सरकार पर चिट्टा माफिया तथा अवैध खनन करने वालों को संरक्षण देने के लिए प्रदेश सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। धर्माणी ने कहा कि पिछले दिनों उपमुख्यमंत्री ने खुद माना था कि प्रदेश में चिट्टा माफिया पूरी तरह से हावी है। क्योंकि ऊना में जिस तरह से प्रशासन तथा पदाधिकारी को चिट्टे तथा अवैध खनन पर अंकुश लगाने के आदेश जारी किए थे।



साफ जाहिर होता है की स्थिति अब सरकार के बस में नहीं रही है तथा चिट्टा माफिया तथा अवैध खनन माफिया सरकार पर पूरी तरह से हावी है। व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर इस सरकार ने व्यवस्था के पतन में कोई कमी नहीं छोड़ी है। वहीं दूसरी तरफ प्रदेश में चिट्टे का व्यापार भी दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है।

## केंद्र सरकार से समर्थन मूल्य पर संसद में कानून बनाने की मांग

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

बिलासपुर में सोमवार को किसान सभा ने केंद्र सरकार से समर्थन मूल्य पर संसद में कानून बनाने की मांग की है। किसान सभा का कहना है कि इस मुद्दे पर पंजाब सहित अन्य राज्यों के किसान केंद्र सरकार के खिलाफ आंदोलन कर रहे है बल्कि 700 किसान शहीद भी हो चुके हैं। लेकिन अब तक



केंद्र सरकार ने कोई संज्ञान नहीं लिया है, किसानों में भारी गुस्सा है । किसान सभा ने सयुक्त किसान मोर्चा के आहवान में प्रदेशाध्याक्ष व पूर्व विधायक केके कौशल की अगुवाई में तहसीलदार सदर बिलासपुर के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया।

उन्होंने किसानों की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि केंद्र सरकार उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी कानून के रूप में जाए। ताकि देश में कर्जे में डबू किसानों को आत्म हत्या करने से बचाया जा सके।

**इनिशिएटिव** नशे को ना, जिंदगी को हां कार्यक्रम का किया आयोजन

# विद्यार्थियों ने नशे से दूर रहने के ली शपथ

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नशे को ना, जिंदगी को हां कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

वहीं बिलासपुर जिला के घुमारवीं में आयोजित इस कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के नगर नियोजक, आवास एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और मां संतोषी आईटीआई के छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने के लिए शपथ दिलाई, इसके पश्चात सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के शपथ पत्र पर मंत्री राजेश धर्माणी ने हस्ताक्षर भी किए। कार्यक्रम के दौरान मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि जहां एक ओर नशे से दूर के लिए आईटीआई के छात्रों को शपथ दिलवाई गई है तो साथ ही नशे के मानसिक व शारीरिक दुष्प्रभावों सहित समाज व परिवार पर पड़ने वाले बुरे असर पर भी चर्चा की।




मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

### जीएसटी कंपनसेशन बंद होने से प्रदेश की अर्थव्यवस्था प्रभावित : धर्माणी

**मंत्री** राजेश धर्माणी ने कहा कि जीएसटी काउंसिल की बैठक में उन्होंने केंद्रीय वित्त मंत्री के समक्ष प्रदेश से जुड़े कई अहम मुद्दे उठाए हैं जिसमें मुख्यरूप से मई 2022 से बंद पड़े जीएसटी कंपनसेशन को मई 2027 तक करने की मांग की गई ।

क्योंकि जीएसटी कंपनसेशन बंद होने प्रदेश की अर्थव्यवस्था काफी प्रभावित हुई है और आर्थिक विकास दर (टैक्स ग्रोथ रेट) 14 प्रतिशत था जो कि घटकर 5 से 7 प्रतिशत तक रह गया है, जिसे केवल कं जमशन के साथ ही ना जोड़ा जाए बल्कि प्रोडक्शन के साथ जोड़ा जाए ताकि प्रदेश कर दूर दराज क्षेत्र में रहने वाले लोगों को भी इसका लाभ मिल सके और प्रदेश में लगे उद्योगों का लाभ भी मिल सके।

इसके साथ ही हिमाचल प्रदेश के टोल टैक्स पर जीएसटी लगाने का नोटिस को विड्रॉ करना, हेल्थ इंसोरेशन पर जीएसटी ना लगाने की मांग सहित कई मुद्दे वित्त मंत्री से समक्ष रखे गए हैं जिनपर उन्होंने आश्वासन दिया है और उन्हें पूरी उम्मीद है कि भविष्य में इन सभी मामलों पर कुछ राहत जरूर मिलेगी। वहीं 18 से 21 दिसंबर तक चले हिमाचल प्रदेश विधानसभा शीतकालीन सत्र के दौरान विपक्ष के विधायकों द्वारा उठाए गए मुद्दों को लेकर मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि इस बार का सदन में जनता के मुद्दों को उठाने में विपक्ष नाकाम साबित हुआ है और केवल टॉयलट टैक्स, समोसा विवाद और जंगली मुर्गा जैसे मुद्दों पर भी हंगामा करता दिखाई दिया है जिससे कहीं न कहीं जनता से जुड़े असली मुद्दे पीछे छूट गए और विधानसभा सत्र खत्म हो गया।

## राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर का विश्वविद्यालय की टीम ने किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की टीम के द्वारा विभिन्न चलाए जा रहे कोर्सों को संबद्धता प्रदान करने के लिए निरीक्षण किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर पीएस कटवाल ने बताया कि हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के द्वारा बीए, बीएससी (मेडिकल एंड नॉन मेडिकल), बीकॉम एमएससी केमेस्ट्री, एमएससी फिजिक्स, एमएससी मैथमेटिक्स और बीएससी ऑनर्स बायोटेक्नोलॉजी की अस्थाई संबद्धता के लिए निरीक्षण किया गया।

उन्होंने बताया बताया कि 2021 में भी टीम के द्वारा महाविद्यालय का निरीक्षण किया गया था और अब सत्र 2022-23, 2023 -24 व सत्र 2024 -25 के लिए यह निरीक्षण किया जा रहा है।

डॉक्टर कटवाल ने कहा कि टीम ने पूरे महाविद्यालय के विभिन्न संकायों का निरीक्षण किया है और वो महाविद्यालय की शैक्षणिक व प्रशासनिक कार्य प्रणाली से बेहद संतुष्ट नजर आए और उन्होंने कहा कि महाविद्यालय की कार्यप्रणाली बहुत सराहनीय है और वह जल्द ही अपनी रिपोर्ट विश्वविद्यालय को सौंपेगी।



निरीक्षण के दौरान विश्वविद्यालय की टीम व साथ हैं अन्य।

## न्यूज ब्रीफ

### बैचवाइज भरे जाएंगे स्टाफ नर्स के 28 पद

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि निदेशालय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला द्वारा स्टाफ नर्स के 28 पदों को भरने के लिए बैचवाइज भर्ती की जा रही है। सामान्य वर्ग श्रेणी में दिसंबर 2010 तक बैच, सामान्य वर्ग श्रेणी में (ईडब्ल्यूएस) दिसंबर 2012 बैच, अनुसूचित जाति वर्ग श्रेणी में जून 2011 तक बैच , अनुसूचित जाति (बीपीएल) दिसंबर 2016 तक बैच और अनुसूचित जाति (डब्ल्यूएफएफ) दिसंबर 2017 तक बैच के अभ्यर्थी पात्र होंगे। अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी में दिसंबर 2012 बैच तक व अन्य पिछड़ा वर्ग (बीपीएल) दिसंबर 2014 तक बैच के आवेदक पात्र होंगे। अनुसूचित जनजाति के वर्ग श्रेणी में दिसंबर 2015 तक बैच के आवेदक पात्र होंगे। उन्होंने बताया कि जिन्होंने अपना नाम रोजगार कार्यालय में पंजीकृत नहीं करवाया है वे 10 जनवरी से पहले अपना नाम संबंधित रोजगार कार्यालय में दर्ज करवा लें तथा जिन्होंने पंजीकृत करवा लिया है वे एक बार पुनः अपने नाम की पुष्टि करवा लें। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय चंबा के दूरभाष नंबर 01899-222209 पर संपर्क किया जा सकता है।

### पूलन स्कूल में जागरूकता शिविर का आयोजन

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** महिला एवं बाल विकास विभाग भरमौर के तत्वावधान में सोमवार



को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पूलन में सशक्त महिला योजना के तहत 'वो दिन योजना' के अंतर्गत मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता पर विशेष सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ करण ने कहा कि इस सत्र का उद्देश्य स्कूली छात्राओं को मासिक धर्म से जुड़े मिथकों को दूर करना और उन्हें स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के महत्व के प्रति जागरूक करना हैं। कार्यक्रम के दौरान मास्टर ट्रेनर उमेंद, डॉ. ललिता, सीडीपीओ कार्यालय से विनोद कुमार ने भी छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने, उचित उत्पादों (जैसे सैनिटरी पैड्स) के उपयोग और इसके प्रति स्वस्थ दृष्टिकोण अपनाने की जानकारी दी। उन्होंने मासिक धर्म से जुड़े सामान्य शारीरिक और मानसिक बदलावों पर भी प्रकाश डाला।

### सुशासन सप्ताह के तहत कार्यशाला आयोजित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** सहायक आयुक्त पीपी सिंह की अध्यक्षता में प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत सुशासन सप्ताह के अंतर्गत आज बचत भवन में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवानी मेहता भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। सहायक आयुक्त ने जनसाधारण के लिए विभिन्न विभागीय सेवाओं की उपलब्धता प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित बनाने के निर्देश देते हुए अधिकारियों को विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों का समाधान भी समयबद्ध तौर पर सुनिश्चित बनाने को कहा। पीपी सिंह ने आम जनमानस की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित निपटारे से संबंधित कार्यों में विभागीय स्तर पर और अधिक सुधार करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

### सुशासन सप्ताह के अंतर्गत निपटाईं 71 समस्याएं

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला के विभिन्न उपमंडलों में प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत सुशासन सप्ताह के अंतर्गत संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में 10 कार्यक्रम आयोजित किए गए। उन्होंने बताया कि इन कार्यक्रमों के दौरान लोगों द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित 105 समस्याओं को समाधान के लिए रखा गया। इसमें से 71 जनसमस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि इन कार्यक्रमों के दौरान जनमानस की समस्याओं का समाधान करने के साथ अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं की भी जानकारी प्रदान की गई।

### सनातन ज्ञान परंपरा से करवाया रू-ब-रू

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीनदयाल उपाध्याय अध्ययन केंद्र की ओर से मासिक व्याख्यान माला के अंतर्गत भारत की सनातन ज्ञान परंपरा का विश्व संस्कृति के लिए अवदान विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति न्यास के संरक्षक प्रो. मोहन लाल छीपा ने समृद्ध भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विदेशी हमलों व परतंत्रता से पूर्व भारत बहुत समृद्ध शाली राष्ट्र के रूप पुरी दुनिया में जाना जाता था। भारत के वेदों मे दुनिया के सब विज्ञान, तकनीकी, चिकित्सा व मानव जीवन के सब आयामों का न केवल वर्णन मिलता है बल्कि उनका व्यवहारिक उपयोग करके मनुष्य कैसे समृद्ध हो सकता है इसकी भी विस्तृत व्याख्या मिलती है। विश्व के प्रसिद्ध आर्थिक इतिहासकार अंगस मेडिसन ने अपने विश्व के आर्थिक इतिहास से संबंधित पुस्तक में लिखा है कि पहली शताब्दी में भारत का विश्व व्यापार में लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा हुआ करता था, मगर विदेशी आक्रमण व दासता के करन वह स्थिति न केवल कम हुई बल्कि भारत के ज्ञान-विज्ञान के ग्रंथों को भी विदेशी लूटकर ले गए।

### न्यू हिमाचल गुर्जर यूनियन का सम्मेलन संपन्न

**अनंत ज्ञान, डरोह।** न्यू हिमाचल गुर्जर यूनियन का वार्षिक सम्मेलन रविवार को ग्राम पंचायत पुन्नर के ग्राउंड में हुआ। इस सम्मेलन के मुख्यातिथि पंजाब विधानसभा के डिप्टी स्पीकर जय सिंह रूडी ने शिरकत की। इस यूनियन के अध्यक्ष तिलक राज उपाध्यक्ष अनिल कोषाध्यक्ष सुभाष चौहान, महासचिव महेंद्र सिंह, प्रधान प्यारचंद राम, इसके अलावा जिला कांगड़ा की समस्त बिरादरी तथा जिला मंडी बिलासपुर, शिमला, सोलन, नालागढ़, हरियाणा, गुड़गांव और मेरठ इत्यादि प्रदेशों से गुर्जरों ने इस सम्मेलन में भाग लिया।

# चंबा जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में गिरे फाहे, 2 से 6 इंच तक बर्फबारी



**अनंत ज्ञान, भरमौर**

सोमवार को दोपहर बाद चंबा के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है। पारा माइनस में चले जाने के कारण बिना बारिश के ही हल्की बर्फबारी शुरू हो गई।

पिछले चार महीनों से चंबा जिले में बारिश न होने के कारण यहां पर सूखे की स्थिति बनी हुई थी। इसके कारण किसान और बागवान व अन्य लोग भी परेशान हो गए थे। सोमवार दोपहर बाद चंबा जिले के भिन्न-भिन्न स्थानों में सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और दोपहर बाद चंबा के पर्यटक स्थल जोत, डेनकुंड, कालाटॉप, जनजातीय क्षेत्र होली, भरमौर व पांगी घाटी क्षेत्रों में बिन बारिश के ही हल्की-हल्की बर्फबारी शुरू हो गई है। इसके चलते लोगों ने थोड़ी राहत की सांस ली है। वैसे मौसम विभाग की मानें तो चंबा जिले में 27दिसंबर के बाद समूचे चंबा जिले में बारिश के साथ बर्फबारी होने की संभावना बताई जा रही है। उधर, जानकारी के मुताबिक मनीमहेश डल झील, कुगति, कंवारसी शाहिद ऊंचाई वाले क्षेत्रों में 2 इंच से लेकर 6 इंच तक ताजा बर्फबारी हुई है।



# ब्रेही में नई पंचायत बनाने को लेकर बवाल, ग्राम सभा में भिड़े दो गुट

## अपने-अपने हिसाब से नई पंचायत बनाने के लिए अड़े रहे ग्रामीण, वीडियो वायरल

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

विधानसभा क्षेत्र भरमौर के विकास खंड मैहला के तहत आती ग्राम पंचायत ब्रेही में पंचायत विभाजन को लेकर जमकर हंगामा हुआ। इस दौरान ग्राम सभा में पंचायत के भवन के अंदर ही लोग आपस में भिड़ गए। कुछ लोगों ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी खूब वायरल किया। अपने-अपने हिसाब से नई पंचायत को बनाने के लिए पंचायत के समर्थक अड़े रहे और आपस में खूब गहमागहमी और हाथापाई करते रहे। यह मामला रविवार को सामने आया।

दरअसल, कुछ ग्रामीण पंचायत विभाजन को लेकर मांग कर रहे हैं। मगर किस मुहाल की पंचायत बने, इस पर लोगों की सहमति नहीं बन पा रही है। हालांकि, पंचायत की ओर से जिला प्रशासन को प्रस्ताव भेजा था। जहां कुछ आपत्तियां





लगाईं हैं, इन आपत्तियों को सही करने के लिए रविवार को ग्राम सभा आयोजित हुई, लेकिन ग्राम सभा में विवाद हो गया है। एक तरफ जहां ग्रामीण भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष पर आरोप लगा रहे हैं, तो वहीं भाजपा अनुसूचित मोर्चा के अध्यक्ष ग्रामीणों पर आरोप लगा रहे हैं। इसी बीच भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष और एक ग्रामीण के बीच हाथापाई की नौबत भी आ गई।

ग्रामीणों का एक धड़ा अंदरोण में नई पंचायत गठित करने का समर्थन कर रहा है तो वहीं दूसरी तरफ तुर को नई पंचायत के रूप में गठित करने को लेकर ग्रामीण आवाज बुलंद कर रहे हैं। ग्रामीण केवल जरयाल, अक्षय कुमार, दिलीप सिंह और दिलीप कुमार का कहना है कि भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष ने ग्राम सभा में बवाल किया। इसी बीच अक्षय कुमार से हथापाई हुई। उन्होंने बताया कि ब्रेही पंचायत का मुख्यालय सकराल है, जो उनके मुहाल से काफी दूर है। ऐसे में अंदरोण में नई पंचायत गठित करने की मांग कर रहे हैं। मगर दूसरा धड़ा इसका विरोध कर रहा है।

वहीं, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष धीरेंद्र आचार्य का कहना है कि उनकी पत्नी से कुछ लोगों ने दुर्व्यवहार किया है। इस मामले को लेकर पुलिस में भी शिकायत दर्ज करवाई है।

# केंद्रीय गृह मंत्री का अंबेडकर पर दिया बयान दुर्भाग्यपूर्ण : अटवाल

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

अंबेडकर पर बयान देकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बुरी तरह से विवादों में घिरते नजर आ रहे हैं। विपक्ष ने उनपर आंबेडकर के अपमान का आरोप लगाया है और इस्तीफे की मांग की है। शाह ने संविधान पर चर्चा का जवाब देते हुए राज्यसभा में बाबा साहब पर जो बयान दिया था, उसपर आम आदमी पार्टी के अंबेडकर बिंग के प्रदेशाध्यक्ष हिमाचल प्रदेश अजय अटवाल ने भी इस वाकया को बड़ा ही भद्दा व शर्मनाक करार दिया है। उन्होंने कहा है कि राष्ट्रीय स्तर के नेता को ऐसे शब्द कहना भारतीय जनता पार्टी की ओछी मानसिकता को दर्शाता है। इसके लिए तमाम आम आदमी पार्टी हिमाचल प्रदेश इस बात का पूर्ण रूप से विरोध एवं रोष प्रकट करती है। सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हो रहा है, उसमें अमित शाह बोलते दिख रहे हैं, 'अभी एक फैशन हो गया है, आंबेडकर, आंबेडकर, आंबेडकर इतना नाम अगर भगवान का लेते, तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिलता'



अजय अटवाल ने भाजपा वरिष्ठ नेता अमित शाह के ऐसे बयान पर निशान साधते हुए कहा कि देश का तमाम अनुसूचित जाति एवं जनजाति का समाज अंबेडकर को भगवान की तरह ही पूछता है क्योंकि उनकी बदौलत आज समाज का पीछे रहने वाला एक वर्ग जो आज पढ़ लिखकर समाज में सिर उठाकर जीने के लायक बना हां भीमराव अंबेडकर हम सभी अनुसूचित जाति-जनजाति के लोगों के लिए भगवान थे, हैं और हमेशा पूजनीय रहेंगे। उनके ही आशीर्वाद से आज देश का एक वर्ग ऐसा है जो आज अपने हक और अपने आत्म सम्मान से सिर उठाकर आजाद भारत में अपना निर्वहन कर रहा है, किंतु छोटी मानसिकता के लोग चाहे वो जितने भी बड़े पद पर आसीन क्यों न हो जाए, उनकी सोच छोटी सामने आ ही जाती है। हमारे समाज को लेकर छोटी सोच रखने वालों को कभी हमारा समाज माफ नहीं करेगा और ऐसे लोगों को जल्द चुनावों में मुहंतोड़ जवाब भी दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## तीसा में 538 बिजली उपभोक्ताओं के कटेंगे कनेक्शन

**अनंत ज्ञान, चुराह।** तीसा क्षेत्र में बिजली बिल न भरने और बोर्ड के नोटिस का जवाब न देने पर 538 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काटने की तैयारी है। इसके लिए बोर्ड ने कर्मचारियों को अस्थायी तौर पर इन उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने के निर्देश भी जारी कर दिए हैं। सोमवार से लाइनमैन अपने-अपने परिक्षेत्र के तहत डिफाल्टर उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काटना शुरू कर देंगे। इन उपभोक्ताओं को लंबित बिजली बिल जमा करवाने के लिए बोर्ड ने एक माह पहले नोटिस जारी किए थे। इसमें उन्हें 15 दिन के भीतर बिल जमा करवाने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन उपभोक्ताओं ने नोटिस को अनदेखा करते हुए अपना लंबित बिल जमा नहीं करवाया, जो कि 10.68 लाख रुपए है। इसके चलते बोर्ड ने अब इन उपभोक्ताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का फैसला ले लिया है।

## हादसे में जान गंवाने वाले विकास को दी अंतिम विदाई

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** लूणा-छतराड़ी संपर्क मार्ग पर पिकअप दुर्घटना में मारे गए विकास कुमार उर्फ विक्की का अंतिम संस्कार सोमवार को कर दिया गया। पुलिस ने सोमवार को पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज चंबा में शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। इसके बाद दोपहर बाद विकास कुमार उर्फ विक्की का उसके पैतृक गांव में अंतिम संस्कार कर दिया गया। उसके अंतिम संस्कार में सैकड़ों लोग उमड़े। इस दौरान सभी ने नाम आंखों से विकास कुमार को अंतिम विदाई दी। विकास कुमार का शव जैसे ही उसके पैतृक गांव पहुंचा उसके घरवालों व रिश्तेदारों का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा था। विकास कुमार की एक झलक पाने के लिए उसकी मां-बाप, इकलौती बहन और नानी खूब तरस रहे थे। विकास कुमार अपने मां-बाप का इकलौता बेटा था।

### हिमाचल सरकार ने कर्नाटक राज्य सरकार से समन्वय स्थापित कर घर वापसी की सुनिश्चित

# 20 वर्ष बाद परिवार के बीच पहुंची साकम्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

लगभग दो दशक पहले परिवार से बिछुड़ चुकी कर्नाटक की एक महिला को मंडी जिला प्रशासन व प्रदेश सरकार के प्रयासों से फिर से अपनों का साथ नसीब हुआ है। वृद्ध आश्रम भंगरोटू में जीवन बसर कर रही साकम्मा अब अपने परिवार के पास वापस लौट गई हैं।

मंडी जिला प्रशासन ने आज उन्हें कर्नाटक से आई सामाजिक कल्याण विभाग की एक टीम के सुपुर्द किया। हिमाचल सरकार ने कर्नाटक राज्य सरकार से समन्वय स्थापित कर उनकी घर वापसी सुनिश्चित की। उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि राज्य सरकार के साथ ही जिला प्रशासन



प्रशासनिक अधिकारियों व परिजनों के साथ साकम्मा।

का निरंतर प्रयास रहता है कि समाज में वंचित वर्ग के कल्याण के लिए कार्य करते रहें। इसी कड़ी में अतिरिक्त उपायुक्त मंडी रोहित राठौर ने गत दिनों वृद्ध आश्रम भंगरोटू का निरीक्षण किया तथा वहां पर रह रहे सभी लोगों की जांच-पड़ताल की। जांच में एक ऐसी महिला से बात हुई, जो कर्नाटक राज्य की रहने वाली हैं। वह हिन्दी नहीं जानती थी, जिस कारण उनके घर-परिवार का सही पता नहीं चल पा रहा था।

उपायुक्त ने बताया कि इस बारे मंडी जिला में सेवारत कर्नाटक राज्य से संबंध रखने वाले आईपीएस प्रोबेशनर रवि नंदन ने उस महिला से बात की, जिसके परिणामस्वरूप इस महिला के घर व उसका परिवार कहां रहता है, इस बात की पूरी जानकारी हासिल की गई व उनके परिवार से बातचीत हुई। अपनों को ढूंढने में एसडीएम पालमपुर नेत्रा मैत्ती ने भी इसमें सहयोग दिया।

इसके उपरांत प्रदेश सरकार के स्तर पर संबंधित कर्नाटक राज्य सरकार से सम्पर्क कर उसकी घर वापसी की राह सुनिश्चित की गई। कर्नाटक सरकार द्वारा जिला प्रशासन विजय नगर से कल्याण विभाग की तीन सदस्यों की टीम वृद्ध आश्रम, भंगरोटू भेजी गई, जो इस महिला को आज अपने साथ घर ले जा रही है। यह महिला एसडीएम बल्ह स्मृतिका नेगी की उपस्थिति में विजय नगर से आई तीन सदस्यों की टीम के सुपुर्द की गई। कर्नाटक के अधिकारी बासोराज हेमजी ने बताया कि साकम्मा कर्नाटक की रहने वाली हैं ।

# गुटकर स्कूल में नौनिहालों को बांटीं पाठन सामग्री



नौनिहालों को पठन पाठन सामग्री बांटने के दौरान पास्टर सन्नी ईपन।

**अनंत ज्ञान, मंडी**

राजकीय माध्यमिक पाठशाला गुटकर में क्रिसमस के उपलक्ष्य में पास्टर सन्नी ईपन ने नौनिहालों को पठन और पाठन सामग्री प्रदान की। बच्चों ने उन्हें धन्यवाद किया और सन्नी ईपन ने उन्हें मिष्ठान बांट कर क्रिसमस की शुभकामनाएं प्रदान की। इस मौके पर सन्नी ईपन ने कहा कि प्रभु ईशु की शिक्षाओं से प्रेरणा लेनी चाहिए, क्रिसमस पर शत्रु को भी माफ करना चाहिए, ताकि समाज में शांति और भाईचारा बना रहे। जरूरतमंदों की सहायता करने के साथ किसी भी जीव के साथ हिंसा नहीं करनी चाहिए।

### सूडोकु 0025 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0024 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 |

## अनंत ज्ञान — आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

24 दिसंबर, 2024, मंगलवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** मार्गशीर्ष, **तिथि** नवमी (7:55): **नक्षत्र** हस्त (12:17), **पक्ष :** कृष्ण **योग :** शोभन (08:52) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:00-12:41), **राहुकाल** (02:55 -04:13)।

### विशेष दिन

- 25 दिसंबर 2024 : पार्श्वनाथ जयंती कल।
- 25 दिसंबर : पंडित मदनमोहन मालवीय की जयंती कल।

**मेष:** जब सेहत से जुड़ा मामला हो तो खुद को अनदेखा नहीं करना चाहिए और सावधानी बरतनी चाहिए। निवेश और योजनाओं को गुप्त रखें।

**वृषभ:** स्वयं को शांत बनाए रखें क्योंकि आज आपको ऐसी कई बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है, जिनके चलते आप काफ़ी मुश्किल में पड़ सकते हैं।

**मिथुन:** आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा। कई लोग आपकी खासी तारिफ कर सकते हैं। अगर आप लम्बे वक्त के लिए निवेश करें, तो फायदा हासिल होगा।

**कर्क:** मनोवैज्ञानिक डर आपको बेचैन कर सकता है। सकारात्मक सोच और हालात के उजले पहलू को देखना आपको इससे बचा सकता है।

**सिंह:** चमक से उजला दिन है, जब ज़्यादातर चीज़ें आपके मन के मुताबिक़ होंगी। आर्थिक समस्याओं ने आपकी क्षमता को बेकार कर दिया है।

**कन्या :** आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा। कई लोग आपकी ख़ासी तारीफ़ कर सकते हैं। प्राप्त हुआ धन आपकी उम्मीद के मुताबिक़ नहीं होगा।

**तुला:** आपका व्यक्तित्व आज इत्र की तरह महकेगा और सबको आकर्षित करेगा। अतिरिक्त आय के लिए अपने सृजनात्मक विचारों का सहारा लें।

**वृश्चिक:** खुद को ज्यादा आशावादी बनने के लिए प्रेरित करें। इससे न सिर्फ़ आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और व्यवहार लचीला होगा, डर में कमी आएगी।

**धनु :** बहुत ज़्यादा खाने से बचें और अपने वज़न पर नज़र रखें। खर्चों में इजाफा होगा, लेकिन आमदनी में हुई बढ़ोत्तरी इसको संतुलित कर देगी।

**मकर :** विश्वास कीजिए कि खुद पर यक़ीन ही बहादुरी की असली परख है, क्योंकि इसी के बल पर आप लम्बे वक़्त से चली आ रही बीमारी से निजात पा सकते हैं।

**कुंभ :** जल्दबाज़ी में फैसला परेशानी में डाल सकता है। कोई भी निर्णय लेने से पहले सोचें। आर्थिक तंगी से बचने के लिए तयशुदा बजट से दूर न जाएं।

**मीन :** विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा। कई लोग आपकी ख़ासी तारीफ़ कर सकते हैं। होशियारी से निवेश करें। पारिवारिक-मोर्चे पर आप ज़्यादा खुश नहीं हैं।

## प्रदेश का संगठन अपने सभी कार्यों एवं अपेक्षाओं पर खरा उतरा : बिंदल

**अनंत ज्ञान, शिमला**

भाजपा संगठन पर्व के अंतर्गत प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन चंडीगढ़ भाजपा मुख्यालय में किया गया, बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल द्वारा की गई।

बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, प्रदेश प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सह प्रभारी संजय टंडन, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, संगठन महामंत्री सिद्धार्थन विशेष रूप में उपस्थित रहे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि बैठक में प्रदेश के संगठन पर्व के अंतर्गत चल रहे सभी कार्यक्रमों की समीक्षा की गई, प्रदेश में संगठन की सदस्यता 26,382 हुई है। इस उत्तम कार्य के लिए भाजपा के सभी नेताओं ने प्रदेश के देवतुल्य कार्यकर्ताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री राधा मोहन दास अग्रवाल ने सभी कार्यकर्ताओं को बधाई। हिमाचल प्रदेश, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का गृह प्रदेश है और प्रदेश का संगठन अपने सभी कार्यों एवं अपेक्षाओं पर खरा उतरा है। भाजपा प्रदेश प्रभाती श्रीकांत शर्मा ने कहा की कांग्रेस के नेता आज वोट बैंक की खातिर बाबा साहेब के अपने होने का ढोंग कर रहे हैं।

# पंजाबी विश्वविद्यालय ने जीती हैंडबॉल ट्रॉफी

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



एमएलएसएम कॉलेज सुंदरनगर में आयोजित नॉर्थ जोन अंतर विश्वविद्यालय हैंडबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला ने हिमाचल विश्वविद्यालय को 26-24 से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। 24-24 की बराबरी पर चल रहे मैच के अंतिम क्षणों में पटियाला के खिलाड़ियों ने शानदार खेल प्रदर्शन करते हुए मात्र दो गोल से जीत दर्ज की। प्रतियोगिता के प्रेस संयोजक अनिल गुलेरिया ने बताया पटियाला के साहिल ने 8, सुशील ने 7, मलकीत सिंह ने 5 और नरेश व दीपांशु ने 3-3 गोल किए। जबकि हिमाचल के तवीन और अर्जुन ने 6-6, हर्षदीप और गुरमन ने 5-5 और गुरमन ने 2 गोल किए। वहीं तीसरे और चौथे स्थान के लिए हुए मैच में जींद ने जीएनडीयू अमृतसर को 23-20 से हरा दिया। जींद की ओर से संजीव और अंकुश ने 8-8, अंकुश कुमार ने 5 और सुनील ने 2 गोल किए।

वहीं अमृतसर के योगेश, मोहित व विकास ने 5-5 और गौरव ने 6 गोल किए। मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया। इससे पहले खेल निदेशक डॉ. संजय शर्मा, कालेज के प्राचार्य डॉ. कामेश्वर कुमार और खेल काउंसिल के संयोजक डॉ. सुधीर शर्मा ने समापन समारोह में पहुंचने पर मुख्यातिथि उपायुक्त अपूर्व देवगन को सम्मानित किया।

# किसान सभा ने केंद्र के खिलाफ किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर हिमाचल किसान सभा की जोगिंद्रनगर कमेटी ने आज चौंतड़ा में जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों ने केंद्र सरकार की नई कृषि विपणन नीति का विरोध करते हुए इसकी मसौदे की कॉपी जलाई और राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में किसानों और माकपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया, जिनका नेतृत्व किसान सभा के राज्य उपाध्यक्ष कुशाल भारद्वाज और ब्लॉक कमेटी के अध्यक्ष रविंदर कुमार ने किया।



धरना-प्रदर्शन करते हुए सीटू के सदस्यगण।

कुशाल भारद्वाज ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लोकतांत्रिक सिद्धांतों का उल्लंघन किया जा रहा है और सरकार से संघर्षरत किसानों के साथ तत्काल बातचीत करने की मांग की।

साथ ही, उन्होंने राष्ट्रपति से मांग की कि सरकार को किसान नेताओं के साथ संवाद करने, राष्ट्रीय कृषि बाजार नीति और अन्य कृषि संबंधी नीतियों को वापस लेने के लिए निर्देश दिए जाएं। किसान नेताओं का कहना था कि नई कृषि नीति, जो तीन कृषि कानूनों को फिर से लागू करने की एक साजिश है, किसानों के खिलाफ है।

उनका यह भी आरोप था कि सरकार किसानों के हितों की रक्षा करने के बजाय कॉर्पोरेट के पक्ष में काम कर रही है। यह प्रदर्शन हल्की बारिश के बावजूद बड़ी तादाद में हुआ और इसमें किसान और माकपा कार्यकर्ताओं ने अपनी आवाज को मजबूती से उठाया।

# युवाओं को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आने को किया प्रेरित

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

राजकीय महाविद्यालय धामी स्थित सोलह मील में सोमवार को सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जनेश कपूर मुख्यातिथि तथा सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. आईडी शर्मा ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्यातिथि और विशिष्ट अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्यातिथि और विशिष्ट अतिथि को एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. दिनेश शर्मा एवं डॉ. गीता शर्मा ने सम्मानित किया। स्वयंसेवक स्मृति ने समारोह के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा शिविर के सात दिनों में किए गए कार्यों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। जनेश कपूर ने कहा कि इस प्रकार के शिविर विद्यार्थियों को सामाजिक जिम्मेदारी निभाने और स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाने में सहायक होते हैं। उन्होंने युवाओं को समाज सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। (अनंत ज्ञान)

**कभी** हार मत मानो। चाहे कुछ भी हो रहा हो, चाहे तुम्हारे आसपास कुछ भी हो रहा हो, कभी हार मत मानो। -**दलाई लामा**

## संपादकीय

# यूपीएस का जिन्न

केंद्र सरकार ने हिमाचल सरकार को कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना यानी यूपीएस लागू करने की बात कहकर प्रदेश की सियासत में एक बार फिर उबाल ला दिया है। यानी यूपीएस का जिन्न एक बार फिर बोतल से बाहर आ गया है। चूंकि हिमाचल सरकार ने पहले ही यहां ओल्ड पेंशन स्कीम यानी ओपीएस लागू कर रखी है। अब केंद्र के इस ताजा फरमान से कर्मचारियों की सांसें फूलने लगी हैं, क्योंकि प्रदेश का कर्मचारी ओपीएस को यूपीएस के मुकाबले बेहतर स्कीम मानता है और अधिकांश कर्मचारी यूपीएस में शामिल भी नहीं होना चाहते हैं। केंद्र ने हिमाचल सरकार को बाकायदा पत्र लिखकर यह लालच दिया है कि यदि वह अपने प्रदेश में यूपीएस लागू कर दे तो केंद्र की तरफ से उसे 1600 करोड़ रुपए की मदद मिल सकती है। केंद्र यह तर्क दे रहा है कि 2022-23 और 2023-24 में अनुबंध पर नियुक्त सरकारी कर्मचारियों को यूपीएस में लाने से ज्यादा फायदा होगा। निश्चित रूप से इस प्रलोभन से कर्मचारियों के मन में अब शंका पैदा हो गई है कि क्या वाकई यूपीएस फायदेमंद है या ओपीएस।

वह दोनों स्कीमों में गुणा भाग कर अपना नफा नुकसान देखने लग पड़े हैं। वहीं, प्रदेश की सुक्खू सरकार की यह परेशानी बढ़ गई है कि जिस सबसे बड़े मुद्दे ओपीएस को लेकर वह सत्ता में आई क्या वह मुद्दा उससे छिन जाएगा। प्रदेश सरकार की अपनी दुविधा है और केंद्र सरकार पर यूपीएस लागू करने का जुनून सवार है। कांग्रेस सरकार ने चुनावी गारंटी को पूरा करने के लिए 1.36 लाख सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू की है। अब यह तो कर्मचारियों को तय करना होगा कि उनके लिए कौन सी स्कीम ज्यादा फायदेमंद है, लेकिन इतना जरूर है इन दोनों स्कीमों के प्रदेश में प्रवेश करने से यहां की राजनीति एक बार फिर नए सिरे से तय होगी। भाजपा पहले ही सुक्खू सरकार के पीछे हाथ धोकर पड़ी है, उसे तो बस सरकार को घेरने का कोई न कोई बहाना चाहिए। वह छोटे से मसले को भी बड़ा मुद्दा बनाने में माहिर है। ऐसे में सुक्खू सरकार को फूंक-फूंककर कदम रखने होंगे। हालांकि, सुक्खू सरकार ने केंद्र के पत्र का अभी कोई जवाब नहीं दिया है। ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करने के बाद से प्रदेश सरकार ने केंद्र से 9000 करोड़ रुपए लेने हैं। यह राशि एनपीएस कर्मचारियों का केंद्र के पास जमा हिस्सा है। सुक्खू सरकार लगातार इस मसले को केंद्र के समक्ष उठा रही है, लेकिन केंद्र ने इस राशि को देने के बारे में अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। हिमाचल सरकार भी यह जानती है कि उसने प्रदेश में ओपीएस लागू की है शायद इसी वजह से केंद्र ने राज्य के लिए आर्थिक प्रतिबंध लगाए हैं और लोन लेने की लिमिट भी सिर्फ 6600 करोड़ रुपए तय की है।

हिमाचल प्रदेश के लिए एकीकृत पेंशन योजना लागू करने का मतलब है कि राज्य को केंद्र सरकार से 1600 करोड़ रुपए की वित्तीय मदद मिलेगी। यूपीएस के तहत, कर्मचारियों को उनके अंतिम 12 महीने के औसत वेतन का कम से कम 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में मिलेगा। इसके अलावा, यदि किसी पेंशनभोगी की मृत्यु हो जाती है, तो उनके परिवार को मृत्यु के समय मिलने वाली पेंशन का 60 प्रतिशत मिलेगा। यूपीएस राज्य सरकार के कर्मचारियों को एक सुनिश्चित पेंशन प्रदान करने का अवसर देती है, जिससे उनके भविष्य को सुरक्षित बनाने में मदद मिलती है। केंद्र सरकार से 1600 करोड़ रुपए की वित्तीय मदद मिलने से राज्य की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सकता है। यूपीएस के तहत मिलने वाली सुनिश्चित पेंशन से कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा और वे अपने काम में अधिक समर्पित हो सकेंगे। यूपीएस पेंशन योजना का उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों को एक सुनिश्चित पेंशन प्रदान करना है, जिससे उनके भविष्य को सुरक्षित बनाने में मदद मिल सके। यूपीएस में पारदर्शिता है, जिससे कर्मचारी अपने पेंशन के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और अपने भविष्य की योजना बना सकते हैं। यूपीएस को लागू करने से सरकारी कर्मचारियों को कई लाभ मिल सकते हैं। यानी कुल मिलाकर देखा जाए तो यह स्कीम भी बुरी नहीं है। अब यह तो हिमाचल की सुक्खू सरकार को देखना है और फैसला लेना है कि वह राज्य में ओल्ड पेंशन स्कीम ही जारी रखना चाहती है या फिर कर्मचारियों को यूपीएस में लाना चाहता है। जो भी हो, निर्णय जल्द से जल्द हो जाना चाहिए। ■

# राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस : 'जागो ग्राहक जागो'



भारत में उपभोक्ता अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर वर्ष 24 दिसंबर को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 (उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 द्वारा प्रतिस्थापित) अधिनियम के उपलक्ष्य में मनाया जाता है । जिसे इसी तिथि को देश में राष्ट्रपति से स्वीकृति प्राप्त हुई थी। इस दिवस को वर्ष 1986 में उपभोक्ता के हित की बेहतर सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से लागू किया गया था। यह दिवस उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूकता पैदा करने व उल्लंघन की स्थिति में निवारण का उपाय सुझाता है। यह दिवस सभी को उपभोक्ताओं के अधिकारों के साथ उनकी जिम्मेदारियों को भी बढ़ावा देने का कार्य करता है। 20 जुलाई 2020 से देश में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 लागू किया गया, जो उपभोक्ताओं को सशक्त करने के साथ विभिन्न अधिसूचित नियमों और उपभोक्ता संरक्षण परिषदों, उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, मध्यस्थता, उत्पाद दायित्व और मिलावटी व नकली सामान वाले उत्पादों के निर्माण या बिक्री के लिए दंड जैसे प्रावधानों के माध्यम से उनके अधिकारों की रक्षा करेगा।



लेखक : हंसराज ठाकुर
लेक्चरर फिजिक्स, सुंदरनगर

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण उपभोक्ता के अधिकारों को बढ़ावा देने, संरक्षित करने और उन्हें लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके अंतर्गत उपभोक्ता अधिकारों के उल्लंघन की जांच करने और शिकायत या अभियोजन स्थापित करने और सुरक्षित वस्तुओं और सेवाओं को वापस लेने का आदेश देने, अनुचित व्यापार प्रथाओं और भ्रामक विज्ञापनों को बंद करने का आदेश देने व दंड लगाने का अधिकार होगा। इस अधिनियम के तहत प्रत्येक विक्रेता इकाई को रिटर्न, रिफंड, एक्सचेंज, वारंटी और गारंटी, डिलिवरी और शिपमेंट, भुगतान के तरीके, शिकायत निवारण तंत्र, भुगतान विधियों की सुरक्षा संबंधित जानकारी प्रदान करना अति आवश्यक है।

आज के दौर में उपभोक्ता चीजों की गुणवत्ता व भुगतान के तरीकों से खुद को ज्यादा असुरक्षित मानते हैं। वहीं दूसरी तरफ साइबर क्राइम का जाल बढ़ता जा रहा है। जिससे अधिकारी तक सुरक्षित नहीं है, मगर जागरूकता के माध्यम से समाज को इलेक्ट्रॉनिक रूप से शिकायत दर्ज करने और उपभोक्ता आयोग में आपकी शिकायत दर्ज करने में सक्षम बनाता है। उपभोक्ताओं को सभी तरह के शोषण जैसे दोषपूर्ण सामान, असंतोषजनक सेवाओं और अनुचित व्यापार प्रथाओं के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करना-इस अधिनियम का उद्देश्य है। इस अधिनियम में शामिल अधिकार भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 से 19 में निहित अधिकारों पर आधारित है। वही सूचना का अधिकार अधिनियम (आरटीआई) ने हमारे देश की शासन प्रक्रियाओं को आम जनता के लिए खोल दिया है। इसका दूरगामी प्रभाव भी उपभोक्ता संरक्षण पर दिखाई दे पड़ता है। हालांकि विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस भी 15 मार्च को उपभोक्ता अधिकारों और जरूरतों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के तरीके के रूप में मनाया जाता है। उपभोक्ता संरक्षण कानून देश के आम आदमी को यह छह कानूनी संरक्षण प्रदान करता है-

**सुरक्षा का अधिकार**-इसके अंतर्गत ग्राहक को उन चीजों से सुरक्षा का अधिकार है जिससे उनकी जिंदगी को खतरा हो सकता है।

**सूचना का अधिकार**-इसके तहत ग्राहक को वस्तुओं की गुणवत्ता, मात्रा, शुद्धता और कीमत के बारे में सही जानकारी पाने का पूरा अधिकार है ताकि जालसाजी न हो।

**जबरन खरीददारी करवाने के विरुद्ध अधिकार यानी चयन का अधिकार**-इस एक्ट के तहत ग्राहकों को यह अधिकार है वो वस्तुओं और सेवाओं को पसंद नहीं आने पर छांट सकता है। जिससे ग्राहकों को अनुकूल चीजें खरीदने का मौका मिलता है।

**सुनवाई का अधिकार**-सुनवाई के इस अधिकार के तहत ग्राहक को खरीददारी व देश में शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने व फार्म में अपनी बात रखने का अधिकार है।

**निवारण प्राप्त करने का अधिकार**-शिकार उपभोक्ता को विभिन्न आयोगों के माध्यम से निवारण प्राप्त करने का अधिकार है।

**उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार**-इस बारे में हर मंच से उपभोक्ता को जानकारी उपलब्ध करवानी आवश्यक है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अंतर्गत ई कॉमर्स प्लेटफार्म को स्वैच्छिक सुरक्षा प्रतिज्ञा लेने के लिए प्रेरित किया गया है। विशेषकर जब वास्तविक विक्रेता का पता नहीं चल पाता है या वह जिम्मेदारी स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं होता। जहां खरीद से पहले उत्पाद की भौतिक जांच संभव नहीं है। वहां उत्पाद सुरक्षा महत्वपूर्ण हो जाती है। ई कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर असुरक्षित प्रासंगिक मानकों को पूरा करने में विफल, उत्पादों की बिक्री, उपभोक्ताओं और जनता की सुरक्षा औ भलाई के लिए एक जोखिम उत्पन्न करती है। यह उन उत्पादों के मामले में विशेष रूप से महत्वपूर्ण हो जाता है जिन्हें गुणवत्ता नियंत्रक आदेशों (क्यूसीओ) के तहत मानकों के अनुरूप होना चाहिए। 880 मिलियन से अधिक उपभोक्ताओं के साथ भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा इंटरनेट बाजार है। वर्ष 2030 तक भारत वैश्विक स्तर पर दूसरा सबसे बड़ा ऑनलाइन शॉपर बेस होने का अनुमान है। प्रमुख ई कॉमर्स प्लैटफॉर्म ई जियो, जियो मार्ट, नेट मेड ,बिग बास्केट, टाटा क्लिक, टाटा वन एमसी , जोमैटो और ओला 24 दिसंबर 2024 को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर सुरक्षा प्रतिज्ञा लेंगे।

आज अनुचित व्यापार पद्धति को खत्म करने की सख्त आवश्यकता है। महंगाई के इस जमाने में आम जनमानस के लिए जीवन यापन करना अब आसान नहीं रह गया है। आम उपभोक्ता जमाखोरी, काला बाजारी, मिलावट, अधिक दाम, घटतौली जैसी अनेक समस्याओं से घिरा है। कदम कदम पर उपभोक्ता ठगी का शिकार होता है। अत: आरटीआई भी अब उपभोक्ताओं का हथियार बन गया है। मूल्य से अधिक दाम पर वस्तुओं को बेचता हुआ दुकानदार पकड़ा जाता है तो उस पर कानूनी कार्रवाई होगी या जेल भी हो सकती है। अत: हर व्यक्ति स्वत: ईमानदारी की राह पर व्यापार के क्षेत्र में भी अग्रसर होना चाहिए। अन्यथा चापलूसी व ठगी के परिणाम भयानक भी हो सकते हैं। अक्सर हर दिन हर जगह कुछ रुपए पैसों की हर उपभोक्ता से हेराफेरी खुर्दरा पैसों के अभाव में की जाती है। यदि यह हेराफेरी दिन में एक करोड़ लोगों से होती है तो वह इस मामूली रकम से ही एक ही दिन में करोड़पति बन जाता है। कानून उपभोक्ता को सुरक्षा प्रदान करता है-मगर जागरूकता का होना आवश्यक है। इस अवसर पर अनेक उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम देश भर में विभिन्न माध्यमों से आयोजित किए जाते हैं जो इस दिवस की प्रासंगिकता को सार्थक बनाते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# समोसा और मुर्गे पर आधारित हिमाचल का विकास पथ

भारतवर्ष पिछले कई वर्षों से राजनीतिक और धार्मिक स्तर से इतना गिर गया है कि अब इससे उभरना असंभव ही नहीं, बल्कि नामुमकिन सा प्रतीत होता है। राजनेता अब राजनीति केवल अपना उल्लू सीधा करने तथा अपने दल के माध्यम से राजनीतिक स्वार्थ सिद्धी के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से ही कर रहे हैं।



लेखक : कटोच रामेश्वर सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

मेरे 41 वर्षों के अनुभव से यह प्रमाणित हो गया है कि भ्रष्टाचार और चोरी-डाका आदि यह सभी के सभी भारतीय लोगों के खून, दिल और दिमाग में अपना स्थायी रूप से घर बना चुके हैं, जिसके कारण या यूं कहिए इन अंधभक्तों, शरारती तत्वों के कंधों पर बंदूक रखकर चलाना हमारे राजनीतिज्ञों को बिना किसी झंझट से स्वयं इनके घर-द्वार पर ही उपलब्ध है। हिमाचल में दोनों स्थानों यानी शिमला और धर्मशाला में हुई विधानसभाओं में अन्य महत्वपूर्ण लोकहित के विषय अब नहीं उठ रहे। अब जनहित के मसलों को छोड़कर 'जंगली मुर्गा' और 'समोसा' पर चर्चा हो रही है। इसके अतिरिक्त हमारे लोगों द्वारा हिमाचल के हितों की रक्षा और हिमाचल के अन्य विकास मुद्दों की तो कोई सुध-बुध ही नहीं है। हिमाचल के लोगों ने क्या अपना कीमती मत देकर राजनीतिज्ञों को 'जंगली मुर्गे' और 'समोसे' जैसे नीच एवं महत्वहीन विषयों पर चर्चाकार बनाया है।



चर्चा अति संवेदनशील विषयों जैसे-एक ऐसी संस्था को लोकहित के नाम पर हिमाचल प्रदेश काश्तकारी एवं भूमि सुधार अधिनियम 1972 की धारा 118 की अवेहलना कर देने पर होनी चाहिए, जिसके कारण भविष्य में हिमाचल प्रदेश समस्याओं भरा होना निश्चित है क्योंकि, यह निर्णय कुछ ऐसी संस्था से जुड़े लोगों और अपनी मतपेटी को भविष्य में मजबूत करने के लिए ही अन्य हिमाचलियों के नाम पर जनहित करार दे देना न्यायसंगत नहीं है।

अगर कोई भी संस्था या मठ संपूर्ण हिमाचल के गरीबों, रुग्ण ग्रामीण लोगों की निष्पक्ष, निष्कपट एवं तहेदिल से कोई योगदान करना चाहता है तो उसे हिमाचल राज्य सरकार द्वारा भूतकाल में चलाई गई हर संस्था या सरकार के अधीन स्वास्थ्य केंद्र के विकास पर योगदान देना ही होगा न कि कुछ निजी लोगों की हठधर्मी एवं मत न मिलने की तर्कहीन भभकी से इस प्रकार के हिमाचल प्रतिकूल निर्णय। इसी प्रकार की दूसरी अति संवेदनशील समस्या हिमाचल के पर्यटन विकास में तेजी लाने के लिए सबसे पुरानी है, जिसे राष्ट्रीय उच्च मार्ग 20 कहा जाता था अब उसे राजनीतिज्ञों के सौजन्य से ही राष्ट्रीय उच्च पथ 154 का दर्जा प्राप्त है। पूर्व कई वर्षों से 'जनहित' के दायरे में न होने के कारण कई स्वार्थ सिद्ध करने वाले मंडी और कांगड़ा के लोगों का विरोध का ग्रास बना बैठा है। विडंबना तो यह है कि जिन्हें राजनीतिज्ञ संसार 'जनहित का स्वरूप देता है' उसके ही यह वह लोग हैं जिन्होंने पूर्व कई सदियों से इस राष्ट्रीय उच्च मार्ग 20 (अब154) की भूमि पर अधिग्रहण करके पांच-छह मंजिला आलिशान बंगले एवं होटल चला रखे हैं।

मजा तो उस समय आता है जब 'जनहित और हिमाचल हित' की दुहाई देने वाले राजनीतिज्ञ इन राज्यीय भूमि अधिग्रहण पर बने होटलों में अधिग्रहणकर्ताओं के साथ बैठकर ठहाका मारते हुए सर्वोच्च न्यायालय भारतवर्ष के 19-12-2024 निर्णय की स्थानीय निकाय और प्रशासन के कर्मचारी गण साथ भद्दा मजाक करते दिखते हैं। अब तो केवल कोई श्री ईश्वरीय शक्ति ही भारतवर्ष को इस भारतीय राजनीति के घिनौने मायाजाल से निजात दिला सकती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**


## अपनी बात

**देश** के कई हिस्सों में भीड़-प्रबंधन की नाकामी और नालायकी के कारण भगदड़ मचती रही है। अक्सर पुलिस की नाकामी करार दी जाती रही है। भीड़ को भगदड़ में तबदील होने से कैसे रोका जाए? इसी साल नरेंद्र मोदी पहली बार देश के प्रधानमंत्री चुने गए थे। इन दिशा-निर्देशों के बावजूद भगदड़ें मचती रही हैं। इसी साल जुलाई में हाथरस (उप्र) में एक धार्मिक सत्संग में भीड़ बेकाबू हो गई और भगदड़ में करीब 125 मौतें हो गईं। सिर्फ आयोजकों को जेल में डाल कर घटना की इतिश्री कर दी गई। अदालत ने उन्हें जमानत दे दी। क्या भगदड़ का कारण यही था? दरअसल अंग्रेजी में जिस शब्द का अर्थ 'भगदड़' है, वह घोड़ों और पशुओं की भगदड़ है, जो डर कर या उत्तेजित होकर एक ही दिशा में भागने लगते हैं। **रमन कुमार, मटौर**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# भारतीय फिल्म अभिनेता और निर्माता

**अनिल** कपूर भारतीय फिल्म अभिनेता और निर्माता हैं, जो कि बॉलीवुड और हॉलीवुड फिल्मों में अपने अभिनय और डायलॉग बोलने के अंदाज से जाने जाते हैं। उन्होंने अपने कॅरियर में बहुत सी फिल्में कीं। वह हर शैली की फिल्मों में काम कर चुके हैं और उन्हें दर्शकों से काफी सराहना भी मिली है। उन्हें कई फिल्मफेयर पुरस्कार भी मिल चुके हैं। अनिल कपूर का जन्म चेंबूर, मुंबई में हुआ था। उनके पिता का नाम सुरिंदर कपूर और मां का नाम निर्मल कपूर है।



अनिल कपूर
**जन्म :** 24 दिसंबर, 1959

उनके दो भाई हैं-बड़े भाई का नाम बोनी कपूर और छोटे भाई का नाम संजय कपूर है। अनिल कपूर ने ऑवर लेडी ऑफ परपिच्युल सकर हाई स्कूल, चेंबूर से पढ़ाई की थी। इसके बाद उन्होंने सेंट जेवियर्स कॉलेज, मुंबई से पढ़ाई की। अनिल कपूर के विवाह से उनके परिवार वालों को कभी आपत्ति नहीं थी, लेकिन अनिल के बॉलीवुड के दोस्तों को आपत्ति थी, लेकिन दो बार शादी की तारीख टालने के बाद सुनीता ने भी साफ कर दिया कि अब आगे ऐसे नहीं चलेगा। फिर ठंडे दिमाग से सोचने के बाद अनिल ने तय कर लिया। तब 19 मई, 1984 को अनिल और सुनीता एक दूसरे के हो गए। अनिल और सुनीता के तीन बच्चे हैं- दो बेटियां-सोनम कपूर और रिया कपूर और एक बेटा-हर्षवर्धन। अनिल कपूर ने अपने फिल्मी कॅरियर की शुरुआत उमेश मेहरा की फिल्म 'हमारे तुम्हारे' (1979) के साथ एक सहायक अभिनेता की भूमिका में की थी। फिल्म 'हम पांच' (1980) और 'शक्ति' (1982) में कुछ मामूली भूमिकाओं के बाद उन्हें 1983 में 'वो सात दिन' में अपनी पहली प्रमुख भूमिका मिली, जिसमें उन्होंने एक उत्कृष्ट एवं स्वाभाविक प्रदर्शन किया। अनिल कपूर ने बाद में टॉलीवुड (दक्षिण भारतीय सिनेमा) में अभिनय करने की कोशिश की और तेलुगू फिल्म 'वम्सावृक्षं' और 'मणिरत्नम' में काम किया। ■

## कविता

# सच बोलतीं हैं आंखें



*भीम बसेड़ू राजपूत*

*मुंह से जुबान निकले या न निकले,*
*आंखें बता देती हैं वो सब।*
*उतार-चढ़ाव, भला-बुरा,*
*ये बसाती हैं खाती भी हैं साबुत।*
*डूबकर मगर होता है मालूम, देखते जाओ बस,*
*ये बोलती हैं सब कुछ, फिर जरूरी तो नहीं,*
*लफ्जों से ही कही जाए हर बात, आम और खास बात,*
*आंखें भी करती हैं; बात-मुलाकात,*
*कहती हैं ये रौशनियां पुतलियां खोलकर बहुत कुछ; देख टुकुर-टुकुर,*
*जीवन में आकर आमना-सामना करते-करते,*
*होती है तरह-तरह की बात, आंखों से; आंखों में,*
*इनमें झांककर मगर भाषा समझना, नहीं हर किसी के बस की बात।।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# उत्तरी भारत के भविष्य के लिए एक चुनौती बनता वायु प्रदूषण एवं उसकी गुणवत्ता

जैसा कि हर वर्ष सर्दियों का मौसम आते ही उत्तरी भारत के मुख्य महानगरों एवं शहरों में वायु गुणवत्ता की भयानक स्थिति देखने को मिलती है। ऐसी स्थिति तब होती है जब ठंडी हवा गर्म हवा की तुलना में अधिक सघन होती है और धीमी गति से चलती है।



लेखक : राजन कुमार शर्मा
डुगली, जिला हमीरपुर

इस घनत्व का मतलब है कि ठंडी हवा प्रदूषण को फंसा लेती है। सर्दियों में वायु प्रदूषण बहुत लंबे समय तक बना रहता है और इसलिए गर्मियों की तुलना में सांस के जरिए अधिक मात्रा में अंदर जाता है। वैज्ञानिकों की एक अंतरराष्ट्रीय टीम द्वारा किए गए अध्ययन में पाया गया कि औद्योगिक प्रदूषण, विशेष रूप से कारखानों द्वारा उत्सर्जित सूक्ष्म कण, एक ऐसी घटना को जन्म दे सकते हैं, जिसके परिणामस्वरूप आस-पास के क्षेत्रों में अधिक बर्फबारी होती है। बर्फ की चादर जमीन के पास की हवा को ठंडा बनाती है और साफ आसमान ऊपरी वायुमंडल को गर्म करता है। अगर कोई उच्च दबाव प्रणाली आगे बढ़ती है, तो गर्म हवा का धीरे-धीरे डूबना ठंडी हवा के ऊपर एक टोपी की तरह काम करता है, बिलकुल घाटी के कटोरे के ऊपर ढक्कन की तरह, हर मौसम अपने साथ वायु गुणवत्ता की समस्याएं लेकर आता है। सर्दी आमतौर पर साल का सबसे प्रदूषित मौसम होता है, जिसका मुख्य कारण हीटिंग और परिवहन के लिए ईंधन का अधिक दहन और यह तथ्य है कि ठंडी घनी हवा प्रदूषकों को सतह के करीब रखती है।

ग्रीष्म ऋतु में भूमि-स्तर ओजोन जैसे वायु प्रदूषक अधिक होते हैं, क्योंकि धूप वाला गर्म मौसम ओजोन निर्माण में सहायक होता है।



जबकि कणीय पदार्थ और कार्बन-मोनोऑक्साइड जैसे प्रदूषक, ठंडे सर्दियों के महीनों में तापन और व्युत्क्रम परतों के प्रभाव के कारण बढ़ जाते हैं। सर्दियों के तूफान और ठंडे तापमान आपके घर के अंदर और आस-पास संभावित रूप से खतरनाक स्थितियां पैदा कर सकते हैं, जिसमें आपके घर के अंदर की हवा की गुणवत्ता को प्रभावित करना भी शामिल है। अत्यधिक ठंड और बर्फीली परिस्थितियों के कारण पाइप फट सकते हैं, हानिकारक प्रदूषक घर के अंदर फंस सकते हैं और आपके घर में बिजली नहीं रह सकती, वायु प्रदूषण अधिक होने का कारण है वाहनों से निकलने वाला उत्सर्जन, घरों को गर्म करने के लिए ईंधन तेल और प्राकृतिक गैस, विनिर्माण और बिजली उत्पादन के उपउत्पाद, विशेष रूप से कोयला-ईंधन वाले बिजली संयंत्र, और रासायनिक उत्पादन से निकलने वाले धुएं मानव निर्मित वायु प्रदूषण के प्राथमिक स्रोत हैं।

वायु प्रदूषण सभी चीजों को प्रभावित करता है। यह हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, और यह दृश्यता को कम करके और सूरज की रोशनी को अवरुद्ध करके, अम्लीय वर्षा का कारण बनकर और जंगलों, वन्यजीवों और कृषि को नुकसान पहुंचाकर पर्यावरण को भी प्रभावित करता है। ग्रीनहाउस गैस प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन का कारण, पूरे ग्रह को प्रभावित करता है। यदि हम उपायों की बात करें, तो प्रदूषण को कम करने का पहला तरीका अवधारणा का अभ्यास करना है, नागरिकों को एयर कंडीशनर का उपयोग कम करना चाहिए, क्योंकि इससे हानिकारक गैसें निकलेंगी, ओजोन परत को नुकसान पहुंचाने वाले क्लोरोफ्लोरो कार्बन तुरंत निकलेंगे जिससे वायु प्रदूषण कम होगा। प्रदूषित वायु को साफ करने के लिए 'एरोसोल निस्पंदन' वायु शुद्धिकरण का एक प्रभावी साधन है, साथ ही इसका उपयोग द्रव्यमान और रासायनिक संरचना निर्धारण के लिए वायुजनित सामग्री के नमूने लेने के लिए व्यापक रूप से किया जाता है। अत: वर्तमान में इसकी रोकथाम हेतु उचित योजना व कार्य प्रणाली का उपयोग करना भविष्य के लिए सार्थक सिद्ध होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# पाठकों के पत्र...

**मैं** जिला ऊना के मुछाली ग्राम पंचायत का स्थायी निवासी हूं। महोदय हमारे क्षेत्र में लावारिस और जंगली जानवरों की समस्या विकराल हो चुकी है। मक्की और गेहूं की प्रमुख फसलें होती हैं, लेकिन कुछ मौसम की मार और रही कसर लावारिस जानवरों द्वारा पूरी कर दी जाती है। हालांकि बंदरों की समस्या के लिए वन विभाग द्वारा प्रयास किया जाता है, लेकिन समस्या का पूरा हल नहीं हो पाता है। इलाके में वाहनों की ओवर स्पीड, नशाखोरी, अवैध खनन और वन माफिया की समस्या भी प्रमुख है। पुलिस ने पिछले कुछ समय से काफी हद तक इसको नियंत्रित करने में सफलता पाई है। यहां कृषि के कार्य से जुड़े लोग भी अधिक हैं। यहां लोग कृषि से जुड़े हैं इसलिए किसानों की समस्याएं भी हैं। इन समस्याओं को दूर करने के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रयास किया गया है। हमारी जानकारी पर कुछ समाचार प्रकाशित हुए भी हैं। अब तक आपका डिजिटल संस्करण नियमित पढ़ता हूं। प्रिंट भी मिल जाता है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र क्षेत्र के कई आसपास के गांवों में हॉकर्स के पास उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आपसे आग्रह है कि अगर कोई व्यवस्था हो पाए तो बुहाना, डुमखर आदि क्षेत्र में समाचार पत्र पहुंचने की व्यवस्था की जाए। समाचार पत्र में रोजगार संबंधी समाचार और जानकारी होनी चाहिए।



**मोहिंदर ( बंगाणा ऊना )**
**मो. 98163 21399**

**लोकतांत्रिक** व्यवस्था में मीडिया की भूमिका अपरिहार्य है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र पत्रकारिता की अखंडता और उत्कृष्टता के उच्चतम आदर्शों का उदाहरण है। सच्चाई के प्रति आपका जुनून और समुदाय की आवाज को बुलंद करने के आपके प्रयास सराहनीय है। समाचार पत्र लगातार पाठकों की रुचि के मुताबिक आमूलचूल सुधार कर रहा है। इसके लिए संपादकीय टीम को साधुवाद। उम्मीद है कि भविष्य में यह अखबार प्रदेश की दशा और दिशा तय करने में कारगर साबित होगा। पाठकों की रुचि बनी रहे इसके लिए सभी वर्ग की जरूरत के मुताबिक खबरें और संपादकीय पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। खबरों का कंटेंट और बेहतर किया जा सकता है। अखबार का लेआउट और प्रिंट काफी अच्छा है। इसके लिए पूरी टीम को साधुवाद।



**राजीव त्यागी, सोलन**
**मो. 97667 08525**

**लोकतांत्रिक** व्यवस्था में मीडिया की भूमिका अपरिहार्य है और आपका काम पत्रकारिता की अखंडता और उत्कृष्टता के उच्चतम आदर्शों का उदाहरण है। दैनिक अनंत ज्ञान समाचार पत्र इस कसौटी पर खरा उतर रहा है। अनंत ज्ञान में हिमाचल प्रदेश से जुड़ी हर छोटी बड़ी खबरों का समावेश होने के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय और खेल जगत की खबरों को भी प्राथमिकता दी जा रही है। साथ ही नवाचार का प्रयास कर प्रदेश की कला व संस्कृति को भी विश्व पटल में लाने का प्रयास है। इसके अलावा धार्मिक, पर्यटन और स्वास्थ्य संबंधित जानकारी पाठकों तक पहुंच रही है। पाठकों को रोचक और पूरी जानकारी उपलब्ध करने के लिए अनंत ज्ञान समूह को ढेर सारी शुभकामनाएं।



**शैलेंद्र गुप्ता, सोलन**
**मो. 92186 00000**

**पाठक अपने पत्र और सुझाव यहां भेज सकते हैं**
***Email : editoranantgyaan@gmail.com***
***Whatsapp no. :* 88945-21702**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### कशिश और अपूर्वा सांस्कृतिक प्रतियोगिता में लेंगी हिस्सा



अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिंद्रनगर की छात्राएं कशिश और अपूर्वा 26 से 27 दिसंबर को जिला शिमला के सुन्नी में आयोजित राज्य स्तरीय पीएमसी स्कूलों की सांस्कृतिक गतिविधि प्रतियोगिता में मंडी जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। प्रधानाचार्य डॉक्टर सुनील ठाकुर ने बताया कि 20 दिसंबर को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कैनेड, मंडी में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में दोनों छात्राओं ने 'डिस्कवर एंड लर्न लोकल साइट्स' श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। डॉक्टर ठाकुर ने बताया कि विद्यालय की छात्राएं खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं और राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं।

### सर्वोदय जन कल्याण समिति का स्थापना दिवस मनाया

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। सर्वोदय जन कल्याण समिति चोलथरा का सोमवार को



स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से चोलथरा में मनाया गया। मुख्यातिथि के रूप में खूब सिंह पंडवाल सेवानिवृत सहायक प्रोफेसर शामिल हुए। संस्था के प्रधान परजीत ठाकुर ने मुख्यातिथि और सभी वशिष्ठ अतिथियों का शाल टोपी पहना कर स्वागत, सत्कार किया। संस्था प्रधान ने पूर्व में संस्था के द्वारा जनहित और लोककल्याण के लिए किए गए कार्यों का विस्तृत ब्यौरा जनता के समक्ष रखा। कार्यक्रम में प्रदेश के प्रसिद्ध सांस्कृतिक लोकगायक जगदीश सनवाल और विपिन सकलानी ने अपनी गायकी से लोगों का खूब मनोरंजन किया। इस मौके पर कई व्यक्तियों ने संस्था की सदस्यता ग्रहण की जिनमें वरुण पंढवाल (कोठी), मनमोहन सिंह (दलौट), कमलेश कुमार चंदेल (लटेहड़ा), प्रेम कुमार ठाकुर (सरकाघाट), राकेश कुमार वर्मा (पपलोग), कै. जगत राम मकेहड), अनिल कुमार (मकेहड), संजय कुमार (मकेहड़), सेवानिवृत पुलिस उप-अधीक्षक रणधीर सिंह राणा (बासी कोठी) ने संस्था की सदस्यता ग्रहण की।

### सेवानिवृत्त लजा राम ठाकुर ने मनाया 97वां जन्मदिन



अनंत ज्ञान, सरकाघाट। मंडी जिला के धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बिंगा के दबरोट गांव निवासी कैप्टन लजा राम ठाकुर ने सोमवार को अपना 97 जन्मदिन मनाया कैप्टन लजाराम 6 जून 1947 को सेना में सिपाही के रूप में भर्ती हुए और इन्होंने अपनी सर्विस के दौरान 1962, 65 व 1971 का युद्ध लड़ा और 31 अक्तूबर 1978 में सेना से कप्तान के पद से रिटायर्ड हुए इन्होंने अपने 31 साल चार महीने के सेवाकाल के दौरान देश के भिन्न-भिन्न प्रदेशों में अपनी सेवाएं दी। कैप्टन लजा राम अपनी यूनिट के पहले सुबेदार मेजर बने अपनी सेवानिवृत्ति के बाद इन्होंने अपने इलाके में समाज सेवा में बढ़ चढ़कर भाग लिया। इनके दो पुत्र और दो बेटियां है इनके दोनों बेटे फिर 24 वर्ष की सेवाएं देने के उपरांत सूबेदार रैंक से सेवानिवृत हुए हैं जहां आज कैप्टन लजा राम ठाकुर अपना 97 वां जन्मदिन मना रहे हैं।

### वरिष्ठ पत्रकार हेमकांत की स्मृति में सम्मान समारोह 25 को

अनंत ज्ञान, मंडी। पत्रकार, शिक्षाविद एवं कला मर्मज्ञ दिवंगत हेमकांत कात्यायन



की पुण्य स्मृति में आदरांजली समारोह का आयोजन किया जा रहा है। हेमकांत कात्यान मेमोरियल ट्रस्ट मंडी की अध्यक्ष निर्मला कात्यायन एवं सदस्य सिद्धार्थ कात्यायन ने कहा कि आगामी 25 दिसंबर को वरिष्ठ पत्रकार हेमकांत कात्यायन की पुण्य स्मृति में उनके जन्मदिवस पर आदरांजली समारोह का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्व. हेमकांत कात्यायन पत्रकार होने के अलावा उनकी साहित्य, कला संस्कृति और शिक्षा के क्षेत्र में भी योगदान रहा है। उनकी पुण्य स्मृति में पत्रकारिता, साहित्य एवं ललित कला के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाली विभूतियों को हेमकांत कात्यायन मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से एक गरिमापूर्ण सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर बीरबल शर्मा ने बताया कि विगत 19 मई को स्व. हेमकांत कात्यायन जी की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित शोकसभा के दौरान यह विचार उभरा था कि हेमकांत कात्यायन की स्मृति में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया जाए।

### जोगिंद्रनगर के बडोण में सुनीं जनसमस्याएं



अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। सुशासन सप्ताह के तहत जोगिंद्रनगर उपमंडल के बडोण में सोमवार को शिविर के माध्यम से जन समस्याओं का निपटारा किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता तहसीलदार जोगिंद्रनगर डॉ. मुकुल शर्मा द्वारा की गई। शिविर में स्थानीय लोगों की विभिन्न समस्याओं को सुना गया और कई मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। तहसीलदार डॉ. मकुल शर्मा ने बताया कि शिविर के दौरान सीपी ग्रा पोर्टल के माध्यम से प्राप्त कुल 4 जून समस्याओं में से 1 का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। इसके अतिरिक्त ई-डिस्ट्रिक पोर्टल के माध्यम से जोगिंद्रनगर प्रशासन को कुल 89 विभिन्न तरह के प्रमाण पत्र जारी करने के लिए आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 53 प्रमाण पत्र जारी कर दिए गए हैं।

### आदेशों पर भी दिव्यांगों का यूडीआईडी का सॉफ्ट कार्ड मान्य नहीं

भगत सिंह गुलेरिया, मंडी। हिमाचल पथ परिवहन निगम की क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा दिव्यांगों के लिए सरकारी बसों में यात्रा के दौरान डिजिलॉकर में यूडीआईडी कार्ड दिखाकर निशुल्क यात्रा के आदेश पर अमल नहीं हो रहा है। यह आरोप हिमालयन दिव्यांग कल्याण एसोसिएशन की मासिक बैठक में जिला प्रधान हेमलता पठानिया ने लगाया है। हालांकि क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा आदेश की प्रति सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतु डिविजनल मैनेजर, सभी निरीक्षकों व अड्डा प्रभारी को प्रेषित करने के साथ ही मंडी बस अड्डा के नोटिस बोर्ड पर भी लगवाई है। इसके बावजूद भी यात्रा के दौरान बस कंडक्टर दिव्यांग यात्रियों से यूडीआईडी की असल कॉपी मांगते हैं। वे डिजिलॉकर की सॉफ्ट कॉपी को मानने से इन्कार करते हैं। बैठक में प्रस्ताव पारित कर डिविजनल मैनेजर से मांग की गई है कि क्षेत्रीय प्रबंधक के आदेश की प्रति सभी बस कंडक्टरों और जिला के सभी अड्डा प्रभारियों को उपलब्ध करवाएं ताकि वे दिव्यांगों को यात्रा के दौरान तंग न करें। बैठक में यह भी प्रस्ताव पारित किया गया है कि दिव्यांगों के मामले जिस भी कार्यालय में आते हैं उन्हें दिव्यांग एक्ट के अनुसार शीघ्र निपटाया जाए। क्योंकि दिव्यांग बार-बार किसी भी कार्यालय के चक्कर नहीं काट सकते। इसके अलावा एक अन्य प्रस्ताव पारित कर यह भी मांग की है कि दिव्यांगों के नाम पर कुछ संस्थाएं उनका शोषण कर रही हैं।

# गाड़ागुशैणी में 4 इंच तक बर्फबारी

- गांवों में तापमान पहुंचा शून्य से नीचे
- बर्फबारी के चलते कुछ संपर्क सड़क मार्गों पर यातायात हुआ अवरुद्ध




नूतन ठाकुर, बालीचौकी

लंबे समय के बाद आखिर सराज के ऊंचे क्षेत्रों में बर्फ का आगमन हुआ। लोगों ने बर्फ का स्वागत घरों से बाहर निकल कर किया और प्रसन्नता का इजहार किया। इस दौरान सराज घाटी के गाड़ागुशैणी में 3 से 4 इंच तक बर्फबारी रिकॉर्ड की गई। स्थानीय पंचायत के पूर्व प्रधान ललित कुमार ठाकुर ने बताया कि बर्फबारी के चलते लोगों ने 3 मास के ड्राई स्पेल के बाद राहत की सांस ली है। वहीं बालीचौकी उपमंडल के तहत आने वाले थाची में भी बर्फ के फाहे गिरे।

वहीं क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सोमगाड़ के नाचणी, चलौट, बणेशी, जहिरा और धनौट में भी समाचार लिखे जाने तक बर्फबारी जारी थी। बर्फबारी के चलते सराज घाटी के सपैहणीधार, चुंजवाला गढ़ व शाटाधार में भी बर्फ की सफेद चादर बिछ गई। इस दौरान इन स्थानों के समीप के गांवों में तापमान शून्य से नीचे चला गया है। कुछ संपर्क सड़क मार्गों पर यातायात अवरुद्ध हो गया है।

दिसंबर मास की बर्फबारी को किसानों एवं बागवानों के खुशखबरी माना जाता है। ऊपरी क्षेत्रों में जहां बर्फबारी हो रही है वहीं उपमंडल मुख्यालय बालीचौकी एवं उसके साथ लगती कई पंचायतों में हल्की बूंदाबांदी हुई।

### दर्जनों गाड़ियों के बर्फ में फंसे होने की सूचना

**बर्फबारी** एवं हल्की-फुल्की बारिश के चलते समूचे क्षेत्र में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। वहीं बर्फबारी के बीच सराज घाटी में देऊलियों का दौर भी शुरू हो गया है। बर्फबारी के बीच में सराज घाटी के बड़े देओ कहे जाने वाले देव मतलोड़ा के देऊलू शलवाड़ गांव में देव कारज में उपस्थित रहे। वहीं बर्फबारी के चलते गाड़ागुशैणी सड़क मार्ग पर दर्जनों गाड़ियों के बर्फ में फंसे होने की सूचना है।

### बर्फबारी होने से बागवान खुश

भीम बसेड़ू, महादेव। सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आते ऊंचाई वाले खासकर रोहांडा, चौकी, कमांद, निहरी आदि इलाकों में जहां भारी शीत लहर के चलते बर्फबारी होने से बागवानों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। वहीं निचले मैदानी भागों में किसानों आदि को फिर से मायूस होकर रह जाना पड़ा। विकासखंड धनोटू के अंतर्गत आते मैदानी भागों सहित आसपास के इलाकों में भी झमाझम बारिश होने की आस लगाए बैठे किसानों को एक बार फिर इसलिए भारी मन से निराश होना पड़ा क्योंकि मौसम की बेरुखी ने केवल हल्की बूंदाबांदी कर टरकाऊ रवैया अपनाया है बता दें कि कि सितंबर माह से लेकर अब तक बारिश का नाम नहीं जबकि वर्ष 2023 का अंतिम महीना समाप्त होने को है और खेत सूखे पड़े हैं जिससे कृषि कार्य से जुड़े लोगों की चिंताएं और ज्यादा बढ़ गई हैं। (अनंत ज्ञान)

# गेस्ट टीचर भर्ती को लेकर सड़कों पर उतरे मंडी के बेरोजगार युवा



शहर में धरना-प्रदर्शन करते हुए प्रशिक्षित बेरोजगार युवा।

पुष्पराज, मंडी

बढ़ती बेरोजगारी और सरकार के नौकरी न देने के रवैये को देखते हुए सोमवार को सैकड़ों बेरोजगार युवा हिमाचल युवा बेरोजगार महासंघ के बैनर तले जिला मुख्यालय मंडी में उपायुक्त कार्यालय के बाहर प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और धरना प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के साथ युवाओं ने रोजगार देने को लेकर सीएम सुक्खू से मांग की। युवाओं ने सेरी मंच से जिलाधीश कार्यालय तक नारेबाजी कर सरकार से वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए अपना रोष दर्ज किया।

जानकारी देते हुए हिमाचल युवा बेरोजगार महासंघ के जिला संयोजक विशाल मंढोत्रा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने चुनावों के समय युवाओं को 5 पांच लाख सरकारी नौकरियां देने का वादा किया था। लेकिन सरकार ने वादाखिलाफी कर युवाओं को ठगने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा प्रदेश में गेस्ट टीचर पॉलिसी और आउटसोर्स भर्ती लाने से युवाओं का शोषण हो रहा है।

महासंघ ने मांग की है कि हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग को सुचारु रूप से चलाया जाए और जब तक ऑनलाइन पेपर नहीं लिए जाते तब तक ऑफलाइन पेपर लिए जाए। इसके साथ विभिन्न पदों को लेकर वर्ष 2022 में भरी गई परीक्षाओं को करवाया जाए। विशाल ने कहा कि अगर युवाओं की मांगों को सरकार द्वारा जल्द माना नहीं गया तो प्रदेश में बड़े आंदोलन किए जाएंगे।

प्रदर्शनकारी हिमाचल युवा बेरोजगार युवा महासंघ की सदस्य निशा ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा गेस्ट टीचर पॉलिसी लाने से युवाओं के साथ धोखा दिया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में युवाओं की कमी नहीं है। लेकिन रिटायर्ड टीचर को फिर से नौकरी देना युवाओं के साथ कुठाराघात है। (अनंत ज्ञान)

## लडभड़ोल में पिकअप पलटने से पांच मजदूर घायल, एक गंभीर

अभिषेक, जोगिंद्रनगर

लडभड़ोल क्षेत्र की ग्राम पंचायत भडोल के गांव डिबाडऊं में रविवार शाम एक पिकअप गाड़ी पलटने से जम्मू-कश्मीर के पांच मजदूर घायल हो गए।

हादसा उस समय हुआ जब ये मजदूर डिबाडऊं में जनरेटर छोड़ने के बाद वापस लौट रहे थे। घायलों में 22 वर्षीय दिनेश सिंह, 30 वर्षीय मोहम्मद सदीक, 33 वर्षीय मीर हुसैन, 20 वर्षीय कालू, और 25 वर्षीय भरत इस्माइल शामिल हैं। स्थानीय लोगों ने तुरंत मदद करते हुए घायलों को 108 एंबुलेंस की सहायता से सिविल अस्पताल लडभड़ोल पहुंचाया। मौके पर पहुंचे 108 एंबुलेंस के ईएमटी आशुतोष कुमार ने सभी को प्राथमिक उपचार दिया। सिविल अस्पताल में डॉक्टर निखिल शर्मा ने घायलों का उपचार किया। गंभीर रूप से घायल दिनेश सिंह को सिविल अस्पताल से पालमपुर रेफर कर दिया गया है।

पुलिस चौकी लडभड़ोल के प्रभारी रमेश कुमार ने घटना स्थल पर पहुंचकर घायलों के बयान दर्ज किए। डीएसपी पधर देवराज ने बताया कि हादसे की जांच की जा रही है।

## डॉ. अंबेडकर पर गृह मंत्री का बयान अपमानजनक : कुलदीप

अनंत ज्ञान, मंडी



दलित बस्ती डोलंगी के दौरे के दौरान सामूहिक चित्र में।

अनुसूचित जाति राज्य आयोग के चेयरमैन कुलदीप कुमार कुल्लू दौरे के दौरान मंडी जिला के दलित बस्ती डोलंगी में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. भीम राव अंबेडकर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा दिया गया बयान अपमानजनक है।

उन्होंने कहा कि भीम राव अंबेडकर द्वारा रचित संविधान से देश प्रदेश का शासन प्रशासन चलता है और पंचायत पंच से लेकर प्रधानमंत्री तक संविधान के मुताबिक ही शपथ लेते हैं। डॉ. अंबेडकर के व्यक्तित्व राजनीति से नहीं तोला जा सकता है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर राष्ट्र की धरोहर हैं, उनके आदर्शों और बताए गए रास्तों पर ही चलकर ही राष्ट्र सुरक्षित है। अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही ने कहा कि हिमाचल के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में डॉ. अंबेडकर के अपमान को लेकर विरोध प्रदर्शन करना राष्ट्र हित में है।

उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि ऐसे मामलों पर कड़ा संज्ञान लें और राष्ट्रपति से गृहमंत्री के खिलाफ संवैधानिक कार्रवाई की मांग करें। चमन राही ने कहा कि देशभर में लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंची है। ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए कड़ा संज्ञान लिया जाए। चमन राही ने कहा कि जो संविधान निर्माता की शान से टकराएगा वो चूर चूर हो जाएगा।

## आरकेएम स्कूल कपाही में ग्रैंड पेरेंट्स-डे और वार्षिकोत्सव की धूम

उमेश, सुंदरनगर



कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए नन्हे विद्यार्थी।

उपमंडल सुंदरनगर के कपाही स्थित आरकेएम पब्लिक स्कूल में सोमवार को ग्रैंड पेरेंट्स-डे और वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी राजा ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि जबकि प्रेस क्लब सुंदरनगर के प्रधान सुरेंद्र शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में कृतिका ने संस्कार विषय पर बेहतरीन विचार प्रस्तुत कर कहा कि डिग्री महज कागज का टुकड़ा है और किसी के व्यवहार से उसकी असलियत का पता चलता है। संसार को संस्कार से जीता जा सकता है अहंकार से नहीं, इसलिए संस्कारित जीवन जीना चाहिए। समिति के चेयरमैन हरि सिंह ठाकुर, निदेशक कर्म सिंह ठाकुर, प्रिंसिपल वीरेंद्र भारती, एसएमसी प्रधान किरण ने मुख्यातिथि और विशिष्ट अतिथि को सम्मानित किया। चेयरमैन हरिसिंह ठाकुर ने अपने संबोधन में सभी का स्वागत किया। सुरेंद्र शर्मा ने स्कूल प्रबंधन के द्वारा आयोजित कार्यक्रम को लेकर बधाई दी। उन्होंने अपनी परंपरागत भाषा सीखने सहित अपनी खेती बाड़ी के बारे में जानकारी दें।

मुख्य अतिथि ने बच्चों के दादा दादी और नाना नानी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। फैंसी ड्रेस में सीताराम, हनुमान, कृष्ण राधा, किसान, रानी लक्ष्मीबाई, महात्मा गांधी, सुदामा, दूल्हा, फौजी, पहाड़ी बने बच्चे बेहतरीन अंदाज में मंच पर पहुंचे।

### हाईवे की नाली बंद होने से पानी की निकासी रुकी



भीम बसेड़ू, महादेव। धनोटू नेशनल हाईवे का एक बड़ा मिट्टी रोड़ी भरा गहरा भाग पूर्ण रूप से अवरुद्ध हुई नाली का गंदा पानी फैलने से हाईवे का सत्यानाश कर रहा है। बता दें कि बरसाती मौसम में नेशनल हाइवे तालाब बनता रहा है। धनोटू से सुंदरनगर की ओर जाते नेशनल हाईवे की कच्ची उथली नाली का गंदा पानी जहां हाईवे के यहां तमाम तरह का सुधार करने के लिए कारगार कदम उठाए।

## दिव्यांगों को बांटे कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण

अनंत ज्ञान, सरकाघाट



सरकाघाट के सिविल अस्पताल में दिव्यांगों के लिए भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम और जिला प्रशासन व सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सौजन्य से एक कृत्रिम अंग वितरण शिविर आयोजित किया जा रहा है।

इस शिविर की अध्यक्षता जिला कल्याण समिति के अध्यक्ष व विधायक धर्मपुर चंद्रशेखर ने की। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में हिमाचल सरकार दिव्यांग जनों के हितों के संरक्षण हेतु प्रतिबद्ध है। चंद्रशेखर ने कहा कि जिन दिव्यांग जनों के पास अभी तक भी कोई सहायक उपकरण व्हील चेयर या अन्य उपलब्ध न हो पाई हो तो वे व्यक्तिगत रूप से उपकरण उपलब्ध करवाएंगे।

## युवक 9.96 ग्राम चिट्टे सहित गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

पुलिस थाना जोगिंद्रनगर के अंतर्गत घट्टा पुलिस चौकी की टीम ने नशा विरोधी अभियान के तहत एक युवक से 9.96 ग्राम चिट्टा के साथ गिरफ्तार किया।

चौकी प्रभारी संजीव कुमार के नेतृत्व में यह कार्रवाई घट्टा क्षेत्र में गश्त के दौरान की गई। पुलिस ने बैजनाथ की ओर से आ रहे एक युवक को रोककर तलाशी ली, जिसमें उसके पास से चिट्टा बरामद हुआ। युवक की पहचान दारट निवासी के रूप में हुई है। डीएसपी पधर देवराज ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

आरोपी को सोमवार को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे तीन दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई पुलिस की नशा तस्करी के खिलाफ चल रही सख्त मुहिम का हिस्सा है और ऐसे तस्करों पर लगातार शिकंजा कसा जाएगा। पुलिस ने आम जनता से भी नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने और पुलिस को सहयोग देने की अपील की है।

### रिवालसर में सड़क सुरक्षा के महत्व पर व्याख्यान

रिवालसर। राजकीय महाविद्यालय रिवालसर में सोमवार को रोड सेफ्टी क्लब द्वारा स्वयंसेवियों व छात्रों को सड़क सुरक्षा के महत्व तथा सड़क सुरक्षा नियम पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

आरएससी समन्वयक प्रो. यश पाल ने बताया कि छात्रों को रोड सेफ्टी के बारे में पीपीटी के माध्यम से जागरूक किया व सड़क सुरक्षा के सभी नियमों का पालन करने व दूसरों को भी जागरूक करने का संदेश दिया। आरएससी के मोटो 'सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा' के बारे में आरएससी लीडर यतीन और ललिता ने स्वयंसेवियों को बताया।

## शतरंज में मंडी जिले के होनहारों ने झटके मेडल

अनंत ज्ञान, मंडी



चैस मंत्रा द्वारा चंडीगढ़ में आयोजित एक दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता में जिला मंडी के दो होनहार खिलाड़ियों ने अपने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया । अंडर -15 आयु वर्ग में सम्राट सोनी ने सात में से पांच मैच जीतकर प्रतियोगिता में सातवां स्थान प्राप्त किया है।

इस आयु वर्ग में कुल 82 खिलाड़ी भाग ले रहे थे। वहीं अंडर सेवन आयु वर्ग में जिला के किंशक ठाकुर ने छह में से पांच मैच जीतकर प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया । इस आयु वर्ग में कुल 39 खिलाड़ी भाग ले रहे थे। दोनों युवाओं ने जिला व प्रदेश का नाम रोशन किया है। जिला के होनहार खिलाड़ी व कोच प्रणव से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

जिला मंडी शतरंज संघ इन दोनों होनहार खिलाड़ियों के प्रदर्शन से खुश है व इन्हें भविष्य के लिए भी अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। प्रवक्ता हंसराज ठाकुर ने बताया कि जिला व प्रदेश के युवा शतरंज खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर अपने बेहतरीन खेल से प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं।

अभी हाल ही में प्रदेश के युवाओं ने अंडर 17 आयु वर्ग में डीएवी की राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में पहली बार स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। जिसके लिए इनके माता- पिता, शिक्षक व इनके प्रशिक्षक बधाई के पात्र हैं।

**सुरक्षा** क्रिसमस और नववर्ष पर जोगिंद्रनगर पुलिस सतर्क, सुरक्षा व्यवस्था सख्त

# शहर में विशेष नाके लगाकर हो रही गाड़ियों की चेकिंग

अभिषेक, जोगिंद्रनगर

क्रिसमस और नववर्ष के अवसर पर लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और शांति बनाए रखने के लिए जोगिंद्रनगर पुलिस ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं।

थाना प्रभारी सकीनी कपूर ने जानकारी दी कि इस दौरान शहर के विभिन्न हिस्सों में विशेष नाके लगाए जा रहे हैं।

पुलिस की टीमें गाड़ियों और होटलों की नियमित जांच कर रही हैं ताकि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधियों को रोका जा सके। (अनंत ज्ञान)



जोगिंद्रनगर पुलिस की नाके के दौरान की तस्वीर।

### गाड़ियों और होटलों पर विशेष नजर

**शहर** के मुख्य मार्गों और प्रवेश बिंदुओं पर गाड़ियों की जांच के लिए विशेष नाके स्थापित किए गए हैं। पुलिस द्वारा होटलों और गेस्ट हाउसों में ठहरे यात्रियों की भी जांच की जा रही है। सकीनी कपूर ने बताया कि हर रोज 15 से 20 पुलिस जवान अलग-अलग क्षेत्रों में गश्त कर रहे हैं।

### सुरक्षा और शांति बनाए रखने की अपील

**पुलिस** ने शहरवासियों और पर्यटकों से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें और किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। थाना प्रभारी ने कहा किहमारा मुख्य उद्देश्य नागरिकों और पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए हम पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

### अतिरिक्त गश्त और जागरूकता अभियान जारी

**पुलिस** द्वारा प्रमुख बाजारों, धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर गश्त बढ़ाई गई है। इसके साथ ही शराब और अन्य नशीले पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए विशेष टीमें तैनात की गई हैं। यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए भी अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पर्यटन स्थलों पर पुलिस की उपस्थिति और सुरक्षा को लेकर स्थानीय प्रशासन ने भी सहयोग करने की बात कही है। पुलिस प्रशासन ने त्योहारों के दौरान संयम और सहयोग बनाए रखने की अपील की है।

### 24 को बीर फीडर में बिजली रहेगी बाधित




अनंत ज्ञान, मंडी। बीर फीडर में 24 दिसम्बर को पुरानी बिजली की तारों को बदलने तथा नये बिजली पोल लगाने का कार्य किया जाएगा।

कार्य के दृष्टिगत विद्युत अनुभाग बीर के गांव तरनोह, खपरेहड़ा, भलेड़, घेरू, नेरन, थाम्बा, रोपड़ी तथा साथ लगते गांव में 24 दिसम्बर को सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक बिजली बाधित रहेगी। मौसम खराब होने की स्थिति में यह कार्य अगले दिन किया जाएगा। यह जानकारी सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल साईगलू चिंतन प्रकाश ने दी।

## जिले में लगभग पांच हजार शिकायतों का हुआ निपटारा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी



जिला प्रशासन मंडी द्वारा सुशासन सप्ताह के तहत सोमवार को जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि जिला के सभी एसडीएम वर्चुअल माध्यम से जुड़े। कार्यशाला के समापन अवसर पर उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने अपने संबोधन में कहा कि सुशासन का मतलब नवाचार है। उन्होंने बताया कि सुशासन सप्ताह के दौरान जिला प्रशासन के पास 5934 शिकायतें प्राप्त हुई थी, जिनमें से शनिवार शाम तक 4929 का समाधान कर लिया गया है जबकि सुशासन सप्ताह की समाप्ति तक शेष समस्याओं का समाधान कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि हमें लोगों की समस्याओं का समाधान त्वरित करना होगा तथा इसे शून्य पर लाना होगा, इसके लिए सभी कार्यालयाध्यक्ष व्यक्तिगत स्तर पर कार्य करें।

जो विभाग अच्छा कार्य कर रहें है, उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर भी अवार्ड मिल रहे हैं, इसके लिए सभी विभागों को आगे आने की आवश्यकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### पूर्व सैनिकों के आश्रितों को सहायता राशि बांटी



**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** सैनिक कैंटीन दौलतपुर चौक में पूर्व सैनिकों के आश्रितों को सहायता राशि के रूप में 60 हजार रूपए के चेक बांटे गए। यह कार्यक्रम कैंटीन मैनेजर एक्स सर्विसमैन और रिटायर्ड इंस्पेक्टर डीएस डढवाल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में डीएस डढवाल ने पूर्व सैनिकों के परिवारों को मिलने वाली विभिन्न योजनाओं के बारे में अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में 6 परिवारों के आश्रितों में से शशि कांता, निर्मला देवी, शीला देवी, लाजवंती, वियासो देवी और कांता रानी को दस-दस हजार रुपए के चेक सहायता राशि के रूप में वितरित किए गए। इस मौके पर कैंटीन मैनेजर डीएस डढवाल ने बताया कि किसी भूतपूर्व सैनिक को कोई समस्या है तो वह व्यक्तिगत रूप से मेरे दफ्तर में किसी भी समय मिल सकता है। इस अवसर पर सूबेदार शशि पाल,कै. रणजोध परमार सहित कैंटीन का स्टाफ उपस्थित रहा।

### बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ योजना पर किए जागरूक



**हीना पठानिया, बड़ूही।** बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ के बारे में किया जागरूक बाल विकास परियोजना ऊना की पर्यवेक्षक कुलबीर कौर द्वारा झलेड़ा व बसाल में जागरूक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ योजना के प्रति लोगों को जागरूक् किया गया और इसकी कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। इस शिविर में पाठशाला झलेड़ा और बसाल के स्टाफ सदस्यों ने भी शिरकत की। इसमें बेटियों से भेदभाव न हो और लड़कियों को शिशु लिंग अनुपात बेटियों के अधिकारों के बारे में और अन्य स्कीमों के बारे में भी बताया गया।

### प्रीतिका ऑटोकास्ट में भरे जाएंगे 19 पद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** मैसर्ज प्रीतिका ऑटोकास्ट प्राइवेट लिमिटेड बाथड़ी में फिटर, इलेक्ट्रिशियन, कोर मेकर, डीइटी और जीइटी के 19 पद भरे जाएंगे। इन पदों के लिए साक्षात्कार 26 दिसंबर को सुबह 10 बजे जिला रोजगार कार्यालय ऊना में लिया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला रोजगार अधिकारी अक्षय शर्मा ने बताया कि जीइटी और डीइटी के 4 पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता मकैनिकल में डिग्री/डिप्लोमा के साथ-साथ एक से दो वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य है। अभ्यर्थी को 14 से 15 हज़ार प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। फिटर व इलैक्ट्रिशियन के पांच पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता फिटर और इलेक्ट्रिकल में आइटीआई और दो से तीन साल का अनुभव होना अनिवार्य है। इन पदों के लिए चयनित अभ्यर्थी को 13 हज़ार रुपए प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। कोर मेकर के दस पदों के लिए 10वीं व 12वीं पास तथा एक से साल का अनुभव अनिवार्य है। इन पदों के लिए अभ्यर्थी को 12 हज़ार रुपए प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी की आयु 30 वर्ष से कम होनी चाहिए। अक्षय शर्मा ने बताया कि इच्छुक व योग्य अभ्यर्थी अपने योग्यता प्रमाण पत्र, जन्मतिथि, रोजगार कार्यालय पंजीकरण कार्ड, हिमाचली बोनाफाइड, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ सहित बायोडाटा की कॉपी अनुभव प्रमाण पत्र लेकर साक्षात्कार में उपस्थित हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 82192-30739 पर संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी को साक्षात्कार में आने जाने का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

# 3 चरण में होंगे बल्क ड्रग पार्क परियोजना से जुड़ी जलापूर्ति योजनाओं के काम : अंजू

## जलशक्ति विभाग की मुख्य अभियंता ने हरोली का दौरा कर कार्यों की प्रगति का लिया जायजा

**राजेश शर्मा, ऊना**

जल शक्ति विभाग की मुख्य अभियंता अंजू शर्मा ने सोमवार को हरोली विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया और बल्क ड्रग पार्क परियोजना से जुड़ी जलापूर्ति योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि बल्क ड्रग पार्क के लिए जल आपूर्ति से संबंधित कार्यों को तीन चरणों में पूरा किया जाएगा, जिन पर कुल 66 करोड़ रुपए व्यय होंगे। उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए उचित दिशा-निर्देश भी दिए।

मुख्य अभियंता ने कहा कि जल शक्ति मंत्रालय का दायित्व संभाल रहे उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के कुशल मार्गदर्शन में बल्क ड्रग पार्क परियोजना से जुड़ी जल शक्ति विभाग की सभी योजनाओं को समयबद्ध और प्रभावी तरीके से पूरा करने के लिए तत्परता से काम किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि उपमुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रदेशभर में पेयजल, सिंचाई और सीवरेज सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए के कार्यों को गति दी गई है, ताकि जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।



पेयजल योजना का निरीक्षण करती मुख्य अभियंता अंजू शर्मा व अन्य।

अंजू शर्मा ने बताया कि बल्क ड्रग पार्क परियोजना से जुड़ी जलापूर्ति योजनाओं का कार्य तीन चरणों में पूरा किया जाएगा। पहले चरण में 15 ट्यूबवेल स्थापित किए जाएंगे, जिनसे 15 एमएलडी पानी 50 लाख लीटर भंडारण क्षमता वाले टैंक में पहुंचाया जाएगा। इसके साथ ही 15 ट्यूबवेलों से पानी उठाकर 25 लाख लीटर क्षमता वाले संग्रह टैंक में भेजा जाएगा। इन टैंकों के माध्यम से बल्क ड्रग पार्क के आधारभूत ढांचे में जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। दूसरे चरण में प्रशासनिक ब्लॉक के लिए दो ट्यूबवेलों से पानी उठाकर आपूर्ति की जाएगी, ताकि प्रशासनिक कार्यों के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध हो। तीसरे चरण में 11 करोड़ रुपए की लागत से चार तालाबों का नवीनीकरण किया जाएगा। इसके साथ ही, जल शक्ति विभाग के बंद पड़े बोरवेलों को बारिश के पानी से रिचार्ज करके पुन: उपयोग में लाया जाएगा।

मुख्य अभियंता के दौरे में जल शक्ति विभाग के अधीक्षण अभियंता नरेश धीमान, हरोली के अधिशाषी अभियंता पुनीत शर्मा सहित अन्य उनके साथ रहे। (अनंत ज्ञान)

### हरोली में पेयजल-सिंचाई बाढ़ नियत्रण के कार्यों पर खर्च जा रहे 215 करोड़

मुख्य अभियंता ने बताया कि हरोली विधानसभा क्षेत्र में 215 करोड़ रुपए की विभिन्न पेयजल-सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण की परियोजनाओं के काम प्रगति पर हैं। इनमें 51 करोड़ रुपए की 22 सिंचाई योजनाओं और 134 करोड़ रूपए की 11 पेयजल योजनाओं के काम किए जा रहे हैं। इसके अलावा लालूवाल-पोलियां-क्षेत्रां तीन गावों के लोगों को पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित बनाने के लिए 5 करोड़ रुपए की पेयजल योजना काम लगभग पूर्ण कर लिया गया है। वहीं, बाढ़ नियंत्रण कार्यों में भी 25 करोड़ रुपए की तीन योजनाओं का काम प्रगति पर है। इसके अलावा उन्होंने हरोली में जलशक्ति विभाग के करीब 7 करोड़ रुपए से बन रहे विश्रामगृह के कार्य का निरीक्षण भी किया।

## बिना परमिट लकड़ी लेकर जाता ट्राला काबू



**अनंत ज्ञान, घनारी।** रविवार रात्रि वन विभाग के कर्मचारियों ने बिना परमिट के लकड़ी ले जाते हुए एक पिकअप ट्राले को पकड़ने में सफलता हासिल की है। आपको बताते चलें कि वन विभाग के कर्मचारियों ने चलाली के समीप नाका लगाया हुआ था तो देहरा की तरफ से आ रहे लकड़ियों से भरे हुए पिकअप ट्राले को रुकने का इशारा किया। इस दौरान ड्राइवर ने चालाकी दिखाते हुए गाड़ी को भगा कर ले गया।

इस दौरान वन विभाग के कर्मचारियों ने उस ट्राले का पीछा किया और उसे सिद्ध चलेहड़ में पकड़ लिया। जब वन विभाग के कर्मचारियों ने लदी हुई लकड़ी से संबंधित परमिट व दस्तावेज मांगे तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। इस संदर्भ में में टीम सदस्यों ने कारवाई करते हुए ट्राले को कब्जे में लेकर आगामी कारवाई शुरू कर दी है। इस अवसर पर वन विभाग भरवाईं के रेंज अधिकारी पूर्ण राम ने बताया कि वन विभाग पूरी तरह से मुस्तैद है। उन्होंने कहा कि वन विभाग लगातार वाहनों की चैंकिग कर रहा है, अगर कोई बिना परमिट एवं दस्तावेज के बगैर लकड़ी ले जाते हुए पकड़ा जाता है तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## कुटलैहड़ युकां के नए अध्यक्ष ने विधायक से की मुलाकात



विधायक विवेक शर्मा के साथ मुनीश कुमार बैंस।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र से युवा कांग्रेस के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मुनीश कुमार बैंस ने बंगाणा में विधायक विवेक शर्मा से मुलाकात की।

मुनीश कुमार बैंस लगातार दूसरी बार कुटलैहड़ युवा कांग्रेस के अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। मुनीश कुमार बैंस कुटलैहड़ विस क्षेत्र में युवाओं के बीच अच्छी पकड़ रखते हैं। उनका विधायक विवेक शर्मा के साथ परिवारिक संबंध हैं। वहीं, बंगाणा में मुनीश कुमार बैंस का भव्य स्वागत किया गया और विधायक विवेक शर्मा ने उनका मुंह मीठा करवाकर बधाई दी।

इस दौरान उन्होंने राजनीति पर चर्चा भी की। इस मौके पर राम आसरा शर्मा, दिनेश खत्री, केसी शर्मा, जगदीश शर्मा, देसराज मोदगिल आदि दर्जनों कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ठाकुरद्वारा मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा के उपलक्ष्य में शोभायात्रा निकाली



**मुबारिकपुर।** ठाकुरद्वारा मंदिर (शिवपुर) मुबारिकपुर में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है, जो कि 24 से 30 दिसंबर तक चलेगा। इस कथा में प्रवचन शास्त्री श्री कृष्ण दास जी अपने मधुर वाणी से करेंगे तथा कथा के उपरांत रोजाना भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा।

## राजीव हिमाचल स्कूल स्नातकोत्तर संघ के राज्य महासचिव नियुक्त



**गोंदपुर बनेहड़ा।** ऊना जिले से संबंधित राजीव ठाकुर जो वर्तमान में लेक्चरर शारीरिक शिक्षा के पद पर तैनात हैं, को हिमाचल प्रदेश स्कूल स्नातकोत्तर संघ की प्रदेश कार्यकारिणी में बतौर महासचिव नियुक्त किया गया है।

नवनिर्वाचित महासचिव राजीव ठाकुर ने बताया कि संघ ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, वह उसको ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने अपनी नियुक्ति के लिए प्रदेश प्रधान एवं प्रदेश कार्यकारिणी का भी आभार व्यक्त किया है।

## आज बेटा-बेटी में कोई अंतर नहीं : अजय



कबड्डी की विजेता टीम के साथ मुख्य अतिथि।

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

हिमाचल प्रदेश स्टेट वुमन कबड्डी प्रतियोगिता बालक इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल निहाल में संपन्न हुई। इसमें राष्ट्रीय ह्यूमन राइट युवा बिंग के प्रदेशाध्यक्ष अजय ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

वहीं, कार्यक्रम में पहुंचने पर अजय ठाकुर का भव्य स्वागत किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रदेश की साठ से ज्यादा टीमें ने भाग लिया। मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे अजय ठाकुर ने विजेता-उपविजेता टीम को सम्मानित भी किया।

**कबड्डी प्रतियोगिता के समापन पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे ह्यूमन राइट विंग के अध्यक्ष**

अजय ठाकुर ने कहा कि आज के समय में खेल प्रतियोगताओं का होना जरूरी है क्योंकि खेलों से शरीर में स्फूर्ति ओर ताजगी रहती है। ठाकुर ने कहा कि आज के समय में हमारी लड़कियां लड़कों से कम नहीं हैं। खेल से लेकर प्लेन तक उड़ा रही हैं।

हमारा उद्देश्य समाज को कुरीतियों से बचाना है और आज के समय में लड़कियां भी खुद सेल्फ डिफेंस होकर आगे बढ़ रही हैं। वहीं, अजय ठाकुर ने खिलाड़ियों को कई जीवन सुधारक टिप्स दिए। वहीं, खेलों को बढ़ावा देने के लिए नकद राशि प्रदान की। (अनंत ज्ञान)

## गगरेट के विधायक राकेश कालिया ने नवाजे मेधावी

**सुदीप सरोच, मुबारिकपुर**

गगरेट क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कड्डु में वार्षिक पारितोषिक समारोह धूमधाम से मनाया गया, जिसमें गगरेट क्षेत्र के विधायक राकेश कालिया ने मुख्य अतिथि शिरकत की।

मुख्य अतिथि व स्कूल के प्रधानाचार्य रविदत्त शर्मा ने और स्कूल स्टाफ ने ज्योति प्रज्वलित की। स्कूल के बच्चों ने राष्ट्रीय गान प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि राकेश कालिया ने कहा कि प्रदेश सरकार सरकारी स्कूलों में बढ़िया शिक्षा उपलब्ध करवा रही है। उन्होंने कहा कि अध्यापक बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में अच्छे संस्कारों का अनुसरण करवाएं। स्कूल के प्रधानाचार्य रविदास शर्मा ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी।

इस अवसर पर गगरेट क्षेत्र के ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर, ग्राम पंचायत लोअर भंजाल के प्रधान सुरेंद्र सिंह, उपप्रधान राजेश कुमार, सीएमसी कमेटी के प्रधान सन्नी पटियाल, प्रवक्ता अश्विनी धीमान, राजेश परमार उपस्थित थे। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश किए। मुख्य अतिथि राकेश कालिया ने अदिति चौधरी, नेहा चौधरी, प्रिया चौधरी आकाश, अनिल चौधरी, संजीव, मनजीत, सुहानी, श्रुति, आंचल, रितिका आदि को शिक्षा व खेलों में बढ़िया प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया। (अनंत ज्ञान)



मुख्यातिथि विधायक राकेश कालिया का स्वागत करते आयोजक।

### जिला स्तरीय बैंक सलाहकार एवं समीक्षा बैठक में एडीसी ने दिए निर्देश

## धोखाधड़ी से निपटने के लिए उचित कदम उठाएं

**अनंत ज्ञान, ऊना**

अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) ऊना महेंद्र पाल गुर्जर ने बैंकों को वार्षिक ऋण योजना के तहत निर्धारित लक्ष्यों को समय पर प्राप्त करने के निर्देश दिए ताकि लोगों की आर्थिक जरूरतों को पूर्ण किया जा सके। उन्होंने किसानों को लाभान्वित करने के लिए ज्यादा से ज्यादा किसानों को कृषि कार्ड वितरित, कृषि औजारों हेतु ऋण प्रदान करने तथा लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करने को भी कहा। यह बात एडीसी ने जिला स्तरीय बैंक सलाहकार एवं समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही।

महेंद्र पाल गुर्जर ने बैंकों की वार्षिक ऋण योजना के अंतर्गत की गई उपलब्धियों पर संतोष व्यक्त किया, लेकिन प्राथमिक क्षेत्र में ऋण वितरण की कम उपलब्धि पर चिंता जताई। उन्होंने सभी बैंकों को जमा-ऋण अनुपात बढ़ाने और प्राथमिक क्षेत्र में ऋण वितरण में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों और नीतियों का पालन करते हुए बैंकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अधिक से अधिक लोगों को ऋण योजनाओं का लाभ मिले, जिससे आमजन और उद्यमियों को लाभ पहुंच सके। उन्होंने सभी बैंकों को निर्देश दिए कि सरकार प्रायोजित योजनाओं के तहत ऋण आवेदनों को समय पर मंजूरी दें। इसके अलावा बैंकिंग प्रणाली में ग्राहकों के साथ आए दिन हो रही धोखाधड़ी के लिए उचित कदम उठाने तथा अधिक से अधिक ग्राहकों को जागरूक करने एव सतर्कता बरतने के लिए आवश्यक कदम उठाने पर भी जोर दिया।

एडीसी ने दूसरी तिमाही में बैंकों द्वारा लक्ष्यों के बदले उपलब्धियों की समीक्षा करते हुए बताया कि जिले के बैंकों ने सितंबर 2024 तक 2398.70 करोड़ के ऋणों के वार्षिक लक्ष्य के बदले में 1603.47 करोड़ के ऋण वितरित किए। बैंकों की जमा राशि 14397.57 करोड़ हो गई है, इसमें 11.82 प्रतिशत वार्षिक दर से वृद्धि हुई है जबकि ऋण 11.16 प्रतिशत की दर से बढ़कर 4396.40 करोड़ हो गया है। जिला का ऋण जमा अनुपात वर्ष में 30.54 प्रतिशत हो गया है। जिले का ऋण जमा अनुपात राष्ट्रीय लक्ष्य 60 प्रतिशत की अपेक्षा कम है। उन्होंने बैंकों का ऋण जमा अनुपात सुधारने के लिए बैंकों और सरकारी विभागों को भरसक प्रयत्न करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि बैंकों ने 30 सितम्बर 2024 तक किसानों को 69,315 कृषि कार्ड वितरित किए हैं तथा सितंबर तिमाही में बैंकों ने 940 कृषि कार्ड बांटे हैं। बैंकों का कृषि ऋण 829.98 करोड़ है जो कि कुल ऋणों का 19.13 प्रतिशत है। उन्होंने बैंकों को जनता के जीवन स्तर को सुधारने के लिए हरसंभव मदद करने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक लहरी मल, जिला परिषद अध्यक्षा नीलम कुमारी, भारतीय रिजर्व बैंक के जिला अग्रणी अधिकारी राहुल जोशी, आरसेटी निर्देशक पारुल विरदी, पशुपालन विभाग से डॉ. दिनेश भारद्वाज, उपनिदेशक बागवानी, किशोरी लाल वर्मा सहित विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयकों तथा सरकारी/गैरसरकारी अधिकारियों ने भाग लिया।

## बिजली चोरी करते धरा गया सरकारी ठेकेदार का स्टाफ

### खेल स्टेडियम के निर्माण कार्य में लगा है ठेकेदार

**विवेक शर्मा, अंब**



बिजली चोरी के लिए लगाई गई तार।

सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हिमाचल विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन कैग की वर्ष 2023 की रिपोर्ट सदन में प्रस्तुत की थी। इस रिपोर्ट में सबसे अधिक घाटा हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड लिमिटेड का था, जो अब 1809.61 करोड़ रुपए पहुंच गया है। इस घाटे का सीधा असर कहीं न कहीं प्रदेश की जनता पर पड़ता है, जो कि आम जनता को महंगी बिजली यूनिट के रूप व सब्सिडी में कटौती से चुकाना पड़ता है।

वहीं, दूसरी तरफ बिजली बोर्ड प्रदेश में चोरी रोकने में नाकामयाब रहा है। ऐसा ही मामला सोमवार को उपमंडल अंब के स्कूल खेल मैदान में देखने को मिला। खेल मैदान में बन रहे नए इंडोर स्टेडियम के लिए ठेकेदार द्वारा बिजली की चोरी का मामला सामने आया है। सोमवार को बिजली विभाग ने मौके पर पहुंच कर पाया कि ठेकेदार द्वारा बिजली की चोरी की जा रही है।

बिजली बोर्ड अंब के कनिष्ठ अभियंता विनोद कुमार ने बताया कि मौके से सौ मीटर तार पकड़ी है, जिसकी उच्च अधिकारियों को सूचना दे दी गई है। अब इस मामले की जांच की जाएगी कि कितने समय से बिजली की चोरी की जा रही थी। विभाग द्वारा जांच के बाद ठेकेदार को जुर्माना लगाया गया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

**मंथन** कानूनविद ने ही कानून को हाथ में ले लिया, छोटे-छोटे बच्चों का क्या कसूर

## हिंसक प्रवृत्ति से उखड़ रही सामाजिक रिश्तों की बुनियाद

**राजेश शर्मा, ऊना**

अनंत ज्ञान साइड स्टोरी



जिले में फिर से एक गोलीकांड हुआ है और एक परिवार के दो लोगों को जान से हाथ धोने पड़े। हैरानी है कि कानूनविद ने ही कानून को हाथ में ले लिया। कहीं न कहीं ऐसी हिंसक घटनाओं ने लोगों को विचलित कर दिया है। अगर जमीनी विवाद था तो उसे हल करने के कई तरीके थे, लेकिन एक पंचायत के मुखिया के परिवार को ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ा है जिसने कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

हरोली क्षेत्र में ऐसा यह दूसरा मामला सामने आया है। मामूली विवाद में गोली चलाकर किसी बेगुनाह की जान लेने का भले ही ऊना में यह कोई नया मामला नहीं था, लेकिन जिस तरह से यह घटना सामने आई है, इसमें लोगों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति आम जन मानस को सोचने के लिए मजबूर कर रही है। ऐसा ही मामला इसी गांव के पास पहले भी हुआ था। जमीन तो वहीं है और गोली चलाने वाले सलाखों के पीछे अपने किए पर पछतावा कर रहे हों, लेकिन जिस परिवार का व्यक्ति दुनिया से चला गया, उस कमी को न तो सजा काट रहा व्यक्ति पूरी कर सकता है और न ही वह जमीन जिस पर उसके खून के कतरे आज भी आवाज देकर गवाही दे रहे हैं। उपमंडल हरोली के तहत पड़ते गांव भदसाली में जमीनी विवाद के चलते हुए गोलीकांड में पिता-पुत्र की मौत हो गई।

झगड़ा शुरू होने तक किसी ने सोचा नहीं था कि मामला इतने आगे तक बढ़ जाएगा। अहम और प्रतिष्ठा के लिए एक पक्ष का संयम जवाब दे गया और आवेश में ऐसा कृत्य कर दिया गया जो ताउम्र किसी को भूलने वाला नहीं है। जिस व्यक्ति पर गोलीकांड की वारदात को अंजाम देने के आरोप लगे हैं, अगर वह एक कानूनविद है तो उससे ऐसी कभी अपेक्षा नहीं की जा सकती थी। उसने कानून को कैसे हाथ ले लिया। आम लोगों में भी यह चर्चा का विषय बना हुआ है।

देखने की बात तो यह है कि संजीव कुमार के छोटे-छोटे बच्चों का क्या कसूर रहा होगा, जो अपने पिता के घर आने का इंतजार कर रहे होंगे। ऐसा ही नहीं संजीव कुमार के पूरे परिवार पर मुसीबतों का पहाड़ गिर पड़ा है। क्षण भर में एक हंसता खेलता परिवार बर्बाद हो गया। भले ही अब आरोपी पकड़ा जाए और उसे सजा मिले, लेकिन संजीव और रवींद्र उनके परिवार में कभी नहीं लौट पाएंगे। लोगों में कम हो रही सहनशीलता एक चिंतनीय विषय बनता जा रहा है।

उधर, उपमंडल अंब के तहत ग्राम पंचायत चोआर के अधीन पड़ते गांव कोहाड़छन्न में शराब के नशे में धुत्त आरोपी (सेवानिवृत्त पुलिस कर्मचारी) ने घर के आगे सड़क पर सैर पर जा रहे बाप-बेटे पर गोली चला दी थी। उपचार के दौरान राजीव मनकोटिया ने दम तोड़ दिया था। ऐसे मामलों ने न केवल स्थानीय लोगों को बल्कि पूरे प्रदेश को हिलाकर रख दिया है। (अनंत ज्ञान)

## मोह खास, परोइयां, बुधान और मलांगड़ के ग्रामीण किए जागरूक



कलाकार लोगों को कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए

**अनंत ज्ञान, ऊना**

सूचना एवं जन संपर्क विभाग से संबंधित सांस्कृतिक दलों ने जागरूक अभियान के अंतिम दिन मोह खास और परोइयां तथा बुधान और मलांगड़ में गीत-संगीत व नुक्कड़ नाटकों के जरिए अनुसूचित जाति के कल्याणार्थ संचालित की जा रही कल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ जन कल्याणकारी नीतियों, योजनाओं, उपलब्धियों व नशा निवारण विषय पर जागरूक किया।

इस दौरान आरके कलामंच चिंतपूर्णी और पूर्वी कलामंच जलग्रां टब्बा ने लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि सरकार ने अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग व अल्प संख्यक वर्ग, एकल नारी, विधवा व दिव्यांगजन से संबंधित अभ्यार्थियों को कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए 5 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया है।

इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख-सम्माननिधि योजना के तहत प्रदेश में अभी तक कुल 30,929 महिलाओं को इसका लाभ दिया गया है। इसके अतिरिक्त दिव्यांगजनों की मूलभूत शैक्षणिक आवश्कताओं को पूरा करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा मूकबधिरों तथा दृष्टिबाधित बच्चों के लिए सुन्दरनगर व ढल्ली में जमा दो तक शैक्षणिक संस्थान संचालित किए जा रहे हैं जंहा उन्हें उन्नत निशुल्क शिक्षा व आवासीय सुविधा प्रदान की जा रही है। इस मौके पर संबंधित पंचायत प्रतिनिधि सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### 25 को भाजपा मनाएगी सुशासन दिवस



**कुल्लू।** भारतीय जनता पार्टी हर वर्ष की तरह 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी बाजपेयी जी की जयंती को सुशासन दिवस और 26 दिसंबर को सिखों के दसवें गुरू गोविंद सिंह के पुत्रों की शहादत के दिन को वीर बाल दिवस के रूप में मनाएगी। भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अमित सूद ने कहा कि भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के दिशा-निर्देश अनुसार इन कार्यक्रमों की रूप रेखा बनाकर इनके सफलतम आयोजन की तैयारियों पूरी कर ली गई हैं। 25 दिसंबर को पूरे प्रदेश में बूथ स्तर पर वाजपेयी की जयंती के शताब्दी वर्ष को भारतीय जनता पार्टी मनाएगी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत बनी सड़क पर दो किलोमीटर की सुशासन यात्रा भी निकाली जाएगी और पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। उन्होंने कहा कि इसी तरह सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों द्वारा धर्म की रक्षा के लिए दिए बलिदान को हर वर्ष वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। वर्ष-2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन वीर बालकों के बलिदान को समर्पित करते हुए इस दिवस की शुरुआत की थी। इस वर्ष भी यह आयोजन किया जाएगा और उन वीर बालकों के बलिदान को याद करते हुए उनके धर्म और राष्ट्र भक्ति के भाव को याद किया जाएगा।

### केंद्र किसानों का लगातार कर रहा दमन : सौंखला

**कुल्लू।** हिमाचल किसान सभा जिला कमेटी कुल्लू के द्वारा सहायक उपायुक्त कुल्लू के माध्यम से राष्ट्रपति को किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की जान बचाने, दिल्ली कूच कर रहे किसानों पर दमन बंद करने और ग्रेटर नोएडा के लुकसर जेल में बंद किसान नेताओं की रिहाई व राष्ट्रीय कृषि बाजार नीति को वापस लेने के लिए ज्ञापन दिया। इस दौरान हिमाचल किसान सभा के राज्य सचिव होतम सिंह सौंखला ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार पंजाब और हरियाणा की सीमा पर आंदोलन कर रहे किसानों पर लगातार दमन कर रही है। किसानों की मांगों को लेकर आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का स्वास्थ्य लगातार बिगड़ रहा है, लेकिन सरकार अभी भी किसानों के साथ बातचीत नहीं कर रही है। किसान सभी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य, ऋणमाफी की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं। किसान नेता डल्लेवाल का स्वास्थ्य लगातार बिगड़ रहा है, अगर कोई अनहोनी होती है, तो इसकी जिम्मेदारी पूरी तरह प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री की होगी। ग्रेटर नोएडा में शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे किसानों पर सरकार झूठे मुकदमें लगाकर किसानों को जेलों में डाला जा रहा है और किसान नेताओं को जेलों के अंदर मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है। किसान सभा मांग करती है कि किसानों पर झूठे मुकदमें थोपने वाले पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह व अन्य पुलिस अधिकारियों को दंडित किया जाए और जल्द किसानों को जेलों से रिहा किया जाए। हिमाचल किसान सभा जिला कुल्लू के अध्यक्ष गोविंद भंडारी ने कहा कि राष्ट्रीय कृषि बाजार नीति को वापस लिया जाए।

### वार्षिक परीक्षाएं दिसंबर में करवाई जाएं : संघ

**सैंज।** जिला कुल्लू के अधिकांश क्षेत्रों में सर्दियों में अत्यधिक ठंड रहती है तथा अकसर बर्फबारी आदि होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है। ऐसे में दिसंबर के अंतिम सप्ताह से लेकर मार्च महीने तक समुचित क्षेत्र में कड़ाके की ठंड होती है, जिस कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने के साथ-साथ उनकी वार्षिक परीक्षाओं में भी काफी मुश्किलें आती हैं। यह बात राजकीय सीएंडवी अध्यापक संघ खंड सैंज के प्रधान मनोज शर्मा ने जारी प्रेस बयान में कही। संघ के प्रधान ने बताया कि विभाग की ओर से स्कूलों में छुट्टियों के शेड्यूल को लेकर मांगे गए सुझावों को लेकर सीएंडवी संघ की खंड कार्यकारिणी ने वर्चुअल बैठक कर निर्णय लिया कि कुल्लू में आंशिक फेरबदल के साथ पहले से निर्धारित छुट्टियों को यथावत रखा जाए। संघ के महासचिव पदम सिंह, कोषाध्यक्ष चुनी लाल, उपप्रधान यशवंत सिंह, संरक्षक राकेश चौहान तथा प्रेस सचिव पदम ठाकुर सहित संघ के सभी पदाधिकारियों ने मांग की है कि कुल्लू में पूर्व से निर्धारित छुट्टियों में आंशिक फेरबदल करते हुए 23 जुलाई से 12 अगस्त तक मानसून अवकाश, दशहरे के छह दिन तथा दिवाली के दो दिन, 1 जनवरी से 18 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश तथा पांच दिन जिलाधीश अथवा शिक्षा उपनिदेशक के अधिकार क्षेत्र में रखे जाएं। संघ ने विशेष तौर पर सरकार व शिक्षा विभाग से आग्रह किया कि वार्षिक परीक्षाएं दिसंबर में आयोजित करवाई जाएं।

### न्यूल स्कूल में मेधावी स्टूडेंट्स को नवाजा




**भुंतर।** बजौरा के साथ लगते राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला न्यूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बंजार महिला कांग्रेस अध्यक्ष मुख्यातिथि के रूप में पिंगला भंडारी और शोभा गोयल ने विशेष रूप से शिरकत की। समारोह में विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मुख्यातिथि द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए। अतिथियों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अबसर पर शोभा गोयल ने स्कूल को अपनी निजी धनराशि से 50,000 रुपए तथा पिंगला भंडारी ने 11000 की राशि का दान दी।

### मोबाइल के दुष्प्रभाव से करवाया जागरूक

**पतलीकूहल।** सरस्वती विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय पनगां में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रिमन सिंह ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डीणे राम, महासचिव शास्त्रा सोसायटी, विशिष्ट आमंत्रित सदस्य देवी राम पूर्व प्रधानाचार्य जिला ग्रामीण शिक्षा प्रमुख, कार्यक्रम अध्यक्ष ऋषि राज प्रबंधक समिति कोषाध्यक्ष एवं किसान संघ जिला अध्यक्ष उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती वंदना से किया गया। सर्वप्रथम मुख्यातिथि व आए हुए अन्य गणमान्यों ने दीप प्रज्वलित कर सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पित किए। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपने नृत्य के माध्यम से स्वच्छ भारत, जल बचाओ ,सशक्त नारी ,पेड़ बचाओ, मोबाइल के दुष्प्रभाव से जागरूक करवाया। मुख्यातिथि ने मेधावी छात्रों को सम्मानित किया।



### कुराश टीम राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए रवाना

**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश सीनियर कुराश टीम सोमवार को लुधियाना पंजाब में आयोजित सीनियर राष्ट्रीय कुराश चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए रवाना हो गई। टीम का नेतृत्व बजौरा स्कूल में तैनात डीईपी हारदेव सिंह कर रहे हैं, जो हेड ऑफ मिशन हैं। उन्होंने बताया कि हिमाचल से टीम में कुल 26 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिनमें 13 महिला और 13 पुरुष खिलाड़ी हैं। महिला खिलाड़ी में भावना देवी (44 किग्रा, मंडी), सरस्वती कुमारी (48 किग्रा, सोलन), परुल चौहान (52 किग्रा, कुल्लू), हीना देवी (52 किग्रा, सोलन), स्नेहा (57 किग्रा, शिमला), शगुन (57 किग्रा, मंडी), पायल (63 किग्रा, सोलन), अमृता (63 किग्रा, कुल्लू), सानिया (70 किग्रा, मंडी), मन्नत (70 किग्रा, मंडी), डिकी डोलमा (78 किग्रा, कुल्लू) आदि खीलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस टीम का नेतृत्व कोच और मैनेजर मुकुल शर्मा, कोच रूप सिंह (कोच/मैनेजर), मीना शर्मा (मैनेजर), नरेंद्र (मैनेजर)। तकनीकी अधिकारी धानी राम हिमाचल से तकनीकी अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे। हिमाचल प्रदेश अमेच्योर एसोसिएशन ऑफ कुराश के अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र कुल्ला और चेयरमैन कौशल मुंगटा ने टीम को शुभकामनाएं दीं।

### पार्बती पावर स्टेशन व संस्था के साथ करार




**सैंज।** पार्बती पावर स्टेशन बिहाली में एनएचपीसी व गैर सरकारी संस्था संपूर्णा उड़ान कुल्लू के साथ एक एमओयू साइन किया गया, जिसमें एनएचपीसी की ओर से पार्वती पावर स्टेशन बिहाली के महाप्रबंधक प्रभारी प्रकाश चंद तथा संपूर्ण उड़ान संस्था की ओर से विजेंद्र सिंह ठाकुर ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस करार में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व योजना के तहत परियोजना क्षेत्र में 75 चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जाएगा। एनएचपीसी लिमिटेड के पार्बती पावर स्टेशन द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सतत विकास सीएसआर और एसडी पहल के तहत प्रकाश चंद समूह महाप्रबंधक (प्रभारी) की उपस्थिति में संपूर्णा उड़ान एनजीओ संस्था, कुल्लू के साथ विभिन्न स्थानों पर 75 चिकित्सा शिविर के लिए 16 लाख 13 हजार रुपए का एमओयू साइन किया गया। इस मौके पर पार्बती पावर स्टेशन की ओर से जीटीएस राजू समूह, वरिष्ठ प्रबंधक मानव संसाधन तथा संपूर्णा उड़ान एनजीओ, कुल्लू की ओर से संस्था के अध्यक्ष विजेंदर सिंह ठाकुर, ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

# मौसम ने बदली करवट, बर्फ के फाहे देखकर झूमे पर्यटक

## रोहतांग सहित कुंजम, शिंकुला व बारालाचा दर्रे में बर्फबारी, लंबे अरसे बाद दूर किया सूखा, सभी को मिली राहत

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

शीतमरुस्थल जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति सहित कुल्लू-मनाली की चोटियों पर बर्फबारी का क्रम शुरू हो गया है। सोमवार को मौसम के करवट बदलते ही रोहतांग सहित बारालाचा, शिंकुला व कुंजम दर्रे में बर्फबारी शुरू हो गई है। हालांकि रविवार को भी चोटियों पर हल्की बर्फबारी हुई है, लेकिन सभी दर्रों में आधा फुट से अधिक बर्फबारी दर्ज की है।

सोमवार को पर्यटकों ने सिस्सू से लेकर मनाली तक बर्फ के फाहों का आनंद लिया। जगह-जगह पर्यटक बर्फ के फाहों में झूमते दिखे। लंबे अरसे बाद बारिश व बर्फ के फाहों ने सूखे को दूर किया है। सुहावने हुए मौसम ने पर्यटन कारोबारियों सहित किसानों, बागवानों को राहत दे दी है। सोमवार सुबह ही मौसम सभी पर मेहरबान हो गया और पहाड़ों में बर्फ के फाहे गिरना शुरू हो गए। सुबह 11 बजे के बाद लाहौल के पर्यटन स्थलों में बर्फ के फाहे गिरना शुरू हो गए, जो दोपहर तक अटल टनल, धुंधी, सोलंग नाला व पलचान होते हुए मनाली तक पहुंच गए। पर्यटन नगरी मनाली में गिरे बर्फ के फाहों से पर्यटन कारोबार के चरम पर पहुंचने की उम्मीद है। मनाली के पर्यटन कारोबारी बलबिंद्र कपूर, रवि, राजू, किशन व बंशी का कहना है कि हालांकि मनाली में 15 दिसंबर से पर्यटन कारोबार ने हल्की गति पकड़ ली थी, लेकिन अब हिमपात होने से क्रिसमस में सैलाब उमड़ने की उम्मीद है। क्रिसमस पर मेहरवान हुआ मौसम सभी के लिए खुशियां लेकर आया है। घाटी के किसान सर्वदयाल, चुनी लाल, डोले राज व राजेश का कहना है कि लंबे अरसे के बाद मौसम ने करवट बदल ली है, जिससे लंबे समय से चल रहे सूखे से राहत मिलने की उम्मीद है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने कहा कि मनाली के पर्यटन स्थलों में बर्फबारी हो रही है। पर्यटक बर्फ का आनंद ले रहे हैं। ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर रखने के प्रयास लगातार जारी हैं। पर्यटकों से आग्रह है कि पुलिस के निर्देशों का पालन करें और उंचाई वाले क्षेत्रों में न जाएं। (अनंत ज्ञान)





### क्रिसमस व नए साल को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद

**कुल्लू**-मनाली सहित लाहौल में विंटर सीजन ने रफ्तार पकड़ ली है। एसपी लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी ने कहा कि जिले में पर्यटकों का स्वागत है। क्रिसमस व नए साल के उपलक्ष्य पर जिले में आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा के मद्देनजर व्यवस्था पूरी तरह से चाक-चौबंद है। इसके अलावा यातायात प्रबंधन सहित अन्य व्यवस्थाएं भी पूरी हैं। इस बार भी उम्मीद है कि पिछले साल के मुकाबले इस साल अधिक पर्यटक जिले में आएंगे। वहीं, उन्होंने बताया कि 24 घंटे के भीतर लाहौल घाटी में 11322 पर्यटक वाहन आर-पार हुए हैं। मनाली से लाहौल की ओर 5473, जबकि लाहौल की ओर से मनाली की ओर 5849 पर्यटक वाहन आए। लाहौल घाटी में हालांकि पर्यटक रात को बहुत कम रुक रहे हैं, लेकिन दिन को 15 से 20 हजार पर्यटक घाटी में दस्तक दे रहे हैं।

### दुल्हन की तरह सजा मनाली माल रोड

**पर्यटन** नगरी मनाली के माल रोड को दुल्हन की तरह सजाया गया है। माल रोड में पर्यटकों के मनोरंजन के लिए डीजे की की व्यवस्था की गई है। मंगलवार शाम को माल रोड में खूब धमाल मचेगा। पर्यटक डीजे में खूब मस्ती करेंगे। एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा ने बताया कि क्रिसमस पर्व के लिए माल रोड मनाली को सजा दिया गया है। मंच बनकर तैयार है।

### आनी-कुल्लू एनएच-305 बाधित 13 रूटों पर बस सेवाएं प्रभावित

**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** आनी की ऊंची चोटियों ने बर्फ की सफेद चादर ओढ़ ली। लंबे सूखे के बाद आसमान से बरसी बारिश और बर्फ क्षेत्र की फसलों के लिए वरदान साबित हो रही है, जबकि ग्रामीणों के लिए यह आफत के रूप में भी बरस पड़ी है। जलोड़ी दर्रे पर देर शाम तक करीब 6 इंच बर्फ जमा हो गई है, जबकि बर्फबारी के चलते एनएच-305 खनाग से आगे आनी और कुल्लू के बीच यातायात की आवाजाही के लिए अवरुद्ध है। जलोड़ी दर्रे पर इस मौसम का यह दूसरा हिमपात हुआ है। हिमपात के चलते जहां पर्यटकों ने बर्फबारी का आनंद लिया। वहीं, बर्फबारी के कारण आनी खंड में करीब 13 बस रूट प्रभावित हुए हैं। अधिकांश ग्रामीण रूटों पर बर्फबारी के कारण फिसलन के चलते आधे रास्ते तक बसें जा पा रही हैं। एचआरटीसी के आनी बस अड्डे के प्रभारी सूरत सिंह ने बताया कि आनी से जलोड़ी होकर जाने वाली बस चौहणी तक, आनी चवाई दलाश रूट पर पुनणखड्डु तक, आनी तराला रूट पर जाओं तक, आनी रोहचड़ा रूट पर चौहणी तक, आनी टकरासी रूट पर डीडी तक, आनी-डुघा शगान रूट पर धार तक, आनी बांशा रूट पर उत्थखनेर तक, आनी से करशाला रूट पर कुठेढ तक, आनी टिप्पर रूट पर लोअर टिप्पर तक, आनी गुहाटन रूट पर काण्डीबाग तक, आनी पोखरी रूट पर चवाई नाला तक,आनी कुटवा रूट पर डिंग तक और आनी से खनाग रूट पर जाने वाली बसें चौहणी तक ही जा पा रही हैं। (अनंत ज्ञान)



### 3.705 किलोग्राम चरस और 200 ग्राम भुक्की के साथ 2 गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

एएनटीएफ की टीम ने चरस की बड़ी खेप के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

एएनटीएफ की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कुल्लू में भूतनाथ पुल के पास फोरलेन सड़क पर एक व्यक्ति को 3.705 किलोग्राम चरस की खेप के साथ गिरफ्तार किया है। उधर, सैंज पुलिस ने भी एक व्यक्ति को 200 ग्राम भुक्की के साथ धरा है। एएनटीएफ के डीएसपी हेमराज वर्मा के अनुसार एएनटीएफ की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर भूतनाथ पुल फोरलेन सड़क पर नाकाबंदी की थी। इस दौरान भूपेंद्र सिंह (31) निवासी मशना जिला कुल्लू को पूछताछ के लिए रोककर उसकी तलाशी ली, तो उसके कब्जे से चरस की खेप बरामद हुई। उधर, पुलिस थाना सैंज की टीम ने शिल्ही लारजी में नाकाबंदी के दौरान मनीष कुमार (24) निवासी गांव डोभू डाकघर पोड़ाकोठी तहसील निहरी जिला मंडी के कब्जे से भुक्की बरामद की। एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुल चंद्रन ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं में मामले दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है।



### 11 बोतलें अवैध देसी शराब बरामद

**आनी।** पुलिस थाना निरमंड के अंतर्गत दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने एक ढाबा और एक दुकान से कुल 11 बोतलें देसी अवैध शराब की बरामद करने में सफलता पाई है। पहले मामले में पुलिस चौकी निथर की पुलिस टीम ने निथर में अशोक कुमार निवासी गौरा डाकघर दुराह के ढाबा से 5 बोतलें मार्का ऊना नं. 1 बरामद की है, जबकि दूसरे मामले में पुलिस थाना निरमंड की टीम ने सोहन लाल निवासी बधारल डाकघर डीम की दुकान की तलाशी के दौरान 6 बोतलें मार्का ऊना नं. 1 बरामद की हैं। डीएसपी आनी चंद्रशेखर कायथ ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों मामलों में आबकारी अधिनियम के तहत मामले दर्ज कर लिए गए हैं।

### शरण गांव में क्राफ्ट हैंडलूम विलेज हथकरघा शिल्प केंद्र का सांसद ने किया उद्घाटन

## वरदान साबित होगी परियोजना : कंगना

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

मंडी संसदीय क्षेत्र की सांसद कंगना रनौत के द्वारा मनाली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले शरन गांव में सोमवार को क्राफ्ट हैंडलूम विलेज हथकरघा शिल्प केंद्र का उद्घाटन किया। सांसद ने कहा कि यह परियोजना यहां के हथकरघा के कार्य से जुड़े हुए लोगों के लिए एक वरदान साबित होगी। उन्होंने कहा कि योजना यहां के बुनाई करने वाले पट्ठू, शॉल बनाने वाले लोगों के लिए मददगार साबित होगी।

उन्होंने कहा कि आज हमारे बुनकर लोगों के काम की विदेशों में बहुत मांग है। यहां के हस्तकला के उत्पाद 30 से अधिक देशों में बिक्री के लिए भेजे जा रहे हैं। यहां के स्थानीय पारंपरिक जूती, जिसे पूलें कहा जाता है, इनके बुनाई में हमें यहां के हस्तकला की कारीगरी का नमूना देखने को मिलता है। यह आरामदायक होने के साथ-साथ इको फ्रेंडली भी है। इस दौरान सांसद द्वारा शिल्प केंद्र का दौरा किया और स्थानीय महिलाओं के द्वारा तैयार किए उत्पादों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने यहां पर लगाई गई प्रदर्शनी का भी जायजा लिया। वहीं, इस दौरान सांसद के द्वारा विभिन्न लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और उपकरण भी वितरित किए गए। इस दौरान मनाली विधानसभा क्षेत्र से विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार का इस परियोजना के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने हथकरघा से जुड़े समस्त लोगों को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्र के स्तर पर यहां के लोगों ने हथकरघा के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाई है।



### हथकरघा उत्पादों को बढ़ावा देना उद्देश्य : डीसी

**डीसी** कुल्लू तोरुल एस रवीश ने सभी का स्वागत करते हुए जानकारी दी कि सात अगस्त, 2020 को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर, राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम के अंतर्गत शिल्प हथकरघा गांव शरण को इस योजना के अंतर्गत सम्मिलित किया गया था। इस परियोजना की कुल लागत 163.02 लाख रुपए है, जिसमें केंद्र सरकार का हिस्सा 138.57 लाख तथा राज्य सरकार का हिस्सा 24.45 लाख है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना का उद्देश्य हथकरघा उत्पादों को बढ़ावा देना तथा हथकरघा शिल्प का संरक्षण के लिए प्रयास करना है। इस परियोजना के अंतर्गत 25 बुनकरों को हथकरघा एवं सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे। बुनाई के क्षेत्र में 20 बुनकरों का कौशल उन्नयन के लिए प्रशिक्षण आदि की सहायता दी जाएगी।

### खुदाई कर छोड़ दिया कार्य ग्रामीणों की बढ़ी दुश्वारियां

**मनाली।** मनाली उपमंडल के ऐतिहासिक गांव जगतसुख में जल शक्ति विभाग सहित उनके ठेकेदार की लापरवाही ग्रामीणों पर भारी पड़ी है। जगतसुख गांव में विभाग ने खुदाई कर काम अधूरा छोड़ दिया है, जिस कारण ग्रामीणों की दुश्वारियां बढ़ गई हैं। ग्रामीणों सहित पशुओं की आवाजाही में यह खुदाई बड़ी बाधा बन गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने कई बार जल शक्ति विभाग के ध्यान में यह समस्या लाई, लेकिन विभाग ने कोई गंभीरता नहीं दिखाई। जगतसुख के पूर्व प्रधान जीवन नेगी व ग्रामीण चुन्नी लाल शर्मा ने बताया कि जल शक्ति विभाग उनकी इस समस्या का समाधान नहीं कर रहा है।

ठेकेदार से बहुत बार आग्रह किया कि खुदाई के इस कार्य को जल्द पूरा करे, लेकिन ठेकेदार के कान में जूं तक नहीं रेंगी। उन्होंने प्रशासन व सरकार से आग्रह किया कि उनकी इस समस्या को गंभीरता से लिया जाए, ताकि ग्रामीणों सहित पशुओं को चलने-फिरने में कोई दिक्कत न हो। जल शक्ति विभाग मनाली के सहायक अभियंता दीक्षांत शर्मा ने बताया कि जगतसुख गांव में सीबरेज का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लिया जाएगा। ग्रामीणों से आग्रह कि कार्य को जल्द पूरा करने में सहयोग दें। किसी भी प्रकार की परेशानी के लिए विभाग से संपर्क करें।

### भीम ज्योत फाउंडेशन के बैनर तले ढालपुर में जुटेंगे दलित समुदाय के सैकड़ों लोग

**अनंत ज्ञान भुंतर**



सोमवार को भीम ज्योत फाउंडेशन जिला कुल्लू के चेयरमैन अमर चंद शलाठ की अध्यक्षता में मौहल रेस्टहाउस में बैठक संपन्न हुई, जिसमें विभिन्न दलित समुदाय के लोगों ने भाग लिया।

बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर पर की गई आपत्तिजनक और असम्मानजनक टिप्पणी के खिलाफ इस्तीफे की मांग को मजबूती से उठाने का निर्णय लिया, जिसके लिए 28 दिसंबर को 11 बजे जिला मुख्यालय में दलित समुदाय के सैकड़ों लोग जुटेंगे और डीसी कुल्लू के माध्यम से राष्ट्रपति को अमित शाह के इस्तीफे को लेकर ज्ञापन भेजेंगे। डॉ. भीमराव अंबेडकर की विरासत की रक्षा के लिए भीम ज्योत फाउंडेशन कुल्लू के बैनर तले दलित समुदाय कुल्लू के ढालपुर में गरजेगा और केंद्रीय मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की जोरदार आवाज उठाएगा। बैठक में भीम ज्योत फाउंडेशन के चेयरमैन अमर चंद शलाठ, हरदयाल भारती व विनोद कुमार कोच चेयरमैन, नील चंद अध्यक्ष कोली समाज नगर, चेतराम कौंडल विश्व कर्मी सभा उपाध्यक्ष जिला कुल्लू, शेर सिंह डोहुनाला, मुकेश गिल अध्यक्ष बाल्मीकि समुदाय कुल्लू, सुरेश कुमार आदि सदस्य उपस्थित रहे।

### आनी व निरमंड में प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम में जनता ने प्रशासन के समक्ष रखीं 51 शिकायतें

**अनंत ज्ञान, आनी**

आनी विधानसभा क्षेत्र के आनी और निरमंड उपमंडल में प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम आयोजित हुए। आनी के चवाई वन विश्राम गृह में चवाई, शिल्ली और बखनाओं, जबकि निरमंड के रैमू स्थित तवार पंचायत के मुख्यालय में पंचायत तवार और निशानी की जनता की शिकायतों के निवारण के लिए यह कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिनमें कुल 51 शिकायतें प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत की गईं, जिनमें से अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया।

आनी के वन विश्राम गृह च्वाई में आयोजित प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने 31 शिकायतें प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत की। अधिकतर शिकायतें और समस्याएं लोक निर्माण, जल शक्ति, बिजली, राजस्व और पंचायतीराज विभाग से संबंधित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम आनी नरेश वर्मा ने की। वहीं, निरमंड के रैमू में आयोजित कार्यक्रम में 20 लिखित और मौखिक शिकायतें प्रशासन के समक्ष आईं, जिनमें अधिकतर का मौके पर निपटारा किया गया। इनमें से अधिकांश शिकायतें गत बरसातों में बादल फटने से आई बाढ़ से हुए नुकसान और भविष्य में नुकसान से बचने के लिए जरूरी कदम उठाने, सड़क, पानी, बिजली आदि से संबंधित थी। कार्यक्रम के दौरान एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निवारण के लिए उचित दिशा-निर्देश जारी किए। एसडीएम नरेश वर्मा और मनमोहन शर्मा ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि लोगों को घरद्वार पर समस्याओं का समाधान मिले।



**आयोजन** राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल कटराईं में धूमधाम से मनाया वार्षिक समारोह

## पढ़ाई के साथ-साथ खेलों व अन्य गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लें विद्यार्थी : भुवनेश्वर गौड़

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल कटराईं का वार्षिक समारोह धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थित हुए।

इस दौरान उन्होंने 60 लाख रुपए से बनकर तैयार हुए स्कूल के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया। समारोह स्थल पर स्कूली बच्चों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए मुख्यातिथि ने बच्चों से प्रदर्शनी में रखे गए विभिन्न मॉडल के बारे में चर्चा की। कार्यक्रम का आरंभ बच्चों द्वारा बहुत ही सुरीले स्वागत गीत से हुआ। तत्पश्चात छात्राओं द्वारा मनमोहक किन्नौरी नाटी पेश की गई। विद्यालय के प्रिंसिपल मंगल नेगी ने मुख्यातिथि का मंच पर शाल तथा कुल्लवी टोपी पहनाकर स्वागत किया। इस कार्यक्रम में विधायक भुवनेश्वर गौड़ के साथ पधारे अन्य मेहमानों तथा गणमान्य व्यक्तियों का भी विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा टोपी पहनाकर स्वागत किया गया। प्रिंसिपल मंगल नेगी ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें साल भर में उनके स्कूल द्वारा हासिल की गई उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके पश्चात मुख्यातिथि ने पढ़ाई, खेल तथा अन्य गतिविधियों में अव्वल रहने वाले तथा स्कूल का नाम रोशन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। भाषण में विधायक ने कहा कि यह उनका अपना स्कूल है क्योंकि वे इसी गांव के रहने वाले हैं और कहा कि बचपन में कुछ समय वे इस स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर चुके हैं, इसलिए इस स्कूल से उनका विशेष लगाव रहा है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू के मार्गदर्शन में प्रदेश निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है और उनके दिशा-निर्देश शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश में विशेष कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बच्चों से आह्वान करते हुए कहा कि उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ खेलों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा अन्य गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर कर भाग लेना चाहिए, ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों द्वारा लगातार एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिससे कड़ाके की ठंड के बावजूद दर्शक प्रस्तुतियों का आनन्द उठाते रहे।



मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ मेधावियों को सम्मानित करते हुए।

### क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज में क्रिसमस की धूम, केक काटकर मनाया क्रिसमस




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू जिला मुख्यालय के ढालपुर स्थित क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज में इन दिनों क्रिसमस की धूम मची हुई है। सोमवार को संस्थान की प्रशिक्षु छात्राएं रंग-बिरंगी और सांता क्लाज की ड्रेस पहनकर संस्थान पहुंची। इस मौके पर छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रमों के माध्यम से एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर सबको मंत्रमुग्ध किया। क्रिसमस की शुरूआत बच्चों ने भगवान मसीह की प्रार्थना से की।

छात्राओं ने ईसा मसीह के जीवन पर भी कार्यक्रम पेश किए और अप्पूघर के साथ लाला-लाली का खूब आनंद लिया। इस अवसर पर संस्थान के प्रबंधक निदेशक सुखदेव मसीह ने केक काटकर क्रिसमस की शुरूआत की। क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज की शिक्षिकाओं ने छात्राओं को टॉफी आदि का वितरण कर क्रिसमस की बधाई दी। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि मिशेल मसीह और तेज राम शर्मा एवं खास अतिथि सैमुएल मसीह, साहिल मसीह रहे। इस उपलक्ष्य पर क्रिश्चियन नर्सिंग संस्थान की सभी टीचर्स व एसोसिएट डायरेक्टर कुमारी ज्योति मार्या मसीह, प्रधानाचार्या कुमारी करिश्मा बौद्ध, उपप्रधानाचार्या शिवानी शर्मा, मनीषा, सुमन, हीना ठाकुर, थुली शर्मा, अनुजा कोहली, भुवनेश्वरी कश्यप, कुमारी प्रिया ठाकुर, कुमारी भव्या शर्मा, प्रोमिला, कुमारी दीपिका, कुमारी मारी सुनैना, रुचिका, पूजा, प्रोमिला ठाकुर, समृति शर्मा, रोहिनी ठाकुर वर्मा ने सभी छात्राओं को क्रिसमस का मतलब समझाया और साथ ही क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं।

एसोसिएट डायरेक्टर कुमारी ज्योति मार्या मसीह द्वारा सभी टीचर्स और स्टाफ को उपहार दिए गए। वहीं, संस्थान के प्रबंधक निदेशक सुखदेव मसीह ने सभी बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए क्रिसमस और नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।

## न्यूज ब्रीफ

### जुआ व्यापार के चार मामलों में 19,990 रुपए बरामद

**बीबीएन।** जिला बद्दी पुलिस ने अवैध रूप से जुआ खिलाने वालों के खिलाफ बरोटीवाला व बद्दी थाना के तहत चार मामले दर्ज किए हैं। पुलिस ने चार मामलों में पकड़े आरोपियों के पास से 19,990 रुपए बरामद किए हैं। जानकारी के अनुसार पहला मामला छतरी चौक पर भारत पुत्र जसवंत निवासी खटेटा जिला संभल को पकड़ा, जो कि लोगों को जुआ खेलने के लिए लुभा रहा था पुलिस ने आरोपी के पास से 2,710 रुपए बरामद किए। दूसरे मामले में पुलिस ने बद्दी के लोनिवि विश्राम गृह के पास से राजेंद्र सिंह निवासी लुधियाना और सुरेंद्र निवासी मोहाली को पकड़ा, जिनके पास से 5,930 रुपए बरामद किए। तीसरे मामले में बरोटीवाला के शिवालिक नगर के समीप नरेंद्र कुमार निवासी कटियाड़ जिला कांगड़ा को पकड़ा, जिसके पास से 6,070 रुपए बरामद किए। वहीं, चौथे मामले में भुड्ड बैरियर के समीप से अजय कुमार निवासी बरौली बिहार को पकड़ा, जिसके पास से 5,190 रुपए बरामद किए। पुलिस ने बद्दी व बरोटीवाला थाना के तहत जुआ अधिनियम के मामले दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। जिला बद्दी पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा ने मामले की पुष्टि की।

### ठोडा प्रतियोगिता में राकेश वर्मा बने विजेता

**राजगढ़।** राजगढ़ उपमंडल की टाली भुज्जल पंचायत में एकदिवसीय ग्राम स्तरीय ठोडा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजक कमेटी के प्रधान रूप सिंह वर्मा तथा सचिव राजेंद्र सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 46 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर प्रवक्ता भूप सिंह वर्मा बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। उन्होंने आयोजकों को बधाई दी और कहा कि ठोडा युगों-युगों से प्रचलित महाभारत कालीन एक पारंपरिक तीरंदाजी खेल है। अध्यक्ष ने बताया कि प्रतियोगिता में राकेश वर्मा प्रथम और अन्नू वर्मा द्वितीय स्थान पर रहे। अन्नू वर्मा को उत्तम निशानेबाज और अंकित वर्मा को अनुशासित खिलाड़ी चुना गया।

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में गुरुकुल स्कूल प्रथम



**सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के तीसरे संस्करण में देश भर के 500 से अधिक स्कूलों के 25,000 छात्रों ने भाग लिया। बोध क्लब द्वारा आयोजित और आइडियाज वैंड मैंटर द्वारा सह-संचालित, इस कार्यक्रम ने ग्रेड-10, 11 और 12 के कुछ प्रतिभाशाली युवा दिमागों को एक साथ लाया, जिन्होंने राउंड की एक बेहद प्रतिस्पर्धी शृंखला में अपनी प्रतिभा और ज्ञान का प्रदर्शन किया। गुरुकुल ग्लोबल स्कूल चंडीगढ़ ने वैंड फिनाले में पहला पुरस्कार जीता, जबकि बीसीएम आर्य इंटरनेशनल स्कूल, लुधियाना ने दूसरा स्थान और सरस्वती विद्या मंदिर, मंडी ने तीसरा पुरस्कार हासिल किया। प्रतियोगिता की समाप्ति में विविध शैक्षणिक धाराओं के छात्रों को आकर्षित किया, जिससे एक गतिशील और समृद्ध वातावरण तैयार हुआ।

### लोहे की बलियां चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**सोलन।** गलानंग निवासी करम चंद ने पुलिस थाना सदर सोलन में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि यह बसाल हिमुडा कलोनी में बतौर ठेकेदार पर काम कर रहे हैं। 21 दिसंबर को इसके मजदूर ने पूछा कि सड़क पर रखी लोहे की बलियां को कहीं भेजना है, जिस पर इसने कहा कि इन्होंने उक्त बलियों को सड़क पर रखने के लिए नहीं कहा था और इन्होंने उसी समय साईट जाकर लोहे की बलियों की गिनती की तो उसमें 97 लोहे की बलियां कम पाई गई, जिसे किसी नामालूम व्यक्तियों द्वारा चोरी करना पाया गया। चोरी हुई लोहे की बलियों की कीमत लगभग 1,75,000 रुपए है, जिस पर पुलिस थाना सदर सोलन में चोरी की धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान मामले की सूचना मिलते ही पुलिस थाना सदर सोलन की पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त मामले में एक आरोपी अशरफ अली पुत्र स्व. अकमल निवासी गांव कलसी जमनसोट तह. कलसी बाजार जिला देहरादून उत्तराखंड उम्र 38 वर्ष हाल रिहायशी गांव सूरजपुर डाखा पिपलूघाट तह. अर्की जिला सोलन 22 दिसंबर को गिरफ्तार किया गया तथा चोरी हुई बलियों में से 45 लोहे की बलियों को बरामद कर लिया गया है। जांच के दौरान पाया गया कि गिरफ्तार आरोपी पहले भी आपराधिक वारदातों में शामिल रहा है, जिसके खिलाफ पुलिस थाना अर्की व धर्मपुर में चोरी से संबंधित 2 मामले पंजीकृत हैं। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा। मामले में अन्वेषण प्राथमिकता से जारी है।

### बागा में सम्मान पाकर खिले मेधावियों के चेहरे

**दाड़लाघाट।** राजकीय उच्च पाठशाला बागा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह के मुख्यातिथि प्रधान पंचायत बागा-करोग सुरेंद्रा पंवर रहे, जबकि बागा करोग पंचायत के उपप्रधान श्याम लाल चौहान एवं समाज सेवी कृष्णा चौहान विशेषातिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर बच्चों ने अनेक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। राजकीय उच्च पाठशाला बागा की मुख्याध्यापिका शारदा देवी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मुख्याध्यापिका ने वार्षिक रिपोर्ट पेश की, जिसमें विद्यालय से संबंधित वर्ष भर गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्यातिथि ने बच्चों को अच्छे नागरिक बनने, नशे से दूर रहने का आह्वान किया। मुख्यातिथि व अन्य गणमान्य अतिथियों ने मेधावी स्टूडेंट्स को पुरस्कार प्रदान किए।

### दाड़लाघाट में एनएसएस के महत्व पर डाला प्रकाश

**दाड़लाघाट।** राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का आरंभ किया गया। इस वर्ष सात दिवसीय एनएसएस शिविर की थीम यूथ फॉर माय भारत एंड यूथ फॉर डिजिटल लिटरेसी है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रुचि रमेश मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन से की गई। एनएसएस प्रभारी डॉ. जय प्रकाश शर्मा ने सात दिवसीय शिविर में होने वाली गतिविधियों और जागरूकता कार्यक्रमों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। मुख्यातिथि ने स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए एनएसएस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसकी प्रासंगिकता पर जानकारी दी।

### छात्रों ने राष्ट्रीय परीक्षाओं में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के पांच पूर्व छात्रों ने प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। सफल उम्मीदवारों में, चार पूर्व छात्रों ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के कृषि वैज्ञानिक भर्ती बोर्ड (एएसआरबी) द्वारा आयोजित प्रतिस्पर्धी कृषि अनुसंधान वैज्ञानिक (एआरएस) परीक्षा में सफलता प्राप्त की। परिणाम पिछले सप्ताह घोषित किए गए थे। एआरएस परीक्षा कृषि के क्षेत्र में सबसे प्रतिष्ठित परीक्षाओं में से एक है, जो पूरे भारत में आईसीएआर संस्थानों में अनुसंधान पदों के लिए वैज्ञानिकों की पहचान करने के लिए आयोजित की जाती है। चयनित छात्रों में सिल्वीकल्चर और एग्रोफोरेस्ट्री विभाग के डॉ. प्रशांत शर्मा और डॉ. हरीश शर्मा शामिल हैं।

### संगठन की मजबूती के लिए मिलकर करेंगे काम

**अनिल नेगी, किन्नौर।** किन्नौर युवा कांग्रेस के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अजय ठाकुर व अन्य पदाधिकारियों का राजीव गांधी पंचायतीराज विभाग के राष्ट्रीय सचिव एडवोकेट राम सिंह नेगी व युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय चुनाव प्रभारी ठाकुर बिट्ट को किन्नौरी टोपी व खतक पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान अजय ने रिकांगपिओ में कहा कि जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर रहते हुए वे भाजपा के जनविरोधी नीतियों के खिलाफ अपने टीम के साथ सड़कों पर उतरेंगे और संगठन की मजबूती के लिए सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर काम करेंगे, ताकि संगठन को मजबूती मिल सके। उन्होंने कहा कि 3 सितंबर से राष्ट्रीय युवा कांग्रेस के अंतर्गत प्रदेश भर में युवा कांग्रेस के अध्यक्ष व अन्य सभी पदों के लिए चुनाव हुए, जिसके परिणाम शुक्रवार रात 9 बजे सामने आए हैं और जिले से उन्हें अध्यक्ष पद के लिए चुना गया है। वहीं, दूसरी ओर कल्पा ब्लॉक से युवराज लोकट्स, निचार ब्लॉक से रोहित नेगी, पूह ब्लॉक से तनजिन पालदेन को ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में चुना गया है। (अनंत ज्ञान)

### देश में तैयार किया जा रहा नफरत का माहौल : मोहित

**सोलन।** एसएफआई हिमाचल की दो दिवसीय राज्य कार्यशाला का आरंभ सोलन में हुआ, जिसका उद्घाटन एसएफआई हिमाचल के भूतपूर्व में रहे राज्य उपाध्यक्ष मोहित वर्मा ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान में भाजपा सरकार द्वारा जिस तरीके से देश में सांप्रदायिकता तथा नफरत का माहौल तैयार किया जा रहा है यह देश की एकता-अखंडता तथा भारतीय संविधान पर सबसे बड़ा हमला है, जिससे हमारा हिमाचल भी अछूता नहीं है। अभी हालिया के उदाहरण में हम शिमला में देखते हैं कि किस तरीके से दो व्यक्तियों के विवाद को भाजपा व आरएसएस के लोगों द्वारा सांप्रदायिकता का रूप दिया गया, जिसका प्रयोग बहुसंख्यक हिंदुत्व के रूप में अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ किया जाता है इसलिए एसएफआई जैसे प्रगतिशील, वैज्ञानिक छात्र संगठन की यह जिम्मेदारी बनती है कि वे ऐसे सांप्रदायिक तत्वों का जनता की व्यापक एकता स्थापित करते हुए खुले मंच से विरोध करें, ताकि लोगों में आपसी भाईचारा तथा सौहार्द जिंदा रहे।

# सोलन में राहत की बारिश, सूखी ठंड से मिली निजात

## पर्यटन को लगेंगे पंख, तीन महीने के ड्राई स्पेल से अब गेहूं की बिजाई फायदेमंद नहीं

**आर मोहन चौहान, सोलन**

प्रदेश में करीब तीन महीने के लंबे ड्राई स्पेल के बाद सोमवार को जिला मुख्यालय सोलन सहित उपमंडलों में बारिश होने से लोगों को सूखी ठंड से निजात मिली है। गेहूं बिजाई का समय निकल जाने से किसान निराश जरूर हैं पर वे जल्द तैयार होने वाली फसल जैसे सूरजमुखी आदि की बिजाई कर सकते हैं। वहीं, बागवानों को कुछ हद तक बारिश और बर्फबारी से राहत जरूर मिली है। अच्छी बारिश होने की स्थिति में नए पौधे लगाने में आसानी होगी। लंबे अंतराल बाद बारिश से आमजन को भी शुष्क ठंड से राहत मिली है साथ ही गेहूं, मटर, लहसुन और अन्य नकदी फसलों के लिए भी बारिश संजीवनी साबित होगी। हालांकि गैर सिंचाई वाले क्षेत्रों में अब गेहूं की बिजाई फायदेमंद नहीं है पर किसान कम अवधि में तैयार होने वाली फसल जैसे सूरजमुखी, पशु चारा और पत्तेदार सब्जियों की बिजाई कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)





### सूखे से गेहूं की फसल को हुआ नुकसान

**पिछले** तीन माह में सबसे अधिक नुकसान गेहूं की फसल को हुआ है। जिले में अब तक 50 प्रतिशत गेहूं की फसल सूखे के चलते प्रभावित हो चुकी है। सोलन में 21300 हेक्टेयर क्षेत्र में गेहूं की खेती होती है। इसमें से 12 हजार हेक्टेयर क्षेत्र बारिश पर निर्भर है, जबकि शेष क्षेत्र में सिंचाई की अच्छी सुविधा है।

### फसलों और फलदार पौधों के लिए लाभकारी

**नौणी** विवि के मौसम विभाग के मुताबिक यह बारिश फसलों और फलदार पौधों के लिए लाभकारी साबित होगी। फसलों की बिजाई के बाद से किसान पिछले दो माह से बारिश का इंतजार कर रहे थे। सोलन में पिछले लंबे समय से बारिश न होने के कारण सूखे की स्थिति बन गई थी। जिले में इन दिनों रबी सीजन की लगभग सभी फसलें सूखे की चपेट में हैं। जिला कृषि विभाग सोलन के उपनिदेशक डॉ. देवराज कश्यप के मुताबिक इस रबी सीजन में ड्राई स्पेल के दौरान फसलों को खासा नुकसान हुआ है। गैर सिंचित क्षेत्र में अब गेहूं की बिजाई फायदेमंद नहीं है। किसान जल्द तैयार होने वाली फसल जैसे सूरजमुखी आदि की बिजाई कर सकते हैं।

### सोलन वासियों में जगी व्हाइट क्रिसमस की उम्मीद

**बारिश** और बर्फबारी का दौर शुरू होने से पर्यटकों ने भी पहाड़ों की तरफ रुख किया है। वहीं, सोलन में भी लोग व्हाइट क्रिसमस की उम्मीद लगाए बैठे हैं। क्रिसमस को लेकर बाजार में भी खूब रौनक देखने को मिल रही है। बाजारों में दुकानों में क्रिसमस ट्री से लेकर सेंटा क्लॉस ड्रेस की मांग बढ़ गई है। यदि बर्फबारी होती है, तो सोलन में भी पर्यटक व्हाइट क्रिसमस मनाने नजर आएंगे। क्रिसमस के आयोजन को लेकर स्थानीय गिरजाघरों को विशेष रूप से सजाया गया है। बारिश और बर्फबारी से होटल कारोबारियों के चेहरे भी खिल उठे हैं। होटलों में क्रिसमस और न्यू ईयर पर्यटकों के आकर्षण के लिए विशेष इंतजाम हैं।

### समूचा क्षेत्र शीत लहर की चपेट में

**लंबे** समय से सूखे की मार झेल रहे किसान-बागवानों के चेहरों पर भी बारिश से रौनक लौट आई है। वहीं, मौसम का मिजाज बिगड़ने से समूचा क्षेत्र शीत लहर की चपेट में है। जिले के कसौली और चायल के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी होने से यहां पर्यटन कारोबार को बढ़ावा मिलेगा। कृषि विशेषज्ञों की मानें तो सूखे के कारण फसलों को जो नुकसान हो चुका है, उसकी भरपाई नहीं होगी पर बाकी बची फसल के लिए बारिश संजीवनी साबित होगी। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हुई बर्फबारी सेब सहित अन्य फलदार पौधों के लिए फायदेमंद है।

## 31 दिसंबर तक बिजली उपभोक्ता करवाएं ई-केवाईसी

**बीबीएन।** प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड नालागढ़ के बिजली उपभोक्ता 31 दिसंबर तक ई-केवाईसी करवाना सुनिश्चित करें। बिजली उपमंडल नालागढ़ के सहायक अभियंता मुकेश शर्मा ने बताया कि कोई भी बिजली उपभोक्ता 31 दिसंबर तक बिजली बोर्ड के खेड़ा शिकायत कार्यालय पंचायत भवन खेड़ा, न्यू नालागढ़ हनुमान मंदिर के समीप, बिजली बोर्ड के दभोटा शिकायत कार्यालय, दुगरी शिकायक केंद्र ज्ञान सिंह चक्की के समीप, ढाणा के बिजली शिकायत केंद्र रणजीत सिंह चक्की के समीप, बिजली अनुभाग गोलजमाला शिकायत कार्यालय, झिड़ीवाला टोबा सुरेंद्र बीडीसी कांप्लेक्स के समीप, बिजली विभाग के पंजेहरा शिकायत कार्यालय, पीरस्थान और डरोली राम मंदिर के समीप में अपनी ई-केवाईसी करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता को ई-केवाईसी करवाने के लिए अपना आधार कार्ड व बिजली का बिल लाना होगा। उन्होंने कहा कि परिवार का कोई भी सदस्य, जिसका राशन कार्ड आधार कार्ड से लिंक हो, वह भी ई-केवाईसी करवा सकता है।

# फेरी लगाकर कपड़े बेचने वाले दो युवकों से 6.19 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पुलिस ने शहर में फेरी लगाकर कपड़े बेचने वाले दो युवकों से चिट्टा बरामद किया है। 19 दिसंबर को जब विशेष अन्वेषण इकाई सोलन की टीम गश्त व अपराधों की रोकथाम के लिए सोलन शहर के क्षेत्र में मौजूद थी, तो उक्त टीम को सूचना मिली कि कोटला नाला सोलन में एक किराये के कमरे में दो व्यक्ति जो बाहरी राज्यों के रहने वाले हैं। किराये के कमरे में चिट्टा हैरोइन की सप्लाई करने के लिए लाए हैं।



इस सूचना पर विशेष अन्वेषण इकाई की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त किराये के कमरे में दबिश देकर उक्त किराये के कमरे से दो युवकों, जिनके नाम पते रामचंद्रा पुत्र कालू सिंह निवासी दल्लपुरा पूर्वी दिल्ली उम्र 28 वर्ष व हैप्पी सिंह पुत्र रूपलाल निवासी सलेम टाबरी नानक नगर लुधियाना पंजाब उम्र 21 वर्ष मालूम हुए उनको 6.19 ग्राम चिट्टा/हेरोइन सहित गिरफ्तार किया गया, जिस पर पुलिस थाना सदर सोलन में दोनों आरोपियों के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम की धारा 21,29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। इस अभियोग की जांच के दौरान गिरफ्तार दोनों आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों के पूर्व आपराधिक रिकार्ड की पड़ताल भी की जा रही है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को 4 दिन की पुलिस कस्टडी में लेकर जांच की जा रही है। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि गिरफ्तार दोनों आरोपी कुछ दिनों से कोटला नाले में किराये के कमरे में रह रहे थे और दोनों फेरी लगाकर कपड़े बेचने का काम कर रहे थे। मामले में जांच जारी है।

### बीबीएन इंडस्ट्री ने सीएम के समक्ष उठाया माल ढुलाई का विवाद, कहा-ऐसे माहौल में नहीं कर पा रहे काम

# सरकार उद्योगों की चिंता के प्रति अत्यधिक संवेदनशील : सीएम

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

बीबीएन इंडस्ट्री में माल ढुलाई को लेकर चल रहा विवाद शिमला मुख्यमंत्री कार्यालय तक पहुंच चुका है। इस विवाद से परेशान होकर उद्यमी सोमवार को शिमला मुख्यमंत्री से आपात बैठक के लिए पहुंचे। उद्यमियों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की और कुछ बदमाशों द्वारा बाधित की जा रही माल ढुलाई के मामले को लेकर विस्तार से चर्चा की।

उद्यमियों ने बताया कि उन्हें हाईकोर्ट से निर्देश मिले हैं कि वह किसी भी ट्रांसपोर्ट से ट्रक लेकर माल ढुलाई करवाने के लिए आजाद हैं, लेकिन बीते सात दिनों से उद्योगों के ट्रकों को रोक कर तोड़-फोड़ की जा रही है और ड्राइवरों को मारा-पीटा जा रहा है और लाखों की संपत्ति को भी



कोई राजनीतिक दबाव नहीं है। उद्यमियों के ट्रक किसी भी सूरत में नहीं रुकने चाहिए। इसका नुकसान पहुंचाया जा रहा है। उद्यमियों की बात सुनने के बाद मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार उद्योगों की चिंता के प्रति अत्यधिक संवेदनशील है। उन्होंने आश्वासन किया कि किसी को भी बीबीएन क्षेत्र का माहौल बिगाड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा और कानून व्यवस्था को हर कीमत में बनाए रखा जाएगा। सूत्रों के अनुसार सीएम ने उद्योगपतियों के सामने ही तुरंत एसपी बद्दी को फोन के माध्यम से निर्देश देते हुए कहा है कि इस मामले को लेकर प्रदेश में होने वाले निवेश पर गलत असर होगा। ऐसे में उन्होंने एसपी बद्दी को उद्यमियों और ट्रकों की सुरक्षा को सुनिश्चित बनाने और उच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन करने का आदेश दिया। वहीं, इंडस्ट्री एसोसिएशन के पदाधिकारी उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान से भी मुलाकात की। मुख्यमंत्री व उद्योग मंत्री से मुलाकात के दौरान बद्दी-बरोटीवाला नालागढ़ इंडस्ट्री एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष शैलेश अग्रवाल महासचिव वाइएस गुलेरिया आदि मौजूद रहे।

### दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश

**मुख्यमंत्री** ने बीबीएन में माल ढुलाई को लेकर विवाद को रोकने के लिए जिला प्रशासन व पुलिस जिला बद्दी को सख्त निर्देश दिए हैं कि अगर कोई भी माहौल खराब करता है, तो दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। बीबीएन इंडस्ट्री एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल का कहना है कि वह किसी भी ट्रांसपोर्ट से ट्रक लेने के लिए आजाद हैं। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया है कि उन्हें कोई रोकता है, तो उस पर कार्रवाई करने के निर्देश एसपी बद्दी को दिए गए हैं। इस विषय में एसपी को कोई मदद की जरूरत होगी, तो उनकी सरकार की तरफ से पूरी मदद होगी।

# प्रदेश सरकार घरद्वार पर बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध : अवस्थी

**अनंत ज्ञान, सोलन/अर्की**

अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार छात्रों को उनके घरद्वार के समीप बेहतर शिक्षण माहौल और गुणवत्तायुक्त अधोसंरचना प्रदान करने के लिए कार्य कर रहे है।

संजय अवस्थी अर्की की पंचायत पलोग के मांझू स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। संजय अवस्थी ने इससे पूर्व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मांझू की आधारशिला रखी। इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण के लिए प्रथम चरण में 95.09 लाख रुपए की राशि प्राप्त हुई है। इसके निर्माण से पंचायत पलोग, खनलग तथा रोहांज जलाणा के लोग लाभान्वित होंगे। उन्होंने 5 लाख से निर्मित कॉमन सर्विस सेंटर पलोग के भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि अर्की



कॉलेज में एमए अंग्रेजी व इतिहास की कक्षाएं आरंभ हो चुकी हैं तथा आगामी शैक्षणिक सत्र से एमए हिंदी व राजनीति विज्ञान की कक्षाएं भी आरंभ की जाएंगी। मांझू स्कूल में वाणिज्य विषय के शिक्षक की नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री के समक्ष मामला उठाया जाएगा। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्रों के परिधान के लिए 50 हजार रुपए तथा वाद्ययंत्रों के कार्यक्रम के लिए 25 हजार रुपए देने की घोषणा की।

# शिक्षा मंत्री ने पच्छाद को दी करोड़ों की सौगात

## वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धार-टिकरी के नए भवन की रखी आधारशिला

**अनंत ज्ञान, नाहन/सराहां**

प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना लागू की गई है। इस योजना का उद्देश्य विधवाओं, निराश्रित महिलाओं, तलाकशुदा महिलाओं और दिव्यांग अभिभावकों को अपने बच्चों का पालन-पोषण और शिक्षा प्रदान करने में सहयोग प्रदान करना है।

इस योजना के तहत पात्र बच्चों को 18 वर्ष की आयु तक शिक्षा स्वास्थ्य और पोषण संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए प्रतिमाह 1000 का अनुदान प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त स्नातक, स्नातकोत्तर और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की फीस और छात्रावास व्यय के लिए



भी वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। यह उद्गार शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने पच्छाद के सराहां में लगभग एक करोड़ से बनने वाले राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धार-टिकरी के नए भवन की आधारशिला रखने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार स्कूली बच्चों को शिक्षा के लिए आधारभूत सुविधाएं प्रदान करने को दृढ़ संकल्प है, ताकि स्कूलों में पढ़ने वाले सभी बच्चों को गुणात्मक शिक्षा प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की मांगों को चरणबद्ध तरीके से इन्हें धरातल पर उतारा जाएगा। उन्होंने मानगढ़ स्कूल का नामकरण शहीद नायक राजेश के नाम पर करने की घोषणा की। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को 15000 रुपए देने की भी घोषणा की। इसके उपरांत शिक्षा मंत्री ने नारंग में 51 लाख रुपए से निर्मित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुंजी के साइंस ब्लाक भवन का उद्घाटन किया।

# गीत-संगीत से छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, सोलन**

राजकीय महाविद्यालय सोलन के सड़क सुरक्षा क्लब और क्षेत्रीय परिवहन विभाग सोलन के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक तथा गीत-संगीत के माध्यम से छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इसके अंतर्गत कॉलेज परिसर में समस्त छात्रों को सड़क सुरक्षा संबंधी सामग्री भी वितरित की गई। महाविद्यालय सड़क सुरक्षा क्लब के संयोजक डॉक्टर मुकेश कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत आगामी दिनों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। रोड सेफ्टी क्लब की सदस्य डॉक्टर कात्यानी शर्मा ने इस कार्यक्रम को आयोजित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर एवी निधि, डॉक्टर योगेश जैन, डॉक्टर बीएन कमल, डॉक्टर रमेश, डॉक्टर सतीश, डॉक्टर घनश्याम सोनी, डॉ. प्रियंका मुल्तानी सहित सभी शिक्षक तथा गैर-शिक्षक वर्ग उपस्थित रहे।

# श्री शिव भगवती सेवक मंडल ने शिमला से दियोटसिद्ध तक पूरी की पैदल यात्रा

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

श्री शिव भगवती सेवक मंडल की 49वीं पैदल यात्रा शिमला से दियोटसिद्ध तक सफलतापूर्वक संपन्न हुई।



यह यात्रा पांच दिवसीय रही, जिसमें करीब 80 भक्त और छोटे-छोटे बच्चे शामिल रहे, जिन्होंने अपनी श्रद्धा और भक्ति के साथ मार्कंडेय, शाहतलाई और बाबा बालक नाथ मंदिर में दर्शन किए। श्री शिव भगवती सेवक मंडल के संयोजक राकेश बीरा ने बताया कि 18 दिसंबर को यात्रा शिमला से शुरू हुई और दाड़लाघाट देर रात पहुंची। इसके बाद 19 दिसंबर को दाड़लाघाट से मारकंडेय मंदिर (जुखाला) पहुंची, जहां पर भक्तों ने पूजा-अर्चना की और रात्रि विश्राम किया। 20 दिसंबर को मार्कंडेय मंदिर से बरठीं (बिलासपुर) की यात्रा की, जहां पर भक्तों ने हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की। 21 को बरठीं से शाहतलाई की यात्रा की गई, जहां पर भक्तों ने शाम के समय शाहतलाई में हाजिरी लगाई और दियोटसिद्ध के रात्रि विश्राम के लिए निकल गए। राकेश बीरा ने बताया कि 22 दिसंबर को प्रातः बाबा जी की चौकी सजाई गई, इसके बाद दियोटसिद्ध गुफा में बाबा बालक नाथ जी के दर्शन हुए। यहां पर भक्तों ने पूजा-अर्चना की और बाबा जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। यात्रा के समापन पर सभी भक्तों ने एक-दूसरे को बधाई देते हुए अगले वर्ष भी यात्रा में शामिल होने का वादा किया।

## नौणी में 'प्रशासन गांव की ओर' कार्यक्रम आज

**सोलन।** प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशानुसार सोलन उपमंडल की पंचायत नौणी में आज यानी 24 दिसंबर को 'प्रशासन गांव की ओर' अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी एसडीएम सोलन डॉ. पूनम बंसल ने दी। डॉ. पूनम बंसल ने कहा कि 'प्रशासन गांव की ओर' कार्यक्रम पंचायत घर नौणी में प्रातः 10.30 बजे से आरंभ होगा। वहीं उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि इस कार्यक्रम का खूब लाभ उठाएं।

## हर्षवर्धन चौहान 25 से सिरमौर के प्रवास पर

**नाहन।** उद्योग, संसदीय कार्य तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान 25 से 28 दिसंबर तक जिला सिरमौर के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी एक सरकारी प्रवक्ता ने दी। इस दौरान उद्योग मंत्री 26 दिसंबर को प्रातः 10 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शड़याह में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि भाग लेंगे तथा दोपहर 12 बजे सतौन में चलवालन-भटरोग-सतौन सड़क मार्ग का भूमि पूजन करेंगे तथा पीएचसी भवन सतौन का शिलान्यास करेंगे। उद्योग मंत्री 27 को लोक निर्माण विभाग विश्रामगृह शिलाई में जनसमस्याएं सुनेंगे तथा 28 को प्रातः 11 बजे बकरास में राजकीय बकरास स्कूल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यातिथि होंगे।

**आयोजन** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान का शर्मा कांप्लेक्स जौणाजी रोड में श्रीराम कथा का भव्य आयोजन

# पूर्ण गुरु की कृपा से ही जाना जा सकता है ईश्वर को: साध्वी

**अनंत ज्ञान, सोलन**

दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा शर्मा कांप्लेक्स जौणाजी रोड सोलन में सात दिवसीय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन चल रहा है।


कथा वाचन करते हुए आशुतोष महाराज की शिष्या कथा व्यास साध्वी सुश्री जयंती भारती ने कहा कि भगवान राम का जीवन चुनौतियों से भरा हुआ था, चाहे वह 14 साल का वनवास हो, सीता का राक्षस रावण द्वारा अपहरण हो या फिर अपने राजकीय दायित्वों को निभाते हुए भावनात्मक व नैतिक दुविधाओं का सामना करना हो, लेकिन समस्त चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना करते हुए भी उनका संयम अतुलनीय रहा। त्रेता युग में दर्शाए गए उनके आदर्श, नैतिक मूल्य व सिद्धांत वर्तमान काल में भी अत्यधिक महत्व रखते हैं। कथा में साध्वी जयंती भारती ने केवट प्रसंग सुनकर भक्तों को भाव विभोर कर दिया। साध्वी ने कहा कि भगत केवट का वर्णन रामचरित मानस की चंद चौपाइयों में आता है, लेकिन केवट का जीवन हम सबके लिए एक प्रेरणा है। केवट कहता है प्रभु तुम्हार मरम मैं जाना। केवट जानने की बात करता है, लेकिन समाज में अधिकतर लोग केवल प्रभु को मानने तक सीमित हैं। एक पूर्ण गुरु की कृपा से ईश्वर को जाना जा सकता है। साध्वी ने समझाया कि केवल आध्यात्मिक रूप से रूपांतरित व्यक्ति ही सुंदर समाज व विश्व शांति के मार्ग को प्रशस्त करने की क्षमता रखते हैं। केवल समय के पूर्ण सतगुरु ही ब्रह्मज्ञान में दीक्षित कर हमें शांतिपूर्ण जीवन जीने की वास्तविक कला सिखा सकते हैं।





दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से आयोजित श्रीराम कथा सुनने पहुंचे लोग (दाएं) श्रीराम कथा सुनाती साध्वी सुश्री जयंती भारती।


अनंत ज्ञान




राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस
के अवसर पर आइए जागरूक उपभोक्ता बनें और सतर्क होकर अपने अधिकारों की रक्षा करने का संकल्प लें

## न्यूज ब्रीफ

### राजनाथ ने ओपी चौटाला को दी श्रद्धांजलि



**चंडीगढ़।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को सिरसा जिले के तेजा खेड़ा में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला को श्रद्धांजलि दी जिनका पिछले सप्ताह निधन हो गया। राजनाथ सिंह तेजा खेड़ा गांव में चौटाला परिवार के फॉर्म हाउस पहुंचे और उन्होंने दिवंगत चौटाला के बेटों अभय सिंह चौटाला तथा अजय सिंह चौटाला से मुलाकात की। इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) नेता ओमप्रकाश चौटाला का शुक्रवार को गुरुग्राम में निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे। अभय सिंह चौटाला इनेलो नेता हैं और अजय सिंह चौटाला जननायक जनता पार्टी (जजपा) के प्रमुख हैं। राजनाथ सिंह ने ओमप्रकाश चौटाला के छोटे भाई और हरियाणा के पूर्व मंत्री रंजीत सिंह चौटाला से भी मुलाकात कर चौटाला परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की।

### सब कुछ परमात्मा की देन : सुदीक्षा जी महाराज



**चंडीगढ़/नाभा।** निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी ने पंजाब की मानव कल्याण यात्रा दौरान पंजाब के अनेकों शहरों की विशाल संगतों को अपना पावन आशीर्वाद प्रदान करने के उपरांत इस यात्रा के अंतिम पड़ाव नाभा में पहुंचने पर मानव मात्र के विशाल समूह को संबोधन करते हुए फरमाया कि कोई भी ऐसा भाव मन में न लाएं जो इंसानियत से दूर हो, यदि यह याद रहेगा कि परमात्मा ने यह शरीर, मन तथा धन भी दिया है तो इसका मन में अहंकार भी न हो। हर कोई समर्पित भाव मन में रखें। यह सब कुछ परमात्मा की देन है हमें इसकी संभाल भी करनी है। मन में कोई अहंकार नहीं होगा तथा कोई भी ऐसा कर्म न हो जिससे मानवता इंसानियत से पीछे हो। हमें यह शरीर मिला है इंसान का इसलिए असल में इंसान भी बनना है। मन में निम्रता रखते हुए हर किसी के साथ प्यार व करुणा का भाव रखना है। दातार हर किसी को भक्ति प्रदान करें, हर कोई निरंकार के असली रूप से, इस सच्चाई से वाकिफ हो जो हमेशा से ही सच है तथा सच रहेगा।

### मुजपफरनगर में 32 साल बाद शिव मंदिर को खोला

**मुजफ्फरनगर (उप्र)।** अयोध्या में वर्ष 1992 में विवादित ढांचा ध्वस्त किये जाने के बाद से ही यहां कोतवाली थाना क्षेत्र के मुस्लिम बहुल क्षेत्र लद्दावाला में बंद पड़े एक शिव मंदिर को 32 साल बाद मंत्रोच्चार और हवन कर सोमवार को फिर से खोल दिया गया। नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप ने बताया कि मंदिर में सभी कार्य शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गए। स्वामी यशवीर महाराज के नेतृत्व में हिंदू कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण माहौल में मंदिर में दर्शन पूजन किया। स्थानीय मुसलमानों ने स्वामी यशवीर महाराज के नेतृत्व में हिंदू कार्यकर्ताओं के जुलूस का स्वागत किया और मंदिर की गली में पुष्प वर्षा की।

### अल्लू अर्जुन के घर तोड़फोड़ करने वालों को जमानत

**नई दिल्ली।** अभिनेता अल्लू अर्जुन के जुबली हिल्स स्थित घर में 22 दिसंबर को तोड़फोड़ करने वाले छह आरोपियों को जमानत मिल गई। सोमवार सुबह उन्हें हैदराबाद कोर्ट में पेश किया गया। यहां आरोपियों के वकील ने दलील दी कि आरोपी अभिनेता के घर पर शांति प्रदर्शन करने गए थे पर वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने उनके ऊपर अटैक किए। इसके बाद आरोपियों ने जो किया अपने आत्मरक्षण में किया। वकील की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने सभी छह आरोपियों को बिना किसी शर्त और जुर्माने के जमानत दे दी।

### बिहार में सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत

**पूर्णिया।** बिहार के पूर्णिया जिले के धमदाहा इलाके में तेज रफ्तार पिकअप ने सड़क किनारे खड़े कई लोगों को रौंद दिया, जिससे दो बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई तथा आठ अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि घटना रविवार रात करीब आठ बजे ढोकवा गांव में हुई। एसडीपीओ संदीप गोल्डी ने बताया कि चालक वाहन लेकर फरार हो गया। दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि करीब 11 घायलों को नजदीकी सरकारी अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान तीन और लोगों ने दम तोड़ दिया।

### ब्राजील में विमान क्रैश, 10 लोगों की मौत



**ब्रासीलिया।** ब्राजील में पर्यटकों के बीच लोकप्रिय ग्रामाडो शहर में छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सवार 10 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों की मौत हो गई। ब्राजील की नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने 'एक्स' पर कहा कि विमान पहले एक घर की चिमनी से टकराया फिर एक इमारत की दूसरी मंजिल से टकराते हुए ग्रामाडो के एक मुख्य आवासीय क्षेत्र में स्थित मोबाइल फोन की दुकान पर गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जमीन पर मौजूद एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए जिन्हें अस्पताल ले जाया गया, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई गई है।

# लाखा बंजारा लेक रिजुवनेशन एंड लेक फ्रंट डेवलपमेंट प्रोजेक्ट का लोकार्पण

## सीएम धामी ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ कार्यक्रम में लिया भाग

**जगदीश शर्मा, देहरादून**



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ संजय ड्राइव, सागर, मध्य प्रदेश में आयोजित लाखा बंजारा लेक रिजुवनेशन एंड लेक फ्रंट डेवलपमेंट प्रोजेक्ट लोकार्पण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उनकी सरकार को एक वर्ष पूर्ण करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे मध्य प्रदेश की पवित्र भूमि में जन्म लेकर प्रधानमंत्री पद तक पहुंचने वाले भारत रत्न, स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी को कोटि-कोटि नमन करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा लाखा बंजारा झील के पुनर्निर्माण के लोकार्पण कार्यक्रम में सम्मिलित होने पर उनके मन में सागर में बिताए गए अपने बचपन के दिनों की यादें पुनः ताजा हो गई। सागर क्षेत्र की अनेक स्मृतियां उनके मन मस्तिष्क में हैं। इन सालों में मध्य प्रदेश और सागर क्षेत्र ने विकास की नई ऊंचाइयों को छूआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सागर क्षेत्र उनके जीवन का अविस्मरणीय हिस्सा है। उनके स्वर्गीय पिताजी महार रेजिमेंट में थे। उस दौरान उनकी पोस्टिंग सागर में हुआ करती थी। उन्हीं दिनों उन्होंने अपने छात्र जीवन के कई महत्वपूर्ण वर्ष सागर में बिताए।

उन्होंने कहा सागर की भूमि और यहां के लोग के प्रति उनके मन में सम्मान है। यहां की प्रत्येक गली, रास्ता और झील उनकी स्मृतियों में हमेशा जीवंत रहती है। सागर की पुण्यभूमि ने उन्हें संस्कार, जीवन में नई दृष्टि और प्रेरणा प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने कहा सागर की भूमि ने उनके जीवन में उत्प्रेरक की भूमिका निभाई है। इस भूमि से उनका रिश्ता सदा अटूट रहेगा। (अनंत ज्ञान)

# पीएनबी ने पीजीआई में बांटे सफाई कर्मियों को जैकेट



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) सैक्टर-17 चंडीगढ़ स्थित अंचल कार्यालय द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व योजना के तहत अंचल प्रबंधक डॉ राजेश प्रसाद की अध्यक्षता में पीजीआई चंडीगढ़ में 100 से अधिक सफाई कर्मियों को सर्दियों के मौसम को देखते हुए जैकेट सप्रेम भेंट की गई।

इस अवसर पर चंडीगढ़ मंडल प्रमुख संजीव सिंह, सुनील कुमार (मुख्य प्रबंधक), जतिंदर कुमार ( प्रेसिडेंट-एआईपीएनबीओए) तथा पीजीआई अधिकारी उपस्थित रहे।

अंचल प्रबंधक डॉ राजेश प्रसाद ने कहा कि पंजाब नैशनल बैंक एक सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक है और हमारा दायित्व है कि हम समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण हेतु कार्य करें। हमारे बैंक द्वारा समय समय पर सीएसआर गतिविधियों का आयोजन किया जाता है ताकि जरूरतमंदों की सहायता की जा सके। पीजीआई जैसे संस्थान में जहां प्रत्येक दिन हजारों मरीज आते हैं, ऐसे में सफाई व्यवस्था अत्यंत महत्वपूर्ण है। सफाई कर्मी अपनी मेहनत और सेवा भाव से इस कार्य में जुटे हुए हैं, अतः हमारी ओर से इनकी सहायता करने का ये एक छोटा सा प्रयास है।

चंडीगढ़ मंडल प्रमुख संजीव सिंह ने पीजीआई के अधिकारियों, अंचल प्रबंधक डॉ राजेश प्रसाद एवम् अन्य अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

## सभ्या इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड पर गलत तरीके से बिल्डिंग बनाने का आरोप

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

सभ्या इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड पर गलत तरीके से बिल्डिंग बनाने का आरोप जीरकपुर वीआईपी एनक्लेव के अपोजिट बंसल प्लाजा वीआईपी रोड जीरकपुर के रहने वाले विष्णु गर्ग ने लगाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके घर के पास बन रहे एक प्रोजेक्ट जिसका नाम सभ्य इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड हैं, यह बिल्डिंग लेआउट प्लान के हिसाब से नहीं बन रही है।

इसके पीछे उनका घर पड़ता है और उनके घर को खतरा बना हुआ है। इसके बेसमेंट की खुदाई से उनके घर की नीव कमजोर पड़ रही है। विष्णु गर्ग का कहना है इसके लिए उन्होंने नगर निगम रेरा एडीसी और मुख्यमंत्री भगवंत मान जी को भी इसकी शिकायत की है, लेकिन इसके बावजूद अभी काम नियमित रूप से चल रहा है।

उन्होंने कहा कि हाजी नगर निगम के अधिकारी वहां आए थे और उनके कहने पर यह काम फिलहाल रोक दिया है।

इस संबंधी हाजी नगर निगम के अधिकारी एसडीओ ने कहा कि उनके जाने से पहले वहां काम बंद था, लेकिन हमने उनको एसडीओ दफ्तर में डॉक्यूमेंट के साथ बुलाया है। डॉक्यूमेंट चेक होने के बाद ही कोई फैसला ले सकते हैं। प्रोजेक्ट के हेड अमरीक सिंह ने कहा कि इस बिल्डिंग को पूरे प्लान के हिसाब से तैयार किया जा रहा है। सुरक्षा के तौर पर चारों तरफ से पांच-पांच फीट की जगह छोड़कर बेसमेंट की खुदाई कर रहे हैं। विष्णु गर्ग के आरोप बे-बुनियाद है।

## रिक्रूटमेंट पोर्टल गेटमेडजाब लांच

**चंडीगढ़।** स्वास्थ्य सेवाओं की बढ़ती मांगों के दौर में, इस मेडिकल क्षेत्र मे भारत के 40 मिलियन ग्रेजूऐट्स के लिए शिक्षा से रोजगार में बदलाव एक चुनौती बना हुआ हे। सामान्य नौकरी पोर्टल अकसर नई प्रतिभाओं को इंडस्ट्री स्पेसिफिक भूमिकाओं से जोड़ने में विफल हो जाते हैं। इसी कमी को पूरा करने के लिये, टीम फियूचुरा नेक्सस द्वारा गेटमेडजाब, एक मेडिकल और सर्बंधित सेवाओं से जुड़ा रिक्रूटमेंट (रोजगार भर्ती) प्लेटफार्म लांच किया है, जो ग्रेजूऐट्स के लिए संभावनाओं को तलाशेगा और इम्प्लायर्स को सहजता से तलाशनें में मदद करेगा।

स्टार्टअप के संस्थापक और सीईओ अजय भारद्वाज ने कहा कि गेटमेडजॉब का विशेष फोकस छात्रों, नए ग्रेजूऐट्स और अनुभवी प्रतिभाओं पर है।

## सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने मनाया 114वां स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान, जीरकपुर**



सार्वजनिक क्षेत्र के मुख्य बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया अंचल कार्यालय चंडीगढ़ द्वारा बैंक के 114वें स्थापना दिवस को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। होटल पार्क प्लाजा, जीरकपुर में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ विशेष अतिथि राजीव पुरी, पूर्व कार्यपालक निदेशक एवं अंचल प्रमुख शीशराम तुंदवाल जी ने दीप प्रज्वलन द्वारा किया, साथ ही अन्य कार्यपालक गणों में उप अंचल प्रमुख पुरुषोत्तम मीणा, उप महाप्रबंधक अरविंद कुमार, क्षेत्रीय प्रमुख सुधांशु शेखर, उप क्षेत्रीय प्रमुख ताराचंद मीणा मौजूद रहे।

कार्यक्रम का आगाज राष्ट्रगान से हुआ। बैंक की शाखाओं से बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारियों ने अपने परिवार के साथ इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

कार्यक्रम में बैंक के स्टाफ सदस्यों ने मनोरंजक गीत एवं मनमोहन नृत्य करके सभी को मंत्रमुग्ध किया और स्टाफ सदस्यों के बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में बैंक के ग्राहकों को सम्मानित किया गए।

इसके उपरांत बैंकिंग में श्रेष्ठ कार्य निष्पादन के लिए स्टाफ सदस्यों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अंचल प्रमुख महोदय ने बैंक के इतिहास के बारे में जानकारी देते हुए इस बैंक के महत्ता को बताया कि देश का पहला स्वदेशी बैंक होने के साथ ही 114 वर्षों से लगातार देश की सेवा कर रहा है और अच्छे बैंक से महान बैंक बनने के लिए अग्रसर है।

## देश-विदेश

## अनुराग ठाकुर ने केजरीवाल के खिलाफ जारी किया 'आरोप पत्र

**एजेंसी, नई दिल्ली**




**भाजपा** के वरिष्ठ नेता अनुराग ठाकुर ने सोमवार को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के खिलाफ 'आरोपपत्र' जारी किया, जिसमें दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री पर राजधानी को 'घोटालों के माध्यम से भ्रष्टाचार की प्रयोगशाला बनाने' का आरोप लगाया है। भाजपा के इन आरोपों पर आम आदमी पार्टी (आप) की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा की दिल्ली इकाई ने एक 'आरोपपत्र समिति' बनाई थी जिसने सत्तारूढ़ आप के विधायकों की कथित विफलताओं को गिनाते हुए विस्तृत रिपोर्ट जारी की है। अनुराग ने आरोप लगाया कि यह कैसी पार्टी है, जो भ्रष्टाचार मुक्त सरकार देने का वादा करके सत्ता में आई, लेकिन शराब नीति, दिल्ली जल बोर्ड, डीटीसी तथा वक्फ बोर्ड से जुड़े आठ से नौ घोटालों में लिप्त रही। उन्होंने नारा दिया 'घोटाले पे घोटाला, केजरीवाल ने बनाया दिल्ली को भ्रष्टाचार की प्रयोगशाला।' उन्होंने कहा कि भाजपा दिल्ली की सत्ता से आप को हटाकर रहेगी।

## पीएम मोदी ने 'भारत रत्न' चौधरी चरण सिंह को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' चौधरी चरण सिंह की 122वीं जयंती पर उन्हें सोमवार को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण और सेवाभाव हर किसी को प्रेरित करता रहेगा। मोदी एक्स पर लिखा कि गरीबों और किसानों के सच्चे हितैषी पूर्व प्रधानमंत्री चरण सिंह को उनकी जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि। राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण और सेवाभाव हर किसी को प्रेरित करता रहेगा। वहीं, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी पूर्व प्रधानमंत्री चरण सिंह को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा।

## शीतलहर के बीच दिल्ली की वायु गुणवत्ता 'गंभीर'

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**राष्ट्रीय** राजधानी में शीतलहर के बीच हवा की गुणवत्ता लगातार खराब होती जा रही है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, सोमवार सुबह 7:30 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 403 दर्ज किया गया जो 'गंभीर' श्रेणी में आता है।

दिल्ली के कई इलाकों में एक्यूआई का स्तर खतरनाक स्तर पर पहुंच गया, जिसमें वजीरपुर (464), अशोक विहार (460), मुंडका (446), बुराड़ी, ऑसिंग (445) और आनंद विहार (443) शामिल हैं। उल्लेखनीय रूप से, द्वारका-सेक्टर 8 (393) और नजफगढ़ (372) में वायु गुणवत्ता 'गंभीर' सीमा से थोड़ा नीचे रही। दिल्ली के कई इलाकों में एक्यूआई 300 से 400 के बीच दर्ज किया गया। डॉ करणी सिंह शूटिंग रेंज में 399, द्वारका सेक्टर-8 में 389, आईजीआई एयरपोर्ट में 351, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 400, लोधी रोड में 376, मंदिर मार्ग में 400, शादीपुर में 373, श्री अरबिंदो मार्ग में 361, नजफगढ़ में 372 दर्ज किया गया।

## हिसार में ईंट-भट्ठे की दीवार गिरने से चार बच्चों की मौत

**एजेंसी, हिसार**

**हरियाणा** के हिसार जिले के बुडाना गांव में ईंट-भट्ठे की दीवार गिरने से चार बच्चों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि हादसा उस समय हुआ जब बच्चे सो रहे थे।

इस घटना में एक लड़की गंभीर रूप से घायल हो गई। उसने बताया कि मृतकों की पहचान निशा (तीन माह), सूरज (नौ), नंदिनी (पांच) और विवेक (नौ) के रूप में हुई है। सूत्रों के अनुसार बुडाना में भट्ठे पर उत्तर प्रदेश के कई मजदूर परिवार काम करते हैं। भट्ठे पर ईंट बनाने और चिमनी के पास खंभे लगाने का काम किया जा रहा है। बच्चे और कुछ मजदूर भट्ठे की दीवार के पास सो रहे थे, तभी वह उन पर गिर गई।

## आंध्र प्रदेश में जहरीली गैस की चपेट में आए दो लोग

**अनकापल्ली।** आंध्र प्रदेश के अनकापल्ली जिले में जवाहरलाल नेहरू फार्मा सिटी में स्थित एक निजी फार्मा कंपनी में संदिग्ध रूप से जहरीली गैस के संपर्क में आने के बाद दो लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनमें से एक की हालत गंभीर है। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

## निसान, होंडा के विलय की घोषणा, दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी वाहन निर्माता कंपनी बनेगी

**एजेंसी, टोक्यो**

**जापानी** वाहन विनिर्माता होंडा और निसान ने विलय योजना की घोषणा की है। इस कवायद के पूरा होने के बाद दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी वाहन कंपनी अस्तित्व में आएगी।

गौरतलब है कि वाहन उद्योग इस समय बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहा है। एक तरफ यह जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता से दूर जा रहा है, दूसरी ओर इसे चीनी प्रतिद्वंद्वियों से तेज प्रतिस्पर्धा का सामना कर रहा है। दोनों कंपनियों ने कहा कि उन्होंने सोमवार को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। निसान के छोटे गठबंधन के सदस्य मित्सुबिशी मोटर्स ने भी अपने व्यवसायों को एकीकृत करने के लिए बातचीत में शामिल होने पर सहमति जताई है।

> **दोनों कंपनियों ने एमओयू पर किए हस्ताक्षर**

निसान के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) माकोतो उचिदा ने कहा कि उम्मीद है कि यह एकीकरण सफल होता है, तो हम व्यापक ग्राहक आधार को और भी अधिक मूल्य प्रदान करने में सक्षम होंगे।

# सेंसेक्स में 498 व निफ्टी में 165 अंक का उछाल

**एजेंसी, मुंबई**




**हफ्ते** के पहले कारोबारी दिन सोमवार को सेंसेक्स में 498 अंक की तेजी के साथ 78,540 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 165 अंक की तेजी रही। यह 23,753 के स्तर पर बंद हुआ।

वहीं, बीएसई स्मॉलकैप 331 अंक गिरकर 54,817 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 20 में तेजी और 10 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 32 में तेजी और 18 में गिरावट रही। रियल्टी सेक्टर सबसे ज्यादा 1.47 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ। एचडीएफसी बैंक, रिलायंस, आईटीसी और आईसीआईसी बैंक ने बाजार को ऊपर चढ़ाया। जबकि, जोमैटो, मारुति सुजुकी और टीसीएस ने सेंसेक्स को नीचे खींचा। एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 1.19 फीसदी और कोरिया के कोस्पी में 1.57 फीसदी की तेजी रही। वहीं, चीन का शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स 0.50 फीसदी गिरावट के साथ बंद हुआ। एनएसई के डाटा के अनुसार, 20 दिसंबर को विदेशी निवेशकों की नेट सेल 3,597.82 करोड़ रुपए रही। इस दौरान घरेलू निवेशकों ने 1,374.37 करोड़ के शेयर खरीदे।

## खैबर पख्तूनख्वा में 11 आतंकियों को मार गिराया

**पेशावर।** सुरक्षाबलों ने रविवार को अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दो अभियानों में प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के एक कमांडर सहित 11 संदिग्ध आतंकवादियों को मार गिराया। आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद खैबर जिले की अशांत तिराह घाटी और लक्की मरवत जिले में ये अभियान संचालित किए गए।

आतंकवादियों का एक समूह पीर मेला के रास्ते तिराह घाटी से आगे बढ़ रहा था, तभी सुरक्षा बलों ने उन्हें रोक लिया। इसके बाद हुई गोलीबारी में 10 आतंकवादी मारे गए, जबकि चार अन्य घायल हो गए। सूत्रों ने बताया कि मारे गए आतंकवादियों में एक कमांडर भी शामिल है, जो समूह का नेतृत्व कर रहा था। वहीं, दूसरी घटना में, लक्की मरवत जिले में पुलिस और आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) ने शागई क्षेत्र में एक संयुक्त अभियान चलाया। गोलीबारी के दौरान एक आतंकवादी मारा गया।

## ट्रंप ने श्रीराम कृष्णन को बनाया कृत्रिम मेधा पर वरिष्ठ नीति सलाहकार

**एजेंसी, सैन फ्रांसिस्को**



**अमेरिका** के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय-अमेरिकी पूंजीपति श्रीराम कृष्णन को कृत्रिम मेधा (आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस-एआई) पर वरिष्ठ नीति सलाहकार नामित किया है। ट्रंप ने इस संबंध में घोषणा करते हुए कहा कि श्रीराम कृष्णन एआई पर 'व्हाइट हाउस ऑफिस ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी पॉलिसी' में वरिष्ठ नीति सलाहकार के रूप में काम करेंगे।' ट्रंप ने एआई से जुड़ी कई नियुक्तियों की घोषणा की। कृष्णन इससे पहले 'माइ, ्रेसॉफ्ट', 'ट्विटर', 'याहू', 'फेसबुक' और 'स्नैप' में 'प्रोडक्ट टीमों' का नेतृत्व कर चुके हैं और वह डेविड ओ. साक्स के साथ काम करेंगे। ट्रंप ने डेविड को 'व्हाइट हाउस एआई' नामित किया है। ट्रंप ने कहा कि डेविड के साथ श्रीराम एआई के क्षेत्र में अमेरिका का वर्चस्व सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। साथ ही वह विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी पर राष्ट्रपति की सलाहकार परिषद के साथ काम करते हुए एआई नीति को आकार देने तथा समन्वय करने में मदद करेंगे।' वहीं, कृष्णन ने उन्हें इस पद के लिए नामित किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मैं अपने देश की सेवा करने और डेविड के साथ मिलकर एआई के क्षेत्र में अमेरिका का वर्चस्व कायम रखने का जो मौका मिला है उसके लिए सम्मानित महसूस कर रहा हूं।

## कैग रिपोर्ट पेश करने के मामले पर भाजपा विधायकों ने किया हाईकोर्ट का रुख

**नई दिल्ली।** भाजपा के सात विधायकों ने शहर के प्रशासन से संबंधित नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की 14 रिपोर्ट विधानसभा में पेश किए जाने के अनुरोध को लेकर सोमवार को दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। याचिकाकर्ताओं के वरिष्ठ वकील ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विभु बाखरू और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख किया, जिसने निर्देश दिया कि इसे 'सामान्य प्रक्रिया' के तहत सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए। कैग रिपोर्ट के संबंध में विधायकों की ओर से दायर की गई यह दूसरी याचिका है। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील ने कहा कि इस मुद्दे पर पहले दायर की गई रिट याचिका के बावजूद सरकार ने अभी तक 14 कैग रिपोर्ट विधानसभा के समक्ष पेश नहीं की हैं। पीठ ने पूछा कि इस मामले में जल्द सुनवाई की आवश्यकता क्यों है तो वरिष्ठ वकील ने कहा कि चुनाव की घोषणा हो जाने के बाद विधानसभा का सत्र नहीं बुलाया जाएगा।

# भारोत्तोलन : मीराबाई के लिए उथल-पुथल वाला रहा साल

एजेंसी, नई दिल्ली

बहुत कम ऐसे खेल हैं जिन्हें किसी एक खिलाड़ी से जोड़कर देखा जाता है, लेकिन भारतीय भारोत्तोलन में मीराबाई चानू एक ऐसा नाम है जो पिछले कई वर्षों से भारत में इस खेल की पर्याय बनी हुई है और वर्ष 2024 भी कोई अपवाद नहीं रहा।

टोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाली मीराबाई पेरिस ओलंपिक में यह कारनामा नहीं दोहरा पाई जो भारत के लिए सबसे बड़ा झटका था। भारतीय भारोत्तोलन के लिए यह इसलिए भी निराशाजनक साल रहा, क्योंकि वह इस वर्ष भी मीराबाई का उत्तराधिकारी ढूंढने में नाकाम रहा।


मीराबाई चानू

मीराबाई ने टोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीत कर इस खेल में भारत का 21 साल से चला आ रहा सूखा खत्म किया था। जहां तक पेरिस ओलंपिक की बात है तो मीराबाई एकमात्र भारोत्तोलक थी जिन्होंने इन खेलों के लिए क्वालीफाई किया था। इस 29 वर्षीय खिलाड़ी को ओलंपिक से पहले कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ा। चोटिल होने के कारण वह कुछ प्रमुख प्रतियोगिताओं में भाग नहीं ले पाई जिसका मतलब था कि वह ओलंपिक के लिए अपेक्षित तैयारी नहीं कर सकी थी।

मीराबाई ने इसके बावजूद अपनी अदम्य इच्छा शक्ति के दम पर पेरिस ओलंपिक में भाग लिया। तब भी उनकी फिटनेस को लेकर कानाफूसी चल रही थी। मीराबाई ने हालांकि अपना सर्वश्रेष्ठ देने की पूरी कोशिश की, लेकिन आखिर में उन्हें चौथे स्थान से संतोष करना पड़ा।

### भारतीय भारोत्तोलन का भविष्य अनिश्चित

मीराबाई से इतर भारतीय भारोत्तोलन का भविष्य अनिश्चित नजर आता है। इस खेल में भारत राष्ट्रमंडल खेलों में अच्छा प्रदर्शन करता रहा है लेकिन 2022 के राष्ट्रमंडल खेलों में चमक बिखेरने वाले खिलाड़ी इसके बाद गुमनामी के अंधेरे में चले गए। इसका उदाहरण जेरेमी लालरिननुंगा है, जो चोट और अनुशासनात्मक मुद्दों के कारण गुमनामी में जाने से पहले जूनियर, युवा और राष्ट्रमंडल स्तर पर ठोस प्रदर्शन के साथ प्रमुखता से उभरे थे। उम्मीद की एक किरण 21 वर्षीय ज्ञानेश्वरी यादव है, जिन्होंने मीराबाई की अनुपस्थिति में विश्व चैंपियनशिप में 49 किग्रा वर्ग में 5वां स्थान हासिल किया था।

# भारतीय मुक्केबाजों ने किया निराशा

एजेंसी, नई दिल्ली

कोचिंग संकट से लेकर पेरिस ओलंपिक की असफलता तक भारतीय मुक्केबाजी के लिए वर्ष 2024 निराशाजनक रहा। भारतीय मुक्केबाजों ने वर्ष 2023 में अच्छा प्रदर्शन किया था और इसलिए उनसे काफी उम्मीद की जा रही थी, लेकिन पेरिस ओलंपिक में कोई भी भारतीय मुक्केबाज पदक नहीं जीत पाया। भारत ने अभी तक ओलंपिक खेलों की मुक्केबाजी में तीन कांस्य पदक जीते हैं। यह पदक विजेंदर सिंह (2008), एमसी मैरीकॉम (2012) और लवलीना बोरगोहेन (2021) ने हासिल किए हैं और इस साल इसमें कुछ नए नाम जुड़ने की उम्मीद थी।

निशांत देव दुर्भाग्य से ओलंपिक पदक से चूक गए, लेकिन निकहत जरीन और लवलीना ने निराश किया जबकि इन्हें पदक का प्रबल दावेदार माना जा रहा था। रिंग से इतर भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) की लापरवाही के कारण भारत ने एक ओलंपिक कोटा भी गंवाया। विश्व स्तर की बात करें तो मुक्केबाजी के शीर्ष अधिकारी इस खेल को ओलंपिक में बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।


निकहत जरीन

भारत को पहले विश्व क्वालिफाइंग टूर्नामेंट में निराशा हाथ लगी और उसके 9 मुक्केबाजों में से कोई भी ओलंपिक कोटा हासिल नहीं कर पाया। इसके बाद हाई परफार्मेंस निदेशक बर्नार्ड डन को अपना पद छोड़ना पड़ा।

केवल हार ही परेशान करने वाली नहीं थी बल्कि जिस तरह से भारतीय मुक्केबाज बाहर हुए वह चिंता का विषय था। भारत के अधिकतर मुक्केबाज नॉकआउट में बाहर हुए।

भारतीय मुक्केबाजी की निराशा तब और बढ़ गई जब महिलाओं के 57 किग्रा भार वर्ग में परवीन हुड्डा को अपना ओलंपिक कोटा गंवाना पड़ा। यह मुक्केबाज अपना ठिकाना बताने में नाकाम रही जिसके लिए विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने उन्हें 22 महीने के लिए निलंबित कर दिया।

## स्पोर्ट्स विंडो

### अमेरिकी ओपन के युगल चैंपियन पर्सेल डोपिंग के कारण निलंबित

मेलबोर्न। दो बार के ग्रैंड स्लैम विजेता युगल खिलाड़ी मैक्स पर्सेल को टेनिस के डोपिंग रोधी नियमों का उल्लंघन करने के कारण अस्थाई तौर पर निलंबित किया गया है। अंतरराष्ट्रीय टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी ने सोमवार को एक बयान में कहा कि ऑस्ट्रेलिया के इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने टेनिस के डोपिंग रोधी नियमों के अनुच्छेद 2.2 का उल्लंघन करने की बात स्वीकार की है, जो प्रतिबंधित तरीके से दवा लेने से संबंधित है। पर्सेल ने भी इंस्टाग्राम पर एक बयान पोस्ट किया जिसमें कहा गया है कि उन्होंने अनजाने में 100 मिलीलीटर की स्वीकार्य सीमा से अधिक विटामिन का इंजेक्शन लिया था।



### भारत में रग्बी प्रीमियर लीग का होगा अगले साल आगाज

नई दिल्ली। 'रग्बी इंडिया' ने अगले साल से छह फ्रेंचाइजी-आधारित टीमों के साथ रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) शुरू करने की घोषणा की। देश में रग्बी की नियामक संस्था ने इस लीग के लिए जीएमआर स्पोर्ट्स के साथ 10 साल की रणनीतिक साझेदारी की है। यह दुनिया की पहली फ्रेंचाइजी-आधारित रग्बी लीग होगी। आरपीएल भारत के साथ दुनिया भर के रग्बी देशों के शीर्ष खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा और कौशल दिखाने का एक मंच होगा। इसमें छह फ्रेंचाइजी टीमें छह शहरों से जुड़ी होंगी। रग्बी इंडिया के अध्यक्ष राहुल बोस ने कहा, '' रग्बी प्रीमियर लीग भारत में रग्बी के लिए बड़ा बदलाव लाने का काम करेगी। 'वर्ल्ड रग्बी' के समर्थन और जीएमआर स्पोर्ट्स की विशेषज्ञता के साथ हम एक ऐसी लीग पेश करने के लिए तैयार हैं जो बेहतरीन प्रतिभा और व्यावसायिकता का प्रदर्शन करेगी।'' उन्होंने कहा, ''प्रशंसक इस लीग में विश्व स्तरीय रग्बी का लुत्फ उठा सकेंगे और यह युवा प्रतिभा को प्रेरित भी करेगा।''

### दिल्ली सरकार से निराश तानिया

नई दिल्ली। ओलंपियाड स्वर्ण विजेता भारतीय शतरंज खिलाड़ी तानिया सचदेव ने दिल्ली सरकार से 'मान्यता नहीं मिलने' पर दुख जताया, जिसके बाद मुख्यमंत्री आतिशी ने इस मामले पर 'विचार और सुझाव' के लिए उनसे संपर्क किया। राष्ट्रीय राजधानी में रहने वाली 38 वर्षीय अर्जुन पुरस्कार विजेता तानिया ने कहा कि दिल्ली सरकार ने अभी तक उनकी उपलब्धियों को मान्यता नहीं दी है।



### वीर अहलावत ने टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप खिताब जीता



जमशेदपुर। गुरुग्राम के गोल्फर वीर अहलावत ने सात अंडर 64 का का शानदार कार्ड खेलने के बाद अमरदीप मलिका के खिलाफ प्लेऑफ में जीत दर्ज कर सत्र का अंतिम टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप 2024 खिताब अपने नाम किया। अहलावत (67-68-68-64) 2024 पीजीटीआई सत्र के अंतिम टूर्नामेंट से पहले टाटा स्टील पीजीटीआई रैंकिंग में नंबर एक स्थान पक्का कर चुके हैं। उन्होंने मलिका (67-64-71-65) पर दूसरे प्लेऑफ होल में जीत हासिल की। इससे पहले दोनों खिलाड़ी 72 होल के बाद 17 अंडर 267 के कुल स्कोर से बराबरी पर थे। श्रीलंका के एन थांगाराजा (67) 16 अंडर 268 के साथ तीसरे स्थान पर रहे। दो बार के टूर चैंपियनशिप विजेता गगनजीत भुल्लर (69) 9वें स्थान पर रहे।

## महिला क्रिकेट

### भारतीय महिला क्रिकेट टीम का तीन मैचों की सीरीज का दूसरा वनडे आज

# वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज जीतने उतरेंगी बेटियां

एजेंसी, वडोदरा

रनों के लिहाज से अपनी सबसे बड़ी जीत में से एक दर्ज करने के बाद आत्मविश्वास से भरी भारतीय महिला क्रिकेट टीम मंगलवार को यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में आत्ममुग्धता से बचकर सीरीज अपने नाम करने के इरादे से उतरेगी।

हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने पहले एकदिवसीय में सभी विभाग में अच्छा प्रदर्शन करते हुए 211 रन की शानदार जीत दर्ज की।

आगामी महीनों में भारतीय टीम के सभी मुकाबले महत्वपूर्ण होंगे, क्योंकि अगले साल देश में आईसीसी विश्व कप का आयोजन होना है। भारत अब तक महिलाओं का विश्व कप नहीं जीत पाया है और टीम स्वदेश में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के खिताब के सूखे को खत्म करने को बेताब होगी। मेजबान टीम को पता है कि आईसीसी विश्व कप में अगर उसे ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के साथ प्रबल दावेदार के रूप में उतरना है तो इसके लिए पुख्ता तैयारी की जरूरत होगी।

नए सत्र की भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसे ऑस्ट्रेलिया में 0-3 से क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा। टीम ने हालांकि ऑस्ट्रेलिया की तुलना में कहीं कमजोर टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ वापसी करते हुए 2-1 से टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज जीती और फिर एकदिवसीय सीरीज में भी जीत से शुरुआत की।


फाइल फोटो

वेस्टइंडीज को हराकर सबसे छोटे प्रारूप में भारतीय टीम ने घरेलू सरजमीं पर पांच साल में पहली सीरीज जीती। भारतीय टीम पिछले टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाने के नाकाम रही थी और इसे देखते हुए टीम को इस बार पुख्ता तैयारी करनी होगी।

यूएई में खराब प्रदर्शन के बाद टीम विभिन्न संयोजन के साथ प्रयोग कर रही है और टिटास साधु, प्रिया मिश्रा और प्रतिका रावल सहित सात खिलाड़ियों को पदार्पण का मौका दे चुकी है। अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेलते हुए दिल्ली की प्रतिका ने पहले एकदिवसीय में 69 गेंद में 40 रन की पारी खेलने के अलावा उपकप्तान स्मृति मंधाना के साथ पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी करके छाप छोड़ी। सीरीज के पहले मैच से पूर्व भारत के लिए एकमात्र चिंता हरमनप्रीत की फिटनेस थी, जो घुटने में चोट के कारण अंतिम दो टी-20 अंतरराष्ट्रीय में नहीं खेल पाई थी। कप्तान ने हालांकि कुछ आकर्षक शॉट खेलने के अलावा विकेटों के बीच अच्छी गति से दौड़कर सभी चिंताओं पर विराम लगा दिया।

हरमनप्रीत की गैर-मौजूदगी में भारतीय टीम की अगुवाई करने वाली मंधाना ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में लगातार तीन अर्धशतक जड़ने के बाद पहले एकदिवसीय में 102 गेंद में 91 रन बनाकर भारत के बड़े स्कोर की नींव रखी। बाएं हाथ की यह बल्लेबाजी इस लय को बरकरार रखना चाहेगी।

पांच विकेट चटकाकर पहले एकदिवसीय मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रही रेणुका सिंह का आत्मविश्वास बढ़ा हुआ होगा और वह एक बार फिर नई गेंद से वेस्टइंडीज के शीर्ष क्रम को ध्वस्त करने के इरादे से उतरेंगी।

जहां तक वेस्टइंडीज का सवाल है तो मेहमान टीम को अपने खेल के स्तर को ऊपर उठना होगा और हेली मैथ्यूज, डिएंड्रा डोटिन, शेमाइन कैंपबेल और एफी फ्लेचर जैसी अनुभवी खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा।



**40 रनों की पारी खेलकर प्रतिका रावल ने पहले वनडे में छोड़ी छाप**

मैच : दोपहर 1.30 बजे से

**संभावित टीमें**

**भारत।** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, प्रतिका रावल, जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देओल, रिचा घोष, उमा छेत्री, तेजल हसबनिस, दीप्ति शर्मा, मीनू मनि, प्रिया मिश्रा, तनुजा कंवर, टिटास साधु, साइमा ठाकोर और रेणुका सिंह ठाकुर में से।

**वेस्टइंडीज।** हेली मैथ्यूज (कप्तान), शेमाइन कैंपबेल, आलिया एलेन, शमिलिया कॉनेल, नेरिसा क्राफ्टन, डिएंड्रा डोटिन, एफी फ्लेचर, शबिका गजनबी, चिनेल हेनरी, जायदा जेम्स, कियाना जोसेफ, मैंडी मंगरू, अश्मिनी मुनिसर, करिश्मा रामहरक और राशदा विलियम्स में से।

### टीम का गेंदबाजी आक्रमण मजबूत नहीं : पुजारा

मेलबोर्न। चेतेश्वर पुजारा ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया का दौरा कर रही भारतीय टीम का गेंदबाजी आक्रमण उतना मजबूत नहीं है जो वह एक टेस्ट मैच में 20 विकेट ले सके तथा यह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के अंतिम दो मैच में टीम के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय होगा।



भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैच की सीरीज अभी 1-1 से बराबर है। भारत अभी तक गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह पर बहुत अधिक निर्भर रहा है। उन्होंने लाल और गुलाबी गेंद से अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन उन्हें दूसरे छोर से पर्याप्त सहयोग नहीं मिल पा रहा है।

पुजारा ने कहा, ''मेरा सबसे बड़ा सवाल और थोड़ी चिंता का कारण यह है कि भारतीय गेंदबाजी थोड़ी कमजोर दिख रही है।''

उन्होंने कहा, ''बल्लेबाजी थोड़ी बेहतर है, भले ही चोटी के पांच बल्लेबाज अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं लेकिन मध्यक्रम और निचले मध्यक्रम के बल्लेबाज जैसे कि रवींद्र जडेजा और नीतीश रेड्डी तथा यहां तक कि बुमराह और आकाशदीप भी बल्ले से अपना योगदान दे रहे हैं।''

# रविचंद्रन अश्विन की जगह तनुष कोटियान भारतीय टीम में शामिल

एजेंसी, मेलबोर्न

मुंबई के आफ स्पिनर तनुष कोटियान को हाल ही में क्रिकेट को अलविदा कहने वाले रविचंद्रन अश्विन की जगह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले दो टेस्ट के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है।



समझा जाता है कि भारत-ए दौरे का हिस्सा रहे 26 वर्ष के कोटियान को वॉशिंगटन सुंदर के कवर के तौर पर टीम में रखा गया है। बोर्ड के एक सूत्र ने बताया, '' कोटियान को सुरक्षा कवर के तौर पर टीम में रखा गया है। अगर वॉशिंगटन या जड्डू (रविंद्र जडेजा) को चोट लगती है तो ही उन्हें खेलने का मौका मिलेगा।''

अहमदाबाद में विजय हजारे ट्रॉफी खेल रहे कोटियान मंगलवार को मुंबई से रवाना होंगे और बॉक्सिंग-डे टेस्ट से पहले मेलबोर्न पहुंच जाएंगे। उन्होंने हैदराबाद के खिलाफ विजय हजारे मैच में मुंबई के लिए नाबाद 39 रन बनाए और दो विकेट लिए। उन्होंने एमसीजी पर भारत-ए के लिए 8वें नंबर पर उतरकर 44 रन बनाए थे।

वैसे सूत्रों के अनुसार अक्षर पटेल को ऑस्ट्रेलिया जाना था, लेकिन उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी के पहले दो मैचों के बाद पारिवारिक व्यस्तताओं के कारण ब्रेक मांगा है।

### वेंकट दत्ता के साथ शादी के बंधन में बंधी पीवी सिंधू



उदयपुर। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने अपने जीवन में नए सफर की शुरुआत की जब वह यहां एक निजी समारोह में उद्यमी वेंकट दत्ता साई के साथ शादी के बंधन में बंध गईं।

रियो ओलंपिक 2016 में कांस्य और तीन साल पहले तोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाली सिंधू ने रविवार को एक पारंपरिक समारोह में पोसिडेक्स टेक्नोलॉजीस के कार्यकारी निदेशक दत्ता से विवाह किया।

# पाकिस्तान ने वनडे सीरीज में दक्षिण अफ्रीका का किया 'सूपड़ा' साफ

एजेंसी, जोहान्सबर्ग

सलामी बल्लेबाज सैम अयूब के शतक की मदद से पाकिस्तान ने तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका को डकवर्थ लुईस पद्धति से 36 रन से हराकर तीन मैच की सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। अयूब ने 94 गेंद पर 101 रन बनाए, जिससे पाकिस्तान ने बारिश के कारण 47 ओवर का कर दिए गए मैच में नौ विकेट पर 308 रन बनाए।

दक्षिण अफ्रीका के सामने डकवर्थ लुईस पद्धति से 308 रन का लक्ष्य रखा गया, लेकिन उसकी टीम 42 ओवर में 271 रन बनाकर आउट हो गई। पाकिस्तान ने टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज



अब्दुल्ला शफीक का विकेट पहले ओवर में ही गंवा दिया। अयूब ने इसके बाद बाबर आजम (52) के साथ दूसरे विकेट के लिए 114 रन और कप्तान मोहम्मद रिजवान (53) के साथ तीसरे विकेट के लिए 93 रन की दो महत्वपूर्ण साझेदारियां की।

## बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी

### टीम इंडिया ने सोमवार को अभ्यास नहीं करने का फैसला किया

# भारत 'इस्तेमाल' की हुई अभ्यास पिचों से नाखुश

एजेंसी, मेलबोर्न

भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच से पूर्व अभ्यास पिचों पर असंतोष जताया और रोहित शर्मा के घुटने पर लगी चोट के लिए पिच के असमान उछाल को जिम्मेदार ठहराया है, लेकिन मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) के क्यूरेटर मैट पेज ने पिचों का बचाव करते हुए कहा कि इसमें 'मानक प्रोटोकॉल' का पालन किया गया।

सहायक स्टाफ के सदस्य दयानंद गरानी के थ्रोडाउन को खेलने की कोशिश करते हुए रोहित के बाएं घुटने में सूजन आ गई और उन्होंने इसके बाद रविवार को नेट पर अभ्यास नहीं किया। टीम ने सोमवार को अभ्यास नहीं करने का फैसला किया।

पता चला कि रात को कप्तान के पैर की सूजन पर बर्फ लगानी पड़ी और टीम के 'थिंक टैंक' ने इसके लिए पिच के असमान उछाल को जिम्मेदार ठहराया।


फाइल फोटो

भारतीय टीम ने दो महीने पहले अपना ट्रेनिंग कार्यक्रम भेजा था, लेकिन एमसीजी क्यूरेटर टेस्ट मैच से तीन दिन पहले ही नई अभ्यास पिच देने की मानक संचालन प्रक्रिया पर अड़े रहे। चौथा टेस्ट 26 दिसंबर से शुरू होगा।

भारत को मुख्य पिच जैसी पिच क्यों नहीं मिली, इस बारे में पेज ने संवाददाताओं से कहा, ''हम तीन दिन पहले यहां पिच तैयार करते हैं। अगर टीम उससे पहले आकर खेलती है तो उन्हें वही पिचें मिलेंगी जो हमारे पास उपलब्ध हैं।''

इस कदम का बचाव करते हुए पेज ने कहा, ''इसलिए आज हम नई पिचों पर हैं। अगर हमें आज सुबह खेलना होता तो वे उन नई पिचों पर खेलते। हमारे लिए तीन दिन पहले की मानक प्र/, या है। हम अपनी पिचें बनाते हैं जो हमें अपने टेस्ट मैच के लिए चाहिए होती हैं।'' जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें भारतीय कार्यक्रम की जानकारी थी और क्या भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) को जानकारी दी थ, तो उन्होंने सकारात्मक जवाब दिया।

पेज ने बताया, ''हां, उन्होंने हमें कार्यक्रम दिया था। सीए और भारतीय बोर्ड के बीच पत्राचार हुआ है और उनमें क्या बात हुई मुझे नहीं पता।''

एमसीजी में पर्थ की तरह उछाल या गाबा की तरह सीम मूवमेंट नहीं होगी लेकिन फिर भी छह मिमी घास के कारण पिच तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल होगी।

### बुमराह से निपटने के लिए कोंस्टास ने तैयार की रणनीति

मेलबोर्न। ऑस्ट्रेलिया के सैम कोंस्टास के लिए कुछ साल पहले तक क्रिसमस की पूर्व संध्या का मतलब घर के पिछवाड़े में अपने भाई के साथ क्रिकेट खेलना होता था, लेकिन अब यह 19 वर्षीय बल्लेबाज भारत के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच के लिए दुनिया के सबसे घातक गेंदबाज जसप्रीत बुमराह से निपटने की रणनीति बना रहा है।



कोंस्टास ने कहा, ''मैंने बुमराह से निपटने के लिए रणनीति तैयार कर ली है, लेकिन यह अभी उसका खुलासा नहीं करूंगा। मैं गेंदबाजों पर दबाव बनाने की कोशिश करूंगा।''

कोंस्टास को नाथन मैकस्वीनी की जगह ऑस्ट्रेलिया की टीम में शामिल किया गया है।